ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 25° C

मुरादाबाद, सोमवार 4 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 258 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 16 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी ने बनाया 9 साल में 9 लाख से अधिक नौकरी देने का रिकॉर्ड: योगी पेज 2



लक्ष्मी मित्तल ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी को 15,660 करोड़ में खरीदा खेल टाइम्स



महाशक्ति के पतन का कारण मासूमों की शहादत सम्पादकीय



अमेरिका की नाक के नीचे से निकला ईरानी सुपरटैंकर पेज 12

# ट्रम्प के पास दो ही विकल्प, ईरान के साथ समझौता करें या फिर युद्ध: आईआरजीसी



**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि मौजूदा पश्चिम एशियाई तनाव में अमेरिका की रणनीतिक स्थिति तेजी से सीमित होती जा रही है और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने विकल्प अब बेहद कम रह गए हैं।

आईआरजीसी की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि ईरान ने अमेरिकी रक्षा प्रतिष्ठान के लिए नाकेबंदी को लेकर एक स्पष्ट समयसीमा तय कर दी है, जबकि चीन, रूस और यूरोप का रुख भी कथित तौर पर अमेरिका के खिलाफ अधिक कठोर होता दिख रहा है। बयान में ट्रम्प के कांग्रेस को भेजे गए पत्र को निष्क्रिय बताया गया और इसे ईरान की वार्ता शर्तों की स्वीकारोक्ति के संकेत के रूप में प्रस्तुत किया गया। आईआरजीसी के दावे के मुताबिक स्थिति को समझने का केवल यही तरीका है कि ट्रम्प अब या तो एक असंभव सैन्य अभियान शुरू करें या ईरान की शर्तों पर समझौता कर लें। बयान में यह भी कहा गया कि अमेरिकी निर्णय- निर्माण की गुंजाइश लगातार सिमट रही है। उल्लेखनीय है कि ईरान ने अमेरिका के साथ चल रहे टकराव को खत्म करने के उद्देश्य से एक नया प्रस्ताव पेश किया है।

## ईरान में नया कानून लाने की तैयारी, इजरायल के जहाजों को होर्मुज से गुजरने पर होगी पूर्ण पाबंदी

**तेहरान।** होर्मुज स्ट्रेट पर अपना नियंत्रण और कड़ा करने की योजना के तहत ईरानी सांसदों ने एक नया प्रस्ताव पेश किया है। इस योजना के अनुसार, इजरायली जहाजों के इस महत्वपूर्ण समुद्री गलियारे से गुजरने पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा, जबकि अमेरिकी जहाजों को केवल तभी अनुमति दी जाएगी जब वे युद्ध के दौरान हुए सभी नुकसानों की भरपाई करेंगे। ईरानी संसद के प्रथम उपाध्यक्ष अली निकजाद ने 12-सूत्रीय मसौदा योजना का विवरण देते हुए कहा कि यह नया नियम इजरायली जहाजों को 'किसी भी समय' स्ट्रेट से गुजरने से रोकेगा। उन्होंने कहा कि ईरान द्वारा 'शत्रु देश' के रूप में वर्णित देशों के जहाजों को केवल तभी जाने की अनुमति दी जाएगी जब वे युद्ध क्षति के लिए मुआवजे का भुगतान करेंगे। उपाध्यक्ष ने हालांकि इजरायल के अलावा अन्य देशों के नाम नहीं लिया, लेकिन ईरानी अधिकारी अक्सर अमेरिका और उसके कुछ क्षेत्रीय सहयोगियों, विशेष रूप से खाड़ी देशों के लिए इसी तरह की भाषा का उपयोग करते रहे हैं। ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल के युद्ध को दो महीने बीत चुके हैं और यह समुद्री मार्ग, जो कुल वैश्विक तेल प्रवाह के लगभग 20 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है, फिलहाल बंद है।

## होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना देंगे: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सीनियर अधिकारी मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। मोहसिन रजाई पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) में कमांडर रह चुके हैं। उन्होंने अमेरिकी सेना को समुद्री लुटेरा (पाइरेट) बताते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया का इकलौता ऐसा पाइरेट है, जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं। रजाई ने पिछले महीने इस्फहान में एक अमेरिकी एफ-15ई विमान गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का भी अंजाम हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत के लिए एलपीजी लेकर आ रहे टैंकर ने होर्मुज स्ट्रेट पार किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने बताया है कि भारत के लिए 46 हजार 313 टन एलपीजी लेकर आ रहे मार्शल आईलैंड के एक गैस टैंकर सर्व शक्ति ने शनिवार को सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर लिया और इसके 13 मई को विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर ऊर्जा तथा अन्य क्षेत्रों की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए रविवार को जारी वक्तव्य में कहा कि इस गैस टैंकर पर 18 भारतीय नाविक भी सवार हैं और वे सभी सुरक्षित हैं। वक्तव्य में कहा गया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति के कारण एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित है।

### चलती फ्लाइट से इमरजेंसी गेट से बाहर कूदा यात्री

**चेन्नई।** रविवार तड़के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस वक्त भारी दहशत फैल गई, जब एक यात्री ने चलती फ्लाइट का आपातकालीन दरवाजा अचानक खोल दिया और बाहर छलांग लगा दी। शारजाह से चेन्नई पहुंची एयर अरेबिया की इस फ्लाइट में 231 यात्री सवार थे। इस दुस्साहसिक और खतरनाक हरकत के कारण विमान में बैठे बाकी यात्रियों की जान हलक में आ गई। घटना के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाला और एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया। यह खौफनाक घटना तब घटी जब विमान लैंडिंग के बाद मुख्य रनवे से हटकर टैक्सीवे पर धीमी गति से आगे बढ़ रहा था। तभी अचानक 34 साल के एक पुरुष यात्री ने इमरजेंसी गेट खोला और चलती फ्लाइट से नीचे कूद गया।

### दिल्ली में ट्रैफिक नियम तोड़ना अब जोखिम भरा

**नई दिल्ली।** राजधानी में ट्रैफिक नियम तोड़ना अब महंगा ही नहीं, जोखिम भरा साबित होगा। सरकार की नई सख्त व्यवस्था के तहत चालान का निपटारा 45 दिन में करना अनिवार्य होगा, वरना न सिर्फ अतिरिक्त कार्रवाई झेलनी पड़ेगी, बल्कि वाहन और लाइसेंस से जुड़े काम भी रुक सकते हैं। बार-बार नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस सस्पेंड करने की नई व्यवस्था की गई है, जबकि कोर्ट जाने से पहले चालान का आधा पैसा जमा करना अनिवार्य कर दिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि अब चालान से बचना मुश्किल होगा और तय समय में उसका भुगतान या चुनौती देना जरूरी होगा।

### 'विश्वकर्मा' श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि श्रमिक राष्ट्र के 'विश्वकर्मा' हैं और उनके कल्याण, सुरक्षा तथा सम्मान को सुनिश्चित करना पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डा. मांडविया ने कहा कि देश के निर्माण और विकास में श्रमिकों की भूमिका सबसे अहम है, इसलिए सरकार उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# दिल्ली: चार मंजिला इमारत में लगी आग, नौ की मौत

## मृतकों में डेढ़ साल का एक बच्चा भी शामिल, 15 लोग बचाए गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा इलाके के विवेक विहार में एक चार मंजिला बिल्डिंग में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। इनमें 4 पुरुष, 4 महिलाएं और एक डेढ़ साल का बच्चा शामिल है।

दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, उन्हें सुबह करीब 3.47 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। 4 घंटों की मशक्कत के बाद सुबह करीब 8 बजे आग पर काबू पाया गया। बिल्डिंग के अंदर फंसे 10 से 15 लोगों को बचाया गया। इनमें दो लोग घायल हुए हैं। मृतकों के शव बिल्डिंग के अलग-अलग फ्लोर से बरामद किए गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि कुछ शव इतनी बुरी तरह जल चुके हैं कि सिर्फ कंकाल बचा है। डीएनए टेस्ट के बाद ही मृतकों का पता चल पाएगा। शुरुआती जांच में एसी में धमाके के बाद आग फैलने की बात सामने आ रही है। फिलहाल अधिकारियों ने पुष्टि नहीं की है। इधर, मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये दिए जाएंगे। वहीं, घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद मिलेगी। बिल्डिंग में हर फ्लोर पर दो 4 बीएचके, कुल 8 फ्लैट हैं। इनमें 6 में आग लगी। आग की लपटें दूसरे फ्लोर से तीसरे और फिर चौथे फ्लोर तक पहुंच गई। आग इतनी भयावह थी कि बिल्डिंग के पीछे का पूरा हिस्सा धुएं से काला हो गया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, बिल्डिंग के पहले -शेष पृष्ठ दो पर



- **एसी ब्लास्ट की आशंका जताई गई**
- **मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद मिलेगी**

# दिल्ली की आईएएस एकेडमी की डायरेक्टर का अपहरण

## भोपाल में 4 घंटे बंधक बनाया, पिस्टल सटाकर दो करोड़ वसूले

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **विदेश भागने वाला था मास्टरमाइंड**

**नई दिल्ली/भोपाल।** भोपाल में 9 बदमाशों द्वारा बुधवार दोपहर आईएएस एकेडमी की डायरेक्टर किडनैप केस का खुलासा हो गया है। डायरेक्टर को 4 घंटे बंधक बनाकर रखा। कनपटी पर पिस्टल सटाकर करीब एक करोड़ 89 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए।

वारदात के बाद मास्टरमाइंड प्रियंक शर्मा विदेश भागने की तैयारी में था, लेकिन रविवार को भोपाल एम्स से पकड़ा गया। मास्टरमाइंड के साथ 5 सहयोगी भी पकड़े गए हैं, जबकि 3 आरोपी फरार हैं। क्राइम ब्रांच पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, वारदात को अंजाम देने वाला कोई बाहरी नहीं, बल्कि उसी संस्थान की फ्रेंचाइजी चलाने वाला युवक है। आरोपी भेल के एक रिटायर्ड अधिकारी का बेटा है। वह पहले दिल्ली में रहकर आईएएस कोचिंग के जरिये यूपीएससी की तैयारी कर चुका है। डायरेक्टर शुभ्रा रंजन के मुताबिक आरोपी ने भोपाल में कोचिंग की दूसरी ब्रांच खोलने और उस जगह का निरीक्षण कराने के बहाने उन्हें बुलाया। वह दिल्ली से भोपाल आई थीं। वह शहर के एक नामी होटल ताज में ठहरी थीं। बुधवार को आरोपी प्रियंक शर्मा उन्हें होटल से 2-3 बजे के करीब अपने साथ ले गया। इसके बाद बागसेवनिया इलाके के एक फ्लैट में ले जाकर बंधक बना लिया। जान से मारने की धमकी दी। कनपटी पर पिस्टल रखी। जान बख्शने के एवज में अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कराए गए। पहले नंबर -शेष पृष्ठ दो पर



आरोपी- प्रियंक, रोहित और दीपक

# पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आज

- **बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल व असम में सुबह आठ बजे शुरू होगी मतगणना**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी विधानसभाओं तथा विभिन्न राज्यों के आठ विधानसभा क्षेत्रों के उप चुनावों की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार (आज) सुबह आठ बजे शुरू होगी।

पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में पुनर्मतदान कराए जाने के चुनाव आयोग के निर्णय के अनुसार वहां 21 मई को फिर मतदान कराया जाएगा। राज्य की शेष 243 सीटों के चुनावों की मतगणना सोमवार सुबह आठ बजे शुरू होगी। सभी राज्यों में शुरुआती आधे घंटे में पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना होगी। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से की जा रही मतगणना पूरी होने से पहले पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना हर हाल में पूरी कर ली जाएगी। सोमवार रात तक सभी राज्यों के चुनावों के नतीजे आ जाने की उम्मीद है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार पांचों राज्यों में मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राष्ट्रव्यापी बहस के बीच पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा के चुनावों में मतदाताओं ने मतदान में बढ़चढ़कर भागीदारी की। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आजादी के बाद मतदान- प्रतिशत के नये रिकॉर्ड बने। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में हुए चुनाव में मतदान का कुल प्रतिशत -शेष पृष्ठ दो पर



श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के मादक पदार्थों के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाए गए 'नशा मुक्त अभियान' के दौरान लोक कलाकार ।

## विदेशी स्रोतों से धन लेने का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने श्रीनगर के एक निवासी को पाकिस्तान और विदेशी स्रोतों से 18 करोड़ रुपये की धनराशि हासिल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि वह आईएसआई के लिए काम कर रहा था या पाकिस्तान के लिए जासूसी में शामिल था। श्रीनगर का आसिफ शफी अहंगर से भारत की खुफिया एजेंसियों आरएडब्ल्यू और आईबी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पूछताछ की।

# देश का सबसे बड़ा प्राइवेट सैटेलाइट 'दृष्टि' लॉन्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार्टअप गैलेक्सआई ने रविवार को अमेरिकी कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से अपना पहला सैटेलाइट 'दृष्टि' लॉन्च किया। 190 किलो वजन के साथ दृष्टि भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सैटेलाइट है।

दृष्टि सैटेलाइट एक साथ ऑप्टिकल और रडार (एसएआर) दोनों से फोटो ले सकता है। अब तक दुनिया के सैटेलाइट या तो मल्टी -स्पेक्ट्रल/हाइपर-स्पेक्ट्रल (ऑप्टिकल) इमेज लेते थे या एसएआर तकनीक का इस्तेमाल करते थे। ऑप्टिकल इमेज साफ और समझने में आसान होती हैं। एसएआर यानी सिंथेटिक अपर्चर रडार तकनीक बादलों, बारिश या रात में भी इमेजिंग कर सकती है। गैलेक्सआई ने टेक्नोलॉजी को ओटीओ-एसएआर नाम दिया है। दृष्टि रक्षा, खेती, डिजास्टर मैनेजमेंट, समुद्री निगरानी और इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग जैसे कामों में मदद करेगा। यह सैटेलाइट इसरो के 29 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट्स का साथ देगा। पीएम मोदी ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर गैलेक्सआई को बधाई दी। कंपनी के संस्थापक सुयश सिंह के मुताबिक,पहले बेहतर जानकारी के लिए अलग-अलग सैटेलाइट का डेटा जोड़ना पड़ता था। इससे अलग-अलग समय और एंगल की तस्वीरों का मेल नहीं बैठता था। 'दृष्टि' एक ही समय में एक ही जगह की सटीक तस्वीर देगा। उन्होंने बताया कि खराब मौसम में ऑप्टिकल इमेज नहीं मिलने पर कंपनी एआई से एसएआर डेटा को ऑप्टिकल जैसी तस्वीरों में बदल सकती है। इससे हर मौसम और हर समय इमेजिंग संभव होगी। यह तकनीक पहले इसलिए विकसित नहीं हुई क्योंकि ज्यादातर सैटेलाइट कंपनियां पश्चिमी देशों में हैं, जहां मौसम साफ रहता है।



- **ऑप्टिकल और रडार दोनों से फोटो ले सकता है, ऐसा करने वाला दुनिया का पहला उपग्रह दृष्टि**

# राजस्थान में आंधी-बारिश से 3 की मौत, यूपी में ओले गिरे

- **देहरादून में दिन में अंधेरा छाया, तेज बारिश हुई**

**नई दिल्ली।** यूपी, बिहार, हरियाणा और उत्तराखंड समेत देश के कई राज्यों में रविवार को बारिश हुई। राजस्थान के जयपुर और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

शनिवार को जयपुर, टोंक और अजमेर में 3 लोगों की आंधी-बारिश से मौत हो गई थी। उत्तराखंड के देहरादून में सुबह से तेज बारिश हो रही है। बारिश से पहले पूरा शहर काले घने बादलों से घिर गया। इससे दिन में शाम जैसा माहौल हो गया। हरियाणा के अंबाला में भी बारिश हुई, जिससे कई कालोनियों में पानी भर गया है। देश के कई शहरों में अब भी हीटवेव की स्थिति है। सोमवार को जम्मू- कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, हिमाचल, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और केरलम में बारिश होगी।

# बाग मालिक और शुगर मिल को नोटिस

## गर्म राख प्रकरण में कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गर्म राख से बच्चों के झुलसने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। एसडीएम सदर रितु रानी के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने बिजनौर-झालू मार्ग पर स्थित उस बाग का निरीक्षण किया, जहां गर्म राख पड़ी हुई थी।

इसके बाद अधिकारी बिजनौर शुगर मिल पहुंचे और मिल अधिकारियों से पूछताछ की। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बिजनौर शुगर मिल को और तहसील प्रशासन की ओर से बाग मालिक को नोटिस जारी किया जाएगा। यह घटना शुक्रवार को बिजनौर-झालू मार्ग पर स्थित एक आम के बाग के पास हुई थी।

गर्म राख की चपेट में आने से उजैद, साहिल, इशान और दिलशाद नामक चार किशोर गंभीर रूप से झुलस गए। बताया गया कि बच्चे आंधी में गिरे आम लेने के लिए बाग में गए थे। आरोप है कि बाग के रखवाले द्वारा डांटे जाने पर वे भागे और इसी दौरान गर्म राख की चपेट में आ गए। एसडीएम सदर रितु रानी के साथ क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी गिरीश कुमार, एफएसओ दीपक कुमार, सहायक निदेशक कारखाना सुरेंद्र कुमार, तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना और आपदा विशेषज्ञ प्रशांत कुमार ने घटनास्थल का दौरा किया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी ने मौके से राख के नमूने एकत्र किए। अधिकारियों ने बाग के रखवाले से बाग मालिक का नाम पूछा और मौके की गहन जांच पड़ताल की। जांच के बाद सभी अधिकारी बिजनौर शुगर मिल पहुंचे और मिल प्रबंधन से गर्म राख के निस्तारण से संबंधित जानकारी मांगी। एसडीएम सदर रितु रानी ने बताया कि तहसील प्रशासन की ओर से बाग मालिक को नोटिस भेजा जा रहा है। साथ ही, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बिजनौर शुगर मिल को भी नोटिस दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस किसी ने भी यहां गर्म राख डाली है, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

## बाइक मिलने से बढ़ी चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एक युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। युवक की बाइक ग्राम पुरैनी के पास लावारिस हालत में मिलने से परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शेरपुर कलिया निवासी 34 वर्षीय भूपेंद्र पुत्र श्याम सिंह का शनिवार सुबह अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर मामूली विवाद हो गया था। इसके बाद वह नाराज होकर घर से निकल गया और रानीबाग कॉलोनी स्थित अपनी दुकान पर चला गया। परिजनों के मुताबिक शाम तक जब वह वापस घर नहीं लौटा तो उन्हें चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की।

काफी खोजबीन के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं मिला। इसी दौरान उसकी बाइक ग्राम पुरैनी के पास खड़ी मिली, जिससे परिजनों की आशंका और गहरा गई। युवक के भाई ललित कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर मामले की जांच व जल्द बरामदगी की मांग की है। कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और युवक की तलाश के लिए पुलिस टीम जुट गई है। आसपास के क्षेत्रों में भी पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### मंडी कोटला से नल गायब



**चांदपुर।** मंडी कोटला के कुछ व्यापारियों एवं नागरिकों ने डीएम को भेजे शिकायती पत्र बताया कि मंडी कोटला भगवान शिव का प्राचीन मंदिर है। यहां एक पुराना कुआं था जिसे कुछ दबंगों के द्वारा पाटकर सरकारी नल लगवा दिया गया है। हिंदू धर्म में जहां कुआं होता है, उस स्थान पर धार्मिक अनुष्ठान किए जाते है। कुछ दिन पहले कुछ दबंगों द्वारा वहां से नल भी उखाड़ कर चबूतरा बना दिया गया। यहां कुछ मकान व व्यापारिक प्रतिष्ठान भी है तथा पीपल का लगभग सौ वर्ष पुराना वृक्ष भी है। नल से मंदिर की सेवा तथा पीपल वृक्ष की सेवा पानी से होती थी। अब यह सेवा भी बंद हो गई है। आसपास के नागरिक भी पानी की वजह से अब बेहद परेशान है। नागरिकों ने डीएम से महत्वपूर्ण व प्राचीन स्थल की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने तथा जनसमुदाय और गर्मी को देखते हुए वहां एक नल लगवाने का अनुरोध किया है।

### विश्व हास्य दिवस मनाया



**बिजनौर।** गोविंदा मॉनिंग क्लब ने इंदिरा पार्क में विश्व हास्य दिवस मनाया। इस अवसर पर ग्रुप के सभी सदस्य ठहाके लगाकर खूब हंसे। कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने बताया कि विश्व हास्य दिवस का आयोजन प्रथम बार वर्ष 1998 में 10 मई को भारत के मुंबई में किया गया था। इसका प्रारंभ डॉक्टर मदन कटारिया ने किया था, तब से यह प्रतिवर्ष मई माह के प्रथम रविवार को संपूर्ण विश्व में मनाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में तनावपूर्ण जीवन जी रहे लोगों के लिए हंसना बहुत ही जरूरी है। हंसी चाहे वास्तविक हो या काल्पनिक हो, उसका शरीर को लाभ बराबर मिलता है। इसलिए प्रतिदिन सभी को बिना कारण भी कुछ देर हंसना अवश्य चाहिए। इस अवसर पर राकेश शर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार, अरविन्द कुमार शर्मा, अशोक यादव, राजीव चौहान, दिनेश चौहान, सोरन सिंह परिहार, कमल वीर सिंह, अशोक कुमार अग्रवाल, आशाराम सिंह, राकेश रस्तौगी, शिव सिंह रावत पूर्व फौजी केपी सिंह उपस्थित रहे।

### पूर्व चेयरमैन ने थामा आसपा का दामन



**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) को पश्चिमी यूपी में बड़ी मजबूती मिली। नजीबाबाद के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अबरार आलम अंसारी और जलालाबाद के पूर्व चेयरमैन लियाकत अली अंसारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नॉर्थ एवेन्यू (दिल्ली) में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने दोनों नेताओं को पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। सदस्यता कार्यक्रम आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। पार्टी में शामिल होने के बाद दोनों नेताओं ने कहा कि वे चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में सामाजिक न्याय की लड़ाई को और मजबूत करेंगे। वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की आवाज को बुलंद करने के लिए पार्टी के साथ मिलकर काम करेंगे। इस मौके पर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। दोनों कद्दावर नेताओं के शामिल होने से नजीबाबाद और जलालाबाद क्षेत्र में आसपा को मजबूती मिलेगी।

### गाली-गलौच का वीडियो वायरल

**मंडावर।** कस्बे के एक मौहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने मौहल्ले के ही एक व्यक्ति पर शनिवार की रात हाथ में छूरा लेकर गाली-गलौच करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मौहल्ला कस्सावान निवासी दिलशाद ने थाने में दी तहरीर में बताया की मौहल्ले का ही इस्तेखार आए दिन मौहल्ले में गाली-गलौच करता है। शनिवार की रात उसने हाथ में छूरा लेकर उसे और उसके परिजनों को गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर छूरा बरामद करते हुए चलान कर दिया है। हाथ में छूरा लेकर गाली-गलौच करने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## प्राचीन शिव मंदिर में विशाल भंडारा



**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला नई बस्ती स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और चारों ओर जयकारों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालु अपने आराध्य के प्रति गहरी आस्था के साथ भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित कौशल किशोर कौशिक द्वारा कराई गई। जिसमें वर्धमान कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रप्रकाश आर्य एवं डॉ. संतोष कुमारी ने बाबा खाटू श्याम जी का भोग एवं आरती पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन शुरू हुआ जो देर तक चलता रहा। भंडारे के सफल आयोजन में पं. अस्माक कौशिक, वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र निरंकारी, रवि प्रकाश आर्य, अनिल सक्सेना, तनु सक्सेना, कु. छवि, दिव्या प्रजापति, शोभित जैन, मालती आदि का विशेष सहयोग रहा।

# युवती की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

## राहुल ने वारदात के बाद खुद को धारदार हथियार से घायल किया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** युवती की हत्या के आरोप में राहुल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल को शहर कोतवाली की रामलीला मैदान के पास स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी कशिश अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान आरोपी राहुल ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया, जिससे कशिश की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी राहुल ने उसी धारदार हथियार से खुद पर भी वार कर लिया, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया था। आरोपी ने वारदात में इस्तेमाल चाकू को अपने घर के पीछे कचरे में फेंक दिया था।

शहर कोतवाली थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना वाले दिन आरोपी युवती से मिलने उसके घर गया था, जहां किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आवेश में आकर राहुल ने कशिश पर चाकू से हमला कर दिया।

# दरोगा का युवक को थप्पड़ मारते वीडियो वायरल

## मंडावली चौकी इंचार्ज पर लगा पिटाई का आरोप, जांच शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना क्षेत्र से एक दरोगा का युवक को थप्पड़ मारते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। भागूवाला चौकी इंचार्ज संजय कुमार यादव पर आरोप है कि उन्होंने 12 सैकंड में युवक को छह थप्पड़ मारे।

वायरल वीडियो में दारोगा संजय कुमार यादव एक युवक को लगातार थप्पड़ मारते दिख रहे हैं। जबकि मौके पर कुछ अन्य लोग भी मौजूद हैं। यह वीडियो मौजूद लोगों में से ही किसी ने बनाया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना तब की है जब दारोगा संजय कुमार अपने चौकी क्षेत्र के एक ग्राम में गए थे। युवक पर एक दुकान से सामान चुराने का आरोप था, जिसके बाद दारोगा ने कथित तौर पर ग्रामीणों के सामने उसकी पिटाई की।

इस मामले में सीओ नजीबाबाद अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि वीडियो कुछ माह पुराना है, लेकिन अब वायरल हुआ है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय होगी।

पुलिस के मुताबिक, वीडियो कई माह पुराना बताया जा रहा है और इसमें पीड़ित का चेहरा भी स्पष्ट नहीं दिख रहा है। हालांकि, इस वायरल वीडियो को लेकर पुलिस महकमे और क्षेत्र में खूब चर्चा है।

# रोटरी क्लब ने श्रमिकों को किया सम्मानित





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रोटरी क्लब गंगा द्वारा आर्य समाज समाज विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम श्रमिक दिवस पर श्रमिकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर्य समाज इंटर कॉलेज के प्रबंधक विजेंदर सिंह रहे और विशिष्ठ अतिथि आर्य समाज के अध्यक्ष सतेन्द्र रहे। इसके अतिरिक्त मुजफ्फरनगर से अनिल अग्रवाल और अनीता अग्रवाल भी विशिष्ट आमंत्रित अतिथि के रूप में रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन आदेश भटनागर ने और कार्यक्रम का संयोजन क्लब की प्रथम महिला रोटेरियन पारूल अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब गंगा के चार्टर अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल, सचिव रेखा अग्रवाल, क्लब की प्रथम महिला पारूल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. इंदु मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष गजे सिंह, पूर्व अध्यक्ष आदेश भटनागर, पूर्व अध्यक्ष हितेश शर्मा, डॉ. नवनेश कोठारी, डॉ. प्रिया कोठारी, डॉ. हितेश शर्मा, राजीव गुप्ता, विमल गुप्ता, शालिनी गुप्ता, रेखा शर्मा, दिनेश शर्मा सहित भवी कोठारी, नारायणी अग्रवाल, नमो शर्मा, पूर्व अध्यक्ष खगेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सूफिया बानो, संजीव शर्मा आदि सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# किराएदारों पर चोरी का आरोप

**धामपुर।** टीचर्स कॉलोनी में रहने वाली विधवा महिला ने किराएदारों पर नकदी व जेवर चोरी करने तथा मकान हड़पने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टीचर्स कॉलोनी निवासी पारुल रानी पत्नी स्व. प्रेम सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि करीब 10 वर्ष पहले उनके पति का निधन हो चुका है। परिवार में उनकी दो 18 वर्षीय जुड़वा बेटियां और वृद्ध सास है। आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने कुछ समय पहले अपने मकान का एक कमरा किराए पर दिया था। किराएदार सूरज वर्मा पुत्र राजकुमार वर्मा निवासी महल सराय, धामपुर ने स्वयं को शेरकोट क्षेत्र का निवासी बताकर कमरा लिया था। कुछ समय बाद उसका साथी विनय जोशी निवासी हुसैनपुर भी वहीं रहने लगा। दोनों ने परिवार का विश्वास जीतने के बाद अलमारी में रखी करीब 20 हजार रुपए की नकदी, चांदी के 15 सिक्के और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। महिला के अनुसार पूछताछ करने पर आरोपितों ने घटना स्वीकार करते हुए कुछ सामान वापस भी किया, लेकिन बाद में सूरज वर्मा उसकी बड़ी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और शादी का दबाव बनाने लगा। महिला का आरोप है कि दोनों आरोपी उसकी संपत्ति पर कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं और जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# किरतपुर में निःशुल्क नेत्र शिविर

## 15 मोतियाबिंद के मरीज मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर डा. जुनैद क्लीनिक पर स्थानीय स्कूल के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के लगभग 150 मरीजों की आंखों की गहन जांच की गई। शिविर का आयोजन हिमालयन इंस्टिट्यूट हॉस्पिटल, जॉलीग्रांट देहरादून के सहयोग से किया गया था। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सभी मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया और आवश्यक दवाइयां भी वितरित की। जांच के दौरान 15 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। इन मरीजों को आगे के उपचार के लिए चिन्हित कर संबंधित अस्पताल में रेफर किया गया है। टीम ने मरीजों को आंखों की देखभाल और नियमित जांच के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर विशेषज्ञ टीम में डॉ. रुतु पूर्णा, डॉ. मौहम्मद जुनैद, डॉ. मौहम्मद बिलाल, सुबोध कुमार, डॉ. शिवानी, डॉ. अंजलि, मौहम्मद अली, मौहम्मद आतिफ और मौहम्मद ईशान सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कैंप संयोजक डा. मौहम्मद जुनैद ने सभी आगंतुकों, सहयोगियों और चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली: चार मंजिला...** फ्लोर से एक शव, दूसरे फ्लोर से 5 शव और सीढ़ियों से 3 शव मिले, जहां दरवाजा बंद था। आशंका है कि लोगों ने छत पर भागकर जान बचाने की कोशिश की थी। दूसरे फ्लोर पर मिले मृतकों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनीता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और डेढ़ साल के पोते आकाश जैन के रूप में हुई। तीसरे फ्लोर पर नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैले जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) मृत पाए गए। पहले फ्लोर पर शिखा जैन (45) का शव मिला, जबकि उनके पति नवीन जैन (48) घायल हो गए। स्थानीय पार्षद पंकज लूथरा ने बताया कि उन्होंने मृतकों के शव देखें हैं। इनमें कौन से शव पुरुष के हैं और कौन से महिला के, इसकी पहचान करना भी मुश्किल है। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारी मुकेश वर्मा ने बताया कि चार मंजिला बिल्डिंग के हर फ्लोर पर दो 4बीएचके फ्लैट हैं। आग बिल्डिंग के पिछले हिस्से में लगी थी और वहीं सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। 6 फ्लैट्स का सामान जल गया। खिड़कियों और बालकनी पर ग्रिल और लोहे की रॉड लगी थीं, जिससे रेस्क्यू में दिक्कत आई। फिर भी करीब 15 लोगों को बचाया। इनमें से एक व्यक्ति करीब 30 फीसदी तक जल गया था, जिसे इलाज के लिए गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

**दिल्ली की...** पर मास्टरमाइंड प्रियंक शर्मा है। दूसरे नंबर पर आरोपी रोहित है। पुलिस कमिश्नर संजय सिंह ने बताया कि प्रियंक पहले से आईएएस अकादमी की एक फ्रेंचाइजी चला रहा था। उसे अंदाजा था कि डायरेक्टर के पास पर्याप्त पैसा है, इसलिए उसने साजिश रची। उसने दतिया और कालापीपल में रहने वाले अपने साथियों को बुलाया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जिस फ्लैट में महिला डायरेक्टर को बंधक बनाया गया था, वहां वारदात वाले दिन सोमवार को सुंदरकांड का पाठ कराया गया। मकसद था कि पीड़िता शोर मचाए तो आवाज बाहर तक न पहुंचे। फ्लैट के एक कमरे में उन्हें 4 घंटे से अधिक समय तक बंधक बनाकर रखा गया। पैसे मिलने के बाद बुधवार रात को उनकी रिहाई हुई। पुलिस ने सभी खातों में रकम होल्ड करा दी है, ताकि रकम सुरक्षित रहे।

**पांच राज्यों...** 92.47 रहा। पहले चरण में 152 सीटों के लिए 23 अप्रैल को कराए गए मतदान में 93.19 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। दूसरे चरण में रविवार को 142 सीटों पर कुल मिला कर 91.66 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य की कुल 294 सीटों के लिए 2926 उम्मीवार मैदान में हैं। पश्चिम बंगाल में मतगणना 77 पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा 165 विधानसभा क्षेत्रों में विशेष पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। पश्चिम बंगाल में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच है। कांग्रेस और वामपंथी दल भी जोर आजमाइश में हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में 23 अप्रैल को एक चरण में हुए मतदान में सभी 234 सीटों पर कुल 84.93 प्रतिशत वोट पड़े। राज्य में कुल 4023 उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ द्रविण मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन और विपक्षी अन्ना द्रमुक-भाजपा गठबंधन के बीच है। इस बार अभिनय की दुनिया से तमिलनाडु की राजनीति के अखाड़े में उतरे सी जोसफ विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने कुछ सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। इन विधानसभा चुनावों के पहले चरण में नौ अप्रैल को असम, केरल तथा पुडुचेरी में मतदान कराया गया। असम में 85.46 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य की कुल 126 सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में है। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच है। केरल में 78.17 प्रतिशत मतदान हुआ, जहां 140 सीटों के लिए 890 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच है। भाजपा भी राज्य में पूरे दम खम के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगी है। पहले चरण में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत पुडुचेरी में रहा, जहां 89.87 प्रतिशत वोट डाले गए। वहां 30 सीटों के लिए 294 उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं। पुडुचेरी में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और कांग्रेस की अगुवाई वाले विपक्षी गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है। इन चुनावों में मतदाता सूचियों पुनरीक्षण के अलावा पश्चिम बंगाल और असम में प्रमुख मुद्दा बंगलादेशी घुसपैठियों और भ्रष्टाचार रहा। तमिलनाडु और केरल में भी विकास बनाम भ्रष्टाचार का मुद्दा उछाला गया।

# ड्रग तस्कर राष्ट्र के दुश्मनः उपराज्यपाल

**श्रीनगर, वार्ता**



### युवाओं की रगों में जहर घोलने वालों पर कसी जा रही नकेल

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ड्रग तस्करी को साइलेंट टेररिज्म करार देते हुए इसे जम्मू-कश्मीर के युवाओं, परिवारों और भविष्य को नष्ट करने की साजिश बताया। उन्होंने सफ कहा कि नशा कारोबार से जुड़े लोग देश के दुश्मन हैं और उनसे सही ढंग से निपटा जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि ड्रग तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

रविवार को श्रीनगर के टीआरसी फुटबाल ग्राउंड में नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए एलजी सिन्हा ने कहा कि महज 22 दिनों में यह अभियान जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि अब हर घर, हर मोहल्ले और हर गली में इस बुराई के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा रही है, जहां मादक पदार्थ युवाओं की जीवन शक्ति को छीन रहे हैं। एलजी सिन्हा ने बताया कि उन्होंने जम्मू संभाग के आठ जिलों का दौरा किया और पदयात्राएं कीं, जहां लोगों ने एकजुट होकर अपने बच्चों और भविष्य को बचाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यह अभियान अब सभी पीढ़ियों और समाज के हर वर्ग को जोड़ रहा है। उन्होंने धार्मिक नेताओं, इमामों, शिक्षकों, महिलाओं और युवा संगठनों से भी सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की और कहा कि अब चुप रहने का समय खत्म हो चुका है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान ने पीढ़ियों और समाज के विभिन्न वर्गों को एक सामूहिक लड़ाई में एकजुट किया है। एलजी सिन्हा ने बताया कि 11 अप्रैल से 100 दिन का विशेष अभियान शुरू किया गया है, जिसमें अभी 78 दिन शेष हैं। उन्होंने कहा कि हर दिन और हर घंटे की अहमियत है और अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करनी होगी, ताकि जम्मू-कश्मीर को नशा मुक्त समाज का मॉडल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन तीन मोर्चों पर काम कर रहा है।

### 481 से अधिक एफआईआर

आंकड़े देते हुए उपराज्यपाल ने बताया कि 11 अप्रैल से 2 मई के बीच 481 से अधिक एफआईआर दर्ज की गईं, 518 नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया गया, 24 नशीले पदार्थों से संबंधित संपत्तियां जब्त की गईं। उन्होंने बताया कि इनमें से 26 कश्मीर के जिलों में थीं। इसके साथ ही लगभग 300 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए। 5 पासपोर्ट रद्द किए गए, 325 वाहन जब्त किए गए। वहीं 3000 से अधिक दवा दुकानों का निरीक्षण किया गया। 107 लाइसेंस निलंबित किए गए और एक के खिलफ एफआईआर दर्ज की गई।

# मंडावर में सात ट्रैक्टर बरामद

## संजीव व भूपेंद्र सहित तीन शातिर आरोपी फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर पुलिस ने लगभग 53 लाख रुपए मूल्य के सात ट्रैक्टर बरामद किए हैं। जबकि अभियुक्त संजीव, भूपेंद्र व जावेद फरार हैं।




प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि जनपद में एक ऐसा गिरोह सक्रिय, जो फाइनेंस किए गए ट्रैक्टरों को अवैध रूप से बेच देता है। यह गिरोह ट्रैक्टरों को विभिन्न वित्तीय कंपनियों के माध्यम से फाईनेंस पर खरीद कर उसकी नम्बर प्लेट व चेचिस नंबर सहित अभिलेखों को कूटरचित तैयार कर बिना किसी एनओसी के आगे बेच देता है। दो-तीन जगह ट्रैक्टरों की अवैध बिक्री के पश्चात इस गिरोह के मुख्य अभियुक्त जावेद पुत्र कफील निवासी ग्राम गौसपुर सादात, थाना कोतवाली देहात के बारे में पता चला था। अवैध रूप से ट्रैक्टरों की बिक्री के पश्चात फाईनेंस कंपनियों को यह पता नहीं चल पाता था कि उनका ट्रैक्टर कहां है। ट्रैक्टरों की किश्त भी जमा नहीं होती थी और फाईनेंस कंपनियां किश्त जमा न होने पर अपने ट्रैक्टरों को सीज कर नहीं ला पाती थी। 27 अप्रैल को महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंस कंपनी ने अपने तीन ट्रैक्टर गायब होने की सूचना दी थी। इसी तरह एयू स्मॉल फाइनेंस कंपनी ने भी अपने दो ट्रैक्टर गायब होने की सूचना दी थी। इस सम्बंध थाना मंडावर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा अपराध संख्या 118/2026 व 119/2026 जावेद पुत्र कफील निवासी ग्राम गौसपुर सादात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। इसी तरह चोला मंडलम फाईनेंस कंपनी ने भी अपना एक ट्रैक्टर गायब होने के सम्बंध थाना मंडावर में जावेद सहित भूपेंद्र पुत्र शेर सिंह निवासी मौहम्मदपुर देवमल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

विवेचना के दौरान पुलिस ने लगभग 53 लाख रुपए कीमत के सात ट्रैक्टरों को बरामद किया है। इस मामले में प्रकाश में आए अभियुक्त जावेद पुत्र कफील निवासी गौसपुर सादात, संजीव कुमार पुत्र अशोक निवासी ग्राम मौहम्मद असगरपुर, थाना किरतपुर एवं भूपेंद्र पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम ईनामपुरा उर्फ मौहम्मदपुर देवमल फरार हैं।

# युवक का शव अपने ही खेत में पेड़ से लटका मिला

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवाला कला।** ग्राम सरकथल में आज सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव जंगल में उसके अपने ही खेत में पेड़ से फंदे पर लटका हुआ मिला। ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना पुलिस को दी।



प्राप्त समाचार के अनुसार मृतक की पहचान अजय सैनी (20 वर्ष) पुत्र स्व.सतीश सैनी निवासी ग्राम सरकथल (फिना-मंडी धनोरा रोड) के रूप में हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक सिंह और थाना प्रभारी शिवाला कला लखपत सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। जिसने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक नमूने एकत्र किए। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतार कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी लखपत सिंह ने बताया कि मृतक आठवीं पास था और परिवार के साथ काम में हाथ बंटाता था।

गांव में चर्चा है कि युवक नशे का आदी था, हालांकि आत्महत्या के सही कारणों और मौत की असल वजह का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# प्रेमी की शादी की भनक लगते ही मुंबई से आ धमकी प्रेमिका

## आज ग्राम चौहड़वाला जानी थी प्रेमी युवक की बारात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** एक प्रेम दीवानी को जैसे ही अपने प्रेमी की शादी की भनक लगी, तो वह मुंबई से यहां आ धमकी। पुलिस को अपने साथ लाई और बड़ी दबंगई के साथ प्रेमी को अपने संग ले गई। जैसे ही यह सूचना प्रेमी की होने वाली ससुराल पहुंची, तो दोनों पक्षों के बीच वार्ता के बाद तयशुदा वक्त पर प्रेमी के छोटे भाई की बारात ले जाना तय हुआ।

मामला अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचंद का है, जहां एक युवक काम के सिलसिले में मुंबई रहता है। वहां उसका एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बीच उस प्रेमी युवक की उसके परिजनों ने क्षेत्र के ग्राम चौहड़वाला में शादी तय कर दी। तीन दिन पूर्व ही वह मुंबई से घर आया था और चार मई को बारात जानी थी। प्रेमी युवक की मुंबई वाली प्रेमिका को उसकी शादी होने की सूचना मिली और वह गत दिवस पुलिस लेकर सीरवासुचंद उसके घर आ धमकी। बताते हैं कि वह महिला धन संपन्न भी है और उच्च शिक्षित भी। महिला के आते ही प्रेमी युवक के परिजन सहम गए। उसने अपने प्रेमी युवक से दो टूक कहा कि मेरे साथ चुपचाप चल रहा है या तेरे घरवालों सहित तुझे हवालात भिजवाऊं। मामला टेढ़ा पड़ता देख परिजन तो खामोश पड़ गए और प्रेमी युवक चुपचाप अपनी प्रेमिका के साथ चला गया।

बताया जा रहा है कि महिला उसे अपने साथ मुंबई ले गई है। चर्चा है कि इस प्रेमी युवक का महिला के पास एक बच्चा है और वह इसके दूसरे बच्चे की भी मां बनने वाली है। इसकी जानकारी युवक की होने वाली ससुराल ग्राम चौहड़वाला पहुंची, तो वहां हड़कंप मच गया। प्रेमी युवक के परिजन व उसकी ससुराल पक्ष के लोगों के बीच देर तक हुई वार्ता के बाद तय हुआ कि बारात तो तयशुदा वक्त पर चार मई को ही जाएगी, लेकिन दूल्हा वह प्रेमी युवक नहीं, बल्कि उसका छोटा भाई बनेगा। मामला ग्राम व क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों का यह भी कहना है कि प्रेमी युवक ने ही अपनी प्रेमिका को अपनी शादी की सूचना दी थी, ताकि वह आए और इस शादी से बचाकर उसे अपने साथ मुंबई ले जाए।

# नहटौर-नगीना मुख्य मार्ग का 30 साल बाद होगा चौड़ीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर-नगीना मुख्य मार्ग का 30 साल बाद चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। लगभग 13 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास आगामी सोमवार को होगा। यह सड़क पिछले तीन दशकों से उपेक्षा का शिकार थी, जिससे हजारों ग्रामीण धूल और गड्ढों के बीच यात्रा करने को मजबूर थे।



इस सड़क को संजीवनी एक विशेष घटनाक्रम से मिली। इसी साल जुलाई माह में ग्राम हुरनंगला निवासी भाजपा संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता जी का निधन हो गया था। शोक व्यक्त करने के लिए के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित केंद्र और राज्य सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री व भाजपा नेता हुरनंगला पहुंचे थे।

उस दौरान जर्जर सड़क के कारण वीआईपी काफिले को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। इस घटना के बाद ही सड़क निर्माण की मांग को गति मिली, जो पिछले 30 सालों से फाइलों में लंबित थी। सड़क निर्माण की खबर से क्षेत्र के ग्रामीणों में संतोष का माहौल है। स्थानीय निवासी संजीव कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, मोहन सिंह, सचिन कुमार, मोहम्मद अरशद और शहजाद अरशद ने बताया कि वे वर्षों से इस सड़क के लिए संघर्ष कर रहे थे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई थी कि मुख्यमंत्री के दौरे के बाद सड़क की स्थिति में सुधार होगा। कल (आज) होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के मौजूद रहने की उम्मीद है। ग्रामीणों का मानना है कि यह सड़क न केवल यातायात को सुगम बनाएगी, बल्कि क्षेत्र के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

## एक नजर

### छात्रों का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

**हल्दौर।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी के छात्रों के एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से परे व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और उन्हें ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहरों से रुबरु कराना था। शैक्षणिक यात्रा का शुभारंभ शनिवार को विद्यालय के प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस दौरान छात्रों में भारी उत्साह रहा। छात्रों ने गिरजा देवी, हनुमानधाम एवं रामनगर कॉर्बेट नेशनल पार्क का दौरा किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण और सामूहिक प्रबंधन संबंधी जानकारी के साथ-साथ वहां की वास्तुकला और प्रबंधन प्रणालियों को भी करीब से देखा। भ्रमण के दौरान सामूहिक चर्चा का भी आयोजन किया गया, जिससे उनके बीच सामाजिक जुड़ाव बढ़ा। विद्यालय व्यवस्था प्रमुख विकास पंकज ने विद्यार्थियों के साथ पर्यावरण पर चर्चा, वानिकी धरो. हरों का रखरखाव, मानव एवं वन्य जीवों के मध्य सामंजस्य आदि विषयों पर परिचर्चा की। प्रधानाचार्या स्वाति पाराशर ने कहा कि इस तरह के भ्रमण से छात्रों का मानसिक विकास होता है और वह बाहरी दुनिया की चुनौतियों और सुंदरता को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। विद्यार्थियों ने बताया, जो बातें आज तक सिर्फ सुनी, पढ़ी थीं, उन्हें प्रत्यक्ष देखना रोमांचक रहा। इस अवसर पर ललित शर्मा, अर्जुन सिंह, अरुण डवास, जितेंद्र सिंह, अभिनव चौधरी, राकेश शर्मा, निशा राजपूत, स्वाति वर्मा, नीरु आदि शिक्षक रहे।

### फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार



**चांदपुर।** सुदेश कुमार पुत्र छोटन सिंह निवासी ग्राम रावटी, थाना हीमपुर दीपा ने 21 अप्रैल को प्रार्थना पत्र देते कहा कि अंकित कुमार, अतुल कुमार पुत्रगण भूपेन्द्र सिंह व एक अन्य व्यक्ति नाम व पता अज्ञात निवासीगण ग्राम टूंगरी, थाना हीमपुर दीपा द्वारा वादी के पुत्र को जान से मारने की नियत से वादी के पुत्र सौरभ कुमार के घर में घुसकर उस पर फायर झोंक दिया था, जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। इस बाबत हीमपुर दीपा पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 31/2026 धारा 109 (1) / 333 / 3 (5) बीएनएस पंजीकृत कर आरोपियों की खोज शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान भूपेन्द्र उर्फ गुड्डू पुत्र कल्याण सिंह निवासी ग्राम टूंगरी, थाना हीमपुर दीपा का नाम प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उपचार के दौरान गम्भीर रूप से घायल सौरभ की मौत हो गई थी।

### आशा संगिनी संगठन की बैठक

**हल्दौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आज आशा संगिनी कर्मचारी संगठन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन के विस्तार और मजबूती पर व्यापक चर्चा के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से शाहिस्ता परवीन को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अनिता देवी को मंत्री, बालादेवी को संयुक्त मंत्री, अनिता को कोषाध्यक्ष, गायत्री देवी को संगठन मंत्री, कविता व प्रभा को प्रचार मंत्री तथा मौहम्मद इमरान को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। सदस्य के रूप में मनीषा, पिंकी, ममता, भागेश, अनोश सहित अन्य कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए संगठन की नीतियों और उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि आशा और आशा संगिनी कार्यकर्ता स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इसलिए उनके बीच बेहतर समन्वय और एकजुटता बेहद जरूरी है। बैठक में कार्यकर्ताओं की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए संगठनात्मक स्तर पर प्रभावी प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

# कैम्प में युवाओं ने किया रक्तदान

## शमशाद अंसारी ने किया ब्लड डोनेट कैम्प का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं सपा नेता शमशाद अंसारी के कैम्प कार्यालय पर ब्लड डोनेट कैम्प लगा।



मौहल्ला खात्रियान स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित ब्लड डोनेट कैम्प का शमशाद अंसारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कैम्प में युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। सपा जिला अध्यक्ष हनी फैसल, वरिष्ठ सपा नेता डा. रमेश तोमर, जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू, जीशान आलम आदि भी कैम्प में पहुंचे और रक्तदान करने वालों का हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए। शमशाद अंसारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को ब्लड डोनेट करना चाहिए। जरूरत के समय यही ब्लड लोगों की जिंदगी के लिए काम आता हैं। इसलिए रक्तदान करते रहना चाहिए। कैंप यशवंती ब्लड सेंटर की तरफ से लगाया गया। जिसे सलमान अहमद, अलीम, अमित, शाकिर आदि ने संचालित किया। जिसमे मोहसिन अहमद, कारी रिहान अहमद, मैराज बिजनौरी, शहबाज हसन, आसिफ अंसारी, अरशद, डा. अमजद, डा. दानिश, डा. अजीम, असलम इरफान आदि का विशेष सहयोग रहा।

# तिमरपुर से बालक रहस्यमय ढंग से गायब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समीपवर्ती ग्राम तिमरपुर से एक बालक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। परिजनों को आशंका है कि बालक का अपहरण किया गया है। पुलिस बालक को ढूंढने का प्रयास कर रही है।

ग्राम तिमरपुर निवासी चंद्रप्रकाश सैनी का करीब 12 वर्षीय पुत्र शौर्य उर्फ डमरु मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। कल शाम करीब छह बजे वह घर के बाहर खेल रहा था कि रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। परिजनों ने पहले उसे गांव में ढूंढा, फिर अपनी तमाम रिश्तेदारियों में डमरु के बारे में जानकारी की। परिजनों के अनुसार उन्होंने डमरु को बिजनौर शहर की लगभग हर गली में ढूंढा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। डमरु के तयेरे भाई विनय ने बताया कि उसके परिवार के लोग डमरु को कल शाम से ढूंढ रहे हैं। वे रात भर सोये भी नहीं। उन्होंने पुलिस को डमरु के गायब होने की सूचना दे दी हैं पुलिस भी डमरु को लगातार तलाश कर रही है, लेकिन डमरु का कहीं पता नहीं चल रहा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बताया जाता है कि डमरु ग्राम खेड़की निवासी अबरार की ई-रिक्शा में जाते देखा गया है। अबरार के साथ फिरोज नामक एक और युवक भी था। परिजनों को आशंका है कि डमरु का अपहरण किया गया है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। डमरु के गायब होने से उसके परिवार में कोहराम मचा है। एएसपी सिटी डा. केजी सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। डमरु की तलाश जारी है।

# नीट परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

## 12 केंद्रों पर दो पाली में चली परीक्षा, नकल रोकने के लिए रहे सख्त इंतजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज नीट यूजी परीक्षा आयोजित की गई। जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक एक पाली में यह परीक्षा हुई। परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं और 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा।




इस परीक्षा में कुल 5624 परीक्षार्थी शामिल हुए। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी 12 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। प्रशासन और अधिकारी परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद थे। परीक्षा के लिए राजकीय इंटर कॉलेज बिजनौर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बिजनौर, हिंदू इंटर कॉलेज किरतपुर, हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज झालू, केपीएस कन्या इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज मंडावली, एमजीएमपीएम इंटर कॉलेज किरतपुर, पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज झालू, आरबीडी महिला महाविद्यालय, आरजेपी इंटर कॉलेज बिजनौर, वर्धमान कॉलेज बिजनौर ब्लॉक ए और वर्धमान डिग्री कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। परीक्षार्थी सुबह 11 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। दोपहर 1:30 बजे तक सभी परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया था। जिसके बाद प्रवेश द्वार बंद कर दिए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था ताकि सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पेड़ के नीचे दबकर युवक की मौत

## नाला खुदाई के दौरान गिरा पेड़





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शेरकोट मार्ग पर नाला निर्माण कार्य के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़ा पिलखन का विशाल. काय पेड़ अचानक गिरने से बाइक सवार व्यक्ति उसकी चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सुहागपुर निवासी नरेश (58 वर्ष) पुत्र बाबू अपनी बेटी को ससुराल छोड़ने के लिए आरएसएम तिराहे से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह धामपुर-शेरकोट मार्ग पर एनसीसी कार्यालय के पास पहुंचे, तभी नाला खुदाई के दौरान सड़क किनारे खड़ा पिलखन का बड़ा पेड़ अचानक भरभराकर सड़क पर गिर पड़ा। पेड़ की चपेट में आने से नरेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि धामपुर से शेरकोट मार्ग के बीच सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसके चलते किनारे की मिट्टी कमजोर हो गई थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण पेड़ अचानक गिर गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वहीं स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए प्रशासन से जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## नेत्र चिकित्सा शिविर छह को

**बिजनौर।** रघुनाथ प्रसाद वीरेंद्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा प्रत्येक माह लगाए जाने वाले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की श्रृंखला में इस बार उक्त नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन छह मई बुधवार को अग्रवाल भवन, प्रथम तल भारतीय स्टेट बैंक, नूरपुर रोड, बिजनौर पर लगाया जा रहा है। यह शिविर पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश उत्तरांचल की कुशल चिकित्सकों की टीम द्वारा लगाया जा रहा है। मरीजों से निवेदन है कि जिन मरीजों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराना है, वह अपना आधार कार्ड साथ में अवश्य लाएं। नेत्र शिविर प्रात: नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगा तथा पूर्णतया नि:शुल्क होगा। यह जानकारी वीरेंद्र कुमार अग्रवाल (सर्राफ) व विकास अग्रवाल (सर्राफ) द्वारा दी गई है।

## एक नजर

### गेहूं क्रय केंद्र पर पहुंचा प्रतिनिधिमंडल



**नजीबाबाद।** नगर कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व नजीबाबाद प्रभारी सलाउद्दीन सैफी के नेतृत्व में नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी नजीबाबाद ने कृषि उत्पादन मंडी समिति राजकीय गेहूं क्रय केन्द्र पहुंचकर वहां केंद्र प्रभारी सूरज सिंह रवि से मुलाकात कर सरकारी गेहूं खरीद की जानकारी ली। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को केंद्र प्रभारी ने बताया कि 17 मार्च से 15 जून 2026 तक गेहूं खरीद चलती रहेगी, सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक सभी किसान बिचोलिए से बचकर अपना गेहूं सीधे सरकार को समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल के दर से बेचें। केंद्र प्रभारी ने बताया अभी तक वह 2000 क्विंटल से ज्यादा गेहूं खरीद चुके हैं। 15 जून तक गेहूं की खरीद जारी रहेगी।

### प्रदर्शन को सफल बनाने पर विचार



**धामपुर।** भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष इरफान मंसूरी के आवास बैठक आयोजित की गई। जिसमें 17 मई को दिल्ली में आयोजित प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए विचार किया गया। अकबर नबी इदरीसी राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी आंदोलन पार्टी, सईद अहमद अंसारी अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी इदरीसी ने कहा कि हमें 17 मई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर दिल्ली जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन को कामयाब बनाना है। वहीं श्री मंसूरी ने अपने साथियों के साथ पहुंचने का आह्वान किया श्री अंसारी ने भी अपने साथियों के साथ सही समय पर पहुंचेंगे का भरोसा दिलाया। मौहम्मद अरशद खान राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी ने बताया कि यह धरना मौहम्मद आजम खान, अब्दुल्लाह आजम खान और उनके परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए के लिए किया जा रहा है। जिसकी अनुमति उन्हें मिल गई है।

### नर बाघ का शव मिलने से हड़कंप



**कालागढ़।** ढेला रेंज स्थित रेस्क्यू सेंटर में एक नर बाघ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया। मृतक बाघ की उम्र लगभग 20 वर्ष बताई गई है। प्रथम दृष्टया बाघ की वृद्धावस्था पूर्ण कर मृत्यु होना प्रतीत होता है। बाघ को ढिकाला रेंज, कार्बेट टाइगर रिजर्व से रेस्क्यू कर नैनीताल जू भेजा गया था। वर्ष 2025 में बाघ का जो, वृद्धावस्था में था ट्यूमर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। बाघ का पोस्टमार्टम आज रेस्क्यू सेंटर ढेला में पशु चिकित्साधिकारियों की टीम द्वारा किया गया। पोस्टमार्टम डा.दुष्यंत शर्मा वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी कार्बेट टाइगर रिजर्व, डा. हिमाशु पांगती वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी नैनीताल जू का पैनल गठित कर कराया गया। इस दौरान राहुल मिश्रा उपनिदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व, अमित कुमार ग्वासीकोटी उपप्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़, भानु प्रकाश हर्बोला वन क्षेत्राधिकारी ढेला, कुंदन सिंह खाती, सेवानिवृत्त उप प्रभागीय वनाधिकारी एनटीसीए द्वारा नामित सदस्य प्रतिनिधि विश्व प्रकृति निधि एवं द कार्बेट फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित सिद्धार्थ रावत वन दरोगा एवं ढेला रेंज के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। पोस्टमार्टम उपरांत औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए शव का पंचनामा तैयार कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष शव को एनटीसीए के दिशा निर्देशों के अनुरूप बाघ के सभी अंगों सहित शव को मौके पर ही विधिवत जलाकर नष्ट कर दिया गया।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

## 15 दिन पहले हुई थी शादी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा/शेरकोट।** फव्वारा चौक के पास हुए सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मोहसिन (25 वर्ष) पुत्र जमील उद्दीन निवासी मौहल्ला वीर थला, शेरकोट अपने दोस्त इमरान (28 वर्ष) पुत्र हस्मत अली निवासी मौहल्ला काजीयान, शेरकोट के साथ बाइक से स्योहारा अपनी बुआ के घर गैस सिलेंडर लेने आया था। दोनों सिलेंडर लेकर वापस शेरकोट लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक फव्वारा चौक से धामपुर रोड पर कुछ दूरी आगे पहुंची, तभी पीछे से आ रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहा इमरान सड़क किनारे जा गिरा। जबकि मोहसिन ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सक ने मोहसिन को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया है कि मृतक मोहसिन की मात्र 15 दिन पूर्व ही नगीना निवासी युवती से शादी हुई थी। अचानक हुई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# भाकियू का बिजलीघर पर धरना

## आश्वासन के बाद धरना समाप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज सहानपुर बिजलीघर पर बिजली व्यवस्था में लापरवाही के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। धरने का नेतृत्व प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी बलराम सिंह ने किया।

चौधरी बलराम सिंह ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर समय पर और सुचारु बिजली आपूर्ति सुनिश्चित न करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसानों को लगातार बिजली संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे खेती-बाड़ी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। धरने की सूचना मिलते ही स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नजीबाबाद क्षेत्र के एकशन एसडीओ और जेई मौके पर पहुंचे। उन्होंने उपस्थित किसानों से वार्ता की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। किसानों में व्याप्त भारी आक्रोश को देखते हुए अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से संबंधित लापरवाह कर्मचारी के स्थानांतरण की कार्रवाई की तथा सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद चौधरी बलराम सिंह ने धरना समाप्त करने की घोषणा की।

धरना स्थल पर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलवीर सिंह, विजय सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, प्रशांत चौधरी, गजेंद्र सिंह, मुनेन्द्र सिंह, हिमांशु, शुभम, दविंदर सिंह, हाजी हनीफ, सफदर शेख, भूपेंद्र सिंह, इफ्तेखार अहमद, महेंद्र सिंह, मुन्नू सिंह, बबलू सिंह, रजनीश सिंह, सुशील कुमार, डॉ. सैम अंसारी, अजीत सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देवेंद्र सिंह संगठन मंत्री मनोनीत



**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने संगठन का विस्तार करते हुए ग्राम पीपला जागीर निवासी मास्टर देवेंद्र सिंह को जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया है। देवेंद्र सिंह के संगठन मंत्री मनोनीत होने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मास्टर देवेंद्र सिंह वर्तमान में संगठन में जिला सचिव के पद पर आसीन थे। देवेंद्र सिंह ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है, उसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़, नूरपुर नगर अध्यक्ष कफील सैफी, ब्लॉक मीडिया प्रभारी डा. शमीम राही, ब्लॉक उपाध्यक्ष मौहम्मद शमश. ेर, अशफाक खान, रियाजुद्दीन उर्फ मंटू, शीशपाल सिंह, लोकेश कुमार, कल्याण सिंह, ऋषिपाल सिंह, अभय चौधरी, युवा मंडल उपाध्यक्ष डा. इशरत अली वारसी, समरपाल सिंह यादव, दुष्यंत यादव, सरताज अली आदि ने उन्हें बधाई दी।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम उद्योवाला में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरा. ेप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम चक निवासी बालमुकुंद सिंह (68 वर्ष) पुत्र चोखे सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री मनीषा देवी (29 वर्ष) का विवाह आठ वर्ष पूर्व विपिन कुमार (33 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम उद्योवाला, थाना अफजलगढ़ से मधाम के साथ किया था। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में मन-मुटाव रहने लगा। बीमार चल रही मनीषा देवी के पित की पथरी का ऑपरेशन 20 दिन पूर्व ही सहारनपुर के एक निजी डाक्टर के यहां हुआ था। मृतका मनीषा देवी के पिता का आरोप है उन्हें मृत्यु के तीन घंटे के बाद सूचना दी गई। जब वह पहुंचे, तो मनीषा देवी के मुंह और नाक से खून आ रहा था। मृतका की मां व बहन और रिश्तेदारों को रो-रो कर बुरा हाल था। सूचना पाकर पहुंचे थाना अध्यक्ष विजेंद्र कुमार राठी, उप निरीक्षक छविनाथ सिंह, महिला उपनिरीक्षक रेणू, मुख्य आरक्षी विभिन्न मान, आरक्षी राजीव कुमार व आरक्षी सुरेश कुमार ने स्थिति को संभाला। थाना अध्यक्ष विजेंद्र कुमार राठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट जाने के बाद ही जांच आगे बढ़ेगी।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का जलवा






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** शहर के कुसुम विहार कॉलोनी स्थित लायंस क्लब बैंक्ट हॉल में आयोजित 15वीं इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का जोश और जुनून देखने लायक रहा। नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले भर के 15 से 20 स्कूलों के करीब 200 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लीना सिंगल, विशिष्ट अतिथि द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी के डायरेक्टर वसीम अहमद, रणवीर निराला, ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर के सचिव अंकुर चौधरी और अकादमी अध्यक्ष अधिराज राठी ने फीता काटकर किया। इसके बाद खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें हर खिलाड़ी ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया। प्रतियोगिता ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर की देखरेख में संपन्न हुई। निर्णायक मंडल में नेशनल रेफरी टेक्निकल इंचार्ज हिमांशु भारती, उज्जवल सिंह सहित कई अनुभवी रेफरी शामिल रहे। जिन्होंने निष्पक्ष निर्णय देकर मुकाबलों को रोचक बनाए रखा।

### एलआरएस एकेडमी बनी चैंपियन

दिनभर चले मुकाबलों के बाद एलआरएस इंटरनेशनल अकैडमी रायपुर सादात ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। वहीं वालिया ग्लोबल अकैडमी नजीबाबाद ने दूसरा और द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी नजीबाबाद ने तीसरा स्थान हासिल कर अपनी ताकत का अहसास कराया। रिंकू कोच के अनुसार बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस वर्ग में एस-एम-एकेडमी किरतपुर ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नगीना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एडोकोल गर्ल्स स्कूल धामपुर ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन मीनाक्षी चौधरी की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही, जो लगातार बालि. काओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहती हैं। कार्यक्रम में जिले के तमाम ताइक्वांडो कोच बृजेश कुमार, विक्रम सिंह, वीरेंद्र सिंह, नितिन वर्मा, चारु संगम, शिवानी सिंह और दीपिका सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस सफल आयोजन की जानकारी मुख्य कोच रिंकू वर्मा ने देते हुए बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को मंच देने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी नई उड़ान देती हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **दानिश इजहार** व पुत्रवधू **राजदा खान** पत्नी दानिश इजहार मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं हैं ओर दोनों पति पत्नी परिवार के सभी लोगों से दुर्व्यवहार करते हैं लगभग ढाई वर्ष पूर्व मेरा पुत्र डिप्रेशन में चला गया था और वह मुझे वह मेरे परिवार को छोड़कर कहीं चला गया था और मेरी पुत्रवधू दानिश की पत्नी भी अपने मायके चली गई थी मैंने खूब सोच समझकर परिवार की शांति के लिए 5 माह पूर्व 3 दिसंबर 2025 को अच्छी तरह सोच समझकर पुत्रवधू व अपने बेटे दानिश से अपने संबंध विच्छेद कर लिए हैं अब मेरे पुत्र दानिश में पुत्रवधू राजदा खान से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा अपने अच्छे बुरे कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**इजहार हसन उर्फ छुट्टन** पुत्र श्री **इरशाद हसन,** निवासी- अफगानान कस्बा व थाना नहटौर जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री मौ. इमरान एड. पुत्र अब्दुल शकूर, मौहल्ला मजीदगंज, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री खुर्शीद अहमद पुत्र श्री अलाउद्दीन नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं. 217/1 मजीदगंज नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री मौ. इमरान एड. पुत्र अब्दुल शकूर व श्री खुर्शीद अहमद पुत्र श्री अलाउद्दीन मौहल्ला मजीदगंज, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री सईद अहमद पुत्र श्री जलील अहमद नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं. 217/1 मजीदगंज नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

# पशुशाला के भूसे में लगी आग

## समय रहते पाया काबू, बड़ी जनहानि टली





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नई सराय बगदाद अंसार रोड स्थित एक पशुशाला में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग पशुशाला में रखे भूसे में लगी, जिससे देखते ही देखते लपटें तेज हो गई और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दमकल कर्मियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे आसपास के मकानों व अन्य हिस्सों में फैलने से रोक लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग तेजी से फैल रही थी, जिससे पशुशाला और आसपास के क्षेत्रों को नुकसान होने की आशंका बढ़ गई थी। हालांकि समय रहते दमकल विभाग की सक्रियता से बड़ी जनहानि टल गई।

घटना के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी जुट गए और राहत कार्य में सहयोग किया। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

आग से भूसे और अन्य सामान को नुकसान पहुंचा है, जबकि किसी व्यक्ति या पशु के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में सूखे भूसे और ज्वलनशील पदार्थों के पास सावधानी बरतें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# सोनाक्षी ने शानदार प्रदर्शन कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया



## किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता की पुत्री ने बढ़ाया मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** होनहार छात्रा सोनाक्षी ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

सोनाक्षी कक्षा 11 की छात्रा है और उसने अपनी कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। भनेड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत सोनाक्षी, नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर निवासी किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ पत्रकार रामोद कुमार प्रजापति की पुत्री हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार सोनाक्षी ने कुल 1000 अंकों में से 930 अंक प्राप्त किए। विषयवार प्रदर्शन भी अत्यंत सराहनीय रहा। हिन्दी में 95, अंग्रेजी में 96, जीव विज्ञान में 91, रसायन विज्ञान में 94 तथा भौतिक विज्ञान में 91 अंक हासिल किए। विद्यालय प्रशासन के अनुसार छात्रा का व्यवहार एवं आचरण उत्तम रहा है। शिक्षकों ने बताया कि सोनाक्षी प्रारंभ से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर, मेहनती और अनुशासित रही हैं, जिसका परिणाम इस उत्कृष्ट सफलता के रूप में सामने आया है।

विद्यालय की वार्डन एवं शिक्षकों ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रजापति समाज में भी खुशी का माहौल है। वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी पंकज कुमार दक्ष एवं उनकी पत्नी इंद्रेश दक्ष ने भी छात्रा व उसके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं।

# बीएएलएलबी नवम सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बीएएलएलबी नवम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विधि विभाग के विभागाधयक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि बीएएलएलबी नवम सेमेस्टर में छात्रा सानिया असलम ने प्रथम, नमीता ने द्वितीय तथा सेजल सिसोदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। प्राचार्य डा. परवेज अहमद खान ने बताया कि कृष्णा कॉलेज रूहेलखंड विश्वविद्यालय का प्रथम स्ववित्तपोषित विधि महाविद्यालय है। पूर्व में भी महविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां तथा विधि विभाग के प्रवक्ताओं ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बीजेपी कार्यालय का उद्घाटन

## रूपेन्द प्रकाश महाराज ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भाजपा नेता लीना सिंघल के कैम्प कार्यालय का आज उद्घाटन किया गया। कोतवाली रोड स्थित इस कार्यालय का शुभारंभ रूपेन्द प्रकाश महाराज ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में लोग महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचे। लीना सिंघल ने रूपेन्द प्रकाश महाराज का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। महाराज ने लीना सिंघल को आशीर्वाद प्रदान किया।

लीना सिंघल नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। वह क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुन रही हैं और उनके समाधान के लिए प्रयास कर रही हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि भाजपा लीना सिंघल को इस सीट से उम्मीदवार बनाती है, तो नजीबाबाद में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

# भाकियू प्रकाश के युवा जिला महासचिव बने अजीम राणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (प्रकाश) द्वारा संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अजीम अहमद राणा को युवा जिला महासचिव, बिजनौर पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है।

अजीम अहमद राणा को संगठन की नीतियों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने तथा किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वे जाति-धर्म से ऊपर उठकर किसानों के हित में कार्य करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। नवनियुक्त युवा जिला महासचिव अजीम अहमद राणा ने कहा कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाएंगे और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष को और तेज करेंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने इस नियुक्ति को संगठन के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम बताया है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि अजीम अहमद राणा के नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

# पूर्व प्रधान की हार्ट अटैक से मौत

## गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक, जनाजे में उमड़ी भीड़





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत मानियावाला के पूर्व प्रधान अहमद हसन कुरैशी (75 वर्ष) का हृदय गति रुकने से इंतकाल हो गया। गांव सहित आसपास क्षेत्र में शोक लिए दौड़ गई है। मरहूम तीन बार गांव के प्रधान रहे।

मरहूम के बेटे इसरार अहमद कुरैशी ने बताया कि उनके पिता पूर्व प्रधान अहमद हसन कुरैशी को आज सुबह 3:00 बजे अचानक ही सीने में दर्द की शिकायत हुई। अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। भाकियू के ब्लॉक उपाध्यक्ष मौहम्मद यूसुफ कुरैशी ने बताया कि उनके बड़े भाई अहमद हसन कुरैशी ने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत जनता दल ब्लॉक अध्यक्ष पद से प्रारंभ की। वह वर्ष 2000 से 2010 तक लगातार दो सत्र में ग्राम प्रधान रहे तथा महिला सीट आरक्षित होने पर 2015 से 2020 तक उनकी पत्नी जुबेदा खातून ग्राम प्रधान रही। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई विकास कार्य कराए। वह हंसमुख और मिलनसार स्वभाव के थे। बाद नमाज ए असर नमाज ए जनाजा के बाद गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया गया। मरहूम के जनाजा में पूर्व चेयरमैन अफजलगढ़ नफीस अहमद कुरैशी, एचसीएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक मेघनाथ सिंह, पूर्व विधायक शेख सुलेमान, प्रधान पति शकील अहमद, प्रधान पति मौहम्मद रजी, पूर्व प्रधान शाहिदउल्ला, पूर्व प्रधान इस्लामुद्दीन, पूर्व प्रधान हामिद हसन, मास्टर तेजवंत सिंह, मौहम्मद उस्मान उर्फ कलवा सैफी, डा. इब्राहिम, हाजी यासीन, विजयपाल सिंह उद्योवाला, हाफिज मौहम्मद इदरीस, नवाब सलमानी, भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, शेख मौहम्मद उबेद, बाबू पधान, पूर्व प्रधान मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध महिला की गतिविधियों पर पुलिस से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना चौराहे के पास संदिग्ध महिला की गतिविधियों को लेकर असुरक्षा का माहौल बन गया है। ग्राम बसेड़ा कुंवर की प्रधान ज्योति चौहान ने इस संबंध में थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर जांच व कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में प्रधान ने बताया कि एक अज्ञात महिला, जो खुद को भिक्षावृत्ति करने वाली बताती है, पिछले कुछ दिनों से उनके घर के आसपास संदिग्ध परिस्थितियों में घूमती देखी जा रही है। महिला का व्यवहार सामान्य भिखारियों जैसा न होकर घरों की गतिविधियों पर नजर रखने जैसा प्रतीत हो रहा है, जिससे रैकी की आशंका जताई जा रही है।

उन्होंने बताया कि महिला के पास दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन हैं और वह लगातार किसी से बातचीत करती रहती है। आरोप है कि पूछताछ करने पर महिला ने सहयोग नहीं किया और उल्टे विवाद की स्थिति बनाने का प्रयास किया। जांच में उसका आधार कार्ड मध्य प्रदेश निवासी धर्मी नामक महिला के नाम पर पाया गया, जिससे संदेह और गहरा गया है।

प्रधान ने यह भी बताया कि क्षेत्र में बाहरी लोगों की संख्या बढ़ रही है, जो भिक्षावृत्ति की आड़ में डेरा डाले हुए हैं।

इससे स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है, खासकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

मामले को गंभीर बताते हुए प्रधान ने पुलिस से उक्त महिला व अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच कर उनके मोबाइल, पहचान पत्र व गतिविधियों की पड़ताल करने तथा किसी गिरोह से संबंध पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य का स्वागत



**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी के सीनियर लीडर एवं पार्टी की राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य सतपाल चौधरी ने जिला प्रभारी व विधानसभा चांदपुर प्रभारी मौहम्मद ताहिर से उनके निवास स्थान पर पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान पहले से ही मौजूद बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने संगठन की मजबूती और विस्तारीकरण पर चर्चा के साथ साथ युवाओं को पार्टी से जोड़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने चांदपुर विधानसभा क्षेत्र मे जाट समाज को असपा से जोड़ने की कवायद करते हुए कई जाट बाहुल्य गावों का दौरा किया। राष्ट्रीय कौर कमेटी के सदस्य सतपाल चौधरी ने जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर के प्रयासों और पार्टी के लिए निष्ठा और लगन को देखते हुए उनकी पीठ थपथापाई। कुछ समय बैठने के बाद सतपाल चौधरी और मौहम्मद ताहिर सराय, फीना, मुस्तुफाबाद, शाहपुर धमेड़ी आदि गांव भ्रमण की ओर निकल पड़े।

### बच्चों को स्कूल किट का वितरण



**धामपुर।** मानव सेवा संगठन के द्वारा बच्चों का शिक्षा का स्तर उठाने के लिए किताब-कॉपी की किट वितरित की गई। पुराना धामपुर में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष राजकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मानव सेवा संगठन द्वारा गरीब बच्चों को स्कूल किट, कॉपी-किताब आदि का वितरण किया गया। सचिव सतीश कुमार चौहान ने बताया कि संगठन की कोशिश है कि गरीब बच्चों का शिक्षा का स्तर ऊंचा उठे और वह अपने जीवन में पढ़-लिखकर कुछ बन सके। इसलिए उनको सहायता के रूप में स्कूल किट का वितरण किया गया है। कार्यक्रम में राम विश्वकर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, प्रखर, चंचल गोस्वामी, एके सिंह, शेर सिंह चौहान, प्रीतम सक्सेना, मनीषा, रूपा, खुशी, अनुराधा आदि शामिल रही।

### सालाना मजालिसों की तैयारी जोरों पर

**नजीबाबाद।** विश्वप्रसिद्ध दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा में 21 मई से 24 मई तक होने वाली सालाना मजालिसों के मद्देनजर सभी तरह की दुकानों के टैंडर लेकर जगह आवंटित की गई। प्रशासक मौलाना शबाब हुसैन नकवी ने सालाना मजालिसों की तैयारी को लेकर अपने सहयोगियों के साथ विचार विमर्श किया तथा बड़ी संख्या में आने वाले जायरिनों को अधिक से अधिक सुविधा देने पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रशासक दरगाह ए आलिया जोगीपुरा चौधरी उरुज आलम सिरसी ने की। संचालन पूर्व उप सचिव दरगाह नज्फ ए हिंद जोगीपुरा मौलाना फिरोज नकवी ने किया। प्रशासक मौलाना शबाब हुसैन नकवी ने अपने सहयोगियों से कहा कि जिसे जो जिम्मेदारी दी जाए, वो उस काम को पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ निभाए। बैठक में दरगाह प्रबंधक हुसैन मेहंदी नकवी, चौधरी मोमिन रजा, शब्बन प्रधान, शावेज, मौहम्मद मिया, नियाज हुसैन, संपादक नय्यर जैदी, अब्बास नकवी, सईद नकवी आदि मौजूद रहे।

# वीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में 'यादें 2026' कार्यक्रम

## कड़ी मेहनत और ईमानदारी से आप हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं : डा. अमित बंसल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में अंतिम वर्ष के बी.टेक एवं एमबीए के विद्यार्थियों का विदाई समारोह 'यादें 2026' का आयोजन किया गया। जिसमें बी.टेक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को एवं एमबीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ नैंसी धुन्ना (सेक्रेटरी डीएलएसए, बिजनौर) व स्वाति वीरा महाजन (केएसवीसीईएम कोषाध्यक्ष /सचिव रेडियो संदेश 89.6) व कॉलेज निदेशक डा.अमित कुमार बंसल एवं गयूर आसिफ, कैप्टन बिशन लाल, गिरिराज सिंह, वाजिद हुसैन आदि प्रधानाचार्य एवं डीन एकेडेमिक्स मनोज कुशवाहा और कार्यक्रम इंचार्ज व डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा.लोकेश अग्रवाल व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। डा.अमित कुमार बंसल ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि नैंसी धुन्ना ने विद्यार्थियों को बताया कि इंजी. नियरिंग और प्रबंध क्षेत्र में अभी भी रोजगार की अपार संभावनाएं है। आवश्यकता है सिर्फ अपना उद्देश्य लेकर पढ़ाई करने की। मुझे यह देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि वीरा कॉलेज बिजनौर जैसे शहर में विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग की उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है, और साथ ही यहां के विद्यार्थी संस्कृकित कार्यक्रमों में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन करते है। मैं दिल्ली विश्वविद्यालय की स्टूडेंट रही हु वहां भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। मैं आज वीरा कॉलेज के सांस्कृतिक कार्यक्रम देख कर अति प्रसन्न एवं आश्चर्यचकित हु। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत जीवन के अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा कर उनको जीवन में कड़ी मेहनत कर आगे बढ्ने की प्रेरणा दी।

स्वाति वीरा ने कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है जो व्यक्ति को ज्ञान, नैतिकता और समझ प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अब आप अपनी प्रोफेशनल डिग्री पूर्ण कर अपने विभिन्न कार्यक्षेत्रों में प्रवेश करेंगे, जिस कंपनी/संस्थान में कार्य करें उसके प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करें। यही जीवन में सफलता का मूलमंत्र है।

डा. अमित कुमार बंसल ने विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीवन के इस नए पड़ाव पर आपको कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन कड़ी मेहनत और ईमानदारी से आप हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सीख दी कि डिग्रियां केवल कागज का टुकड़ा हैं यदि आपके पास नैतिकता और मानवीय मूल्य नहीं हैं। उन्होंने भावुक मन से विद्यार्थियों को विदा करते हुए निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने का आशीर्वाद दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सीएस तृतीय वर्ष की छात्रा छवि और एमबीए प्रथम वर्ष की पल्लवी ने अपने एकल नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं यशराज और इशवंदना (सीएस तृतीय वर्ष) की जुगलबंदी ने गायन में अपनी अमिट छाप छोड़ी। कार्यक्रम में विविधता को बढ़ाते हुए अंकुश (सीएस चतुर्थ वर्ष), गजल (एमबीए द्वितीय वर्ष) और अनुज (एमबीए प्रथम वर्ष) ने सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी। नृत्य प्रतियोगिताओं में सुशांत और छवि, तथा नंदनी के युगल नृत्य को दर्शकों की भारी सराहना मिली। मनमीत (बीबीए द्वितीय वर्ष) और न्यासा (एमबीए प्रथम वर्ष) ने भी अपने शानदार नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया। सामूहिक नृत्य में बीसीए द्वितीय वर्ष और प्री-फाइनल ईयर के विद्यार्थियों ने अपनी बेहतरीन ट्यूनिंग और ऊर्जा से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इशवंदना और मुस्कान की जोड़ी ने भी शानदार प्रस्तुति दी और सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें मिस्टर फेयरवेल प्रद्युत विश्नोई, मिस फेयरवेल आस्था तोमर एवं मिस्टर डैशिंग आर्यन देशवाल और मिस गॉर्जियस तनिशा चौधरी रही। वीरा सोसाइटी व कॉलेज सचिव कुंवर उदयन वीरा (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) व सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का संचालन शिवानी सिंह, रुद्राणी चौहान, सुरभि ढाका, नायला नईम ने किया।

डा.अमित कुमार बंसल ने कार्यक्रम संयोजक व डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा.लोकेश कुमार अग्रवाल, डीन एकेडेमिक्स मनोज कुशवाहा व सभी विभागाध्यक्षों/शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को कार्यक्रम के सफलतम आयोजन के लिए बधाई दी।

इस मौके पर चीफ प्रोक्टर डा. शुएब अली खान सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, अंकित राजन अग्रवाल, डा. शुभम राजपूत, गौरव गुप्ता, विभोर राजवंशी, सुधीर लाबा, डा. फैजल अंसारी आदि मीडिया प्रभारी सुनील भारद्वाज, श्वेता गौड़, डा. अभिषेक चौधरी, उज्जवल कुमार, विमल कश्यप, विवेक कुमार एन पी एस भंडारी, बिजेंद्र कुमार, विपिन कुमार, गजेंद्र कुमार, निर्मि. कता, हर्ष राजपूत, राशि सिंह, संगीता शर्मा आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्मार्ट मीटर बन चुके हैं स्मार्ट चीटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** स्मार्ट मीटरों में गड़बड़ी, गलत बिलिंग और बढ़ते बिजली बिलों के खिलाफ सड़क पर उतरे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और स्मार्ट मीटरों को हटाकर पुराने मीटरों को लगाने की मांग की।

### 0 आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आतिर हुसैन के नेतृत्व में स्मार्ट मीटरों के विरोध में प्रर्दशन किया। बिजलीघर पर आयोजित विरोध प्रर्दशन में आतिर हुसैन ने कहा कि स्मार्ट मीटर अब 'स्मार्ट चीटर' बन चुके हैं, जो दिन-दहाड़े आम जनता की जेब पर डाका डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन मीटरों के कारण बिजली के बिल कई गुना बढ़ रहे हैं, जिससे आम आदमी आर्थिक रूप से कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली कटौती और प्रीपेड मीटर व्यवस्था की खामियों ने लोगों का जीवन बेहद कठिन बना दिया है। आतिर हुसैन ने मांग की कि पहले से लगे सभी खराब स्मार्ट मीटरों को हटाकर उनकी जगह पुराने मीटर दोबारा लगाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेगी। आज भी बहुत लोग विरोध में शामिल हैं, लेकिन आने वाले समय में यह आंदोलन हर सड़क, हर मोहल्ले और हर गली तक पहुंचेगा, और हजारों-लाखों लोग इसमें भाग लेंगे। धरना-प्रदर्शन में दानिश, मोहम्मद अयूब, अली फराज, इमरान हुसैन, शौकीन, आजम, याकूब, शाहनवाज, इफ्तेखार, मुदस्सर, अतीक, सचिन कुमार, शकीर, रिहान, नसीम, भवन दास, अमर पाल, वीर सिंह, रघुनंदन, खुशीराम, ओमेश कुमार, तौफीक, अतीक, और काशिफ सहित कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल रहे।



सम्भल। स्मार्ट मीटर व बढ़े हुए बिलों के विरोध में प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता।

# टिकट की राजनीति में उलझे राजनेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं सम्भल असमोली और चंदौसी विधानसभा प्रभारी आतिर हुसैन ने कहा आज के समय में कई जनप्रतिनिधि जनता के मूल मुद्दों से दूर होते जा रहे हैं। शायद उन्हें यह यकीन हो गया है कि काम करें या न करें, वोट तो मिल ही जाएगा। यही वजह है कि जनहित की समस्याओं की बजाये टिकट की राजनीति हावी होती जा रही है। कोई अपने पिता के लिए टिकट मांग रहा है, तो कोई अपने बेटे के लिए। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये लोग जनता की असली समस्याओं/जैसे बिजली के बढ़ते

### 0आम आदमी पार्टी सुलझाएगी जनता की समस्याएं

बिल, गलत बिलिंग और स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों को भी उतनी ही गंभीरता से उठा रहे हैं? आम जनता इन समस्याओं से जूझ रही है। इन्हीं जनसमस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आतिर हुसैन के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर एवं बिजली संबंधी समस्याओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। 3 मई को शाम 4 बजे बिजली विभाग कार्यालय, सम्भल- मुरादाबाद मार्ग पहुँचकर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बिजली विभाग की अनियमितताओं, बढ़े हुए बिजली बिलों एवं स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के खिलाफ सशक्त रूप से आवाज उठाना है।

# पुजारी को लहूलुहान कर फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जाहरवीर की कुटिया के महंत पर देर रात्रि अज्ञात व्यक्तियों ने हमला बोल दिया। हमलावरों ने महंत को लहूलुहान किया और मौके से फरार हो गए। सुबह महंत को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।



सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नूरियो यराय निवासी तीरथनाथ पुत्र भोलूराम संत बन गए है। वह वर्तमान में हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बारीपुर भमरौव्वा स्थित जाहरवीर की कुटिया पर महंत है। महंत तीरथनाथ कुटिया की दत पर जाकर लेट गए। देर

### 0सुबह उपचार को लाया गया जिला अस्पताल

रात्रि करीब 10:45 बजे जब वह किसी काम से नीचे आए तो अज्ञात तीन व्यक्तियों ने उन्हे दबौच लिया और मारना-पीटना शुरू कर दिया। हमलावरों ने महंत के मुँह पर वारवार कर लहूलुहान कर दिया। महंत की चीख पर हमलावर मौके से भाग गए। सुबह पूजा अर्चना करने पहुंचे ग्रामीणों को इसकी जानकारी हो सकी। महंत पर हमले से ग्रामीणों में रोष फैल गया। सुबह को महंत को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

# रंजिशन घर का दरवाजा तोड़कर युवती को किया ज़ख्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रंजिशन दरवाजा तोड़कर घुसे आरोपियों ने युवती के साथ मारपीटकर घायल कर दिया।

नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम जालबसराय में विगत माह मार्च में जोगेन्द के परिवार से विवाद हो गया था। जिसमें उसकी पत्नी के साथ मारपीटकर बुरी तरह ज़ख्मी कर दिया था। इसकी रिपोर्ट आरोपियों के विरूद्ध दर्ज करायी गयी थी। तब से दोनों के परिवार में रंजिश चली आ रहा है। इसी रंजिश में आरोप है कि बिटटू, अंकित, प्रदीप और राजेश आ गए। आरोपियों ने घर का दरवाज़ा तोड़ डाला और वहां मौजूद नितांशी को मारपीटकर जक्ष्मी कर दिया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

# तेज हवा और बूंदा-बांदी से मौसम रहा नरम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तेज हवाओं और बारिश से मौसम बदला, तापमान में आई गिरावट रही। कड़क धूप में अधिक तेजी नहीं रही।

शनिवार देर रात मौसम ने अचानक करवट ली। रात करीब 12:00 बजे 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं और हल्की बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। तापमान में गिरावट से लोगों को राहत मिली। तेज हवाओं के कारण कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। जबकि दो पहिया वाहन सवारों को तेज हवा के चलते कुछ देर रुकना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को तापमान कम रहने से गर्मी से दो चार नहीं होना पड़ा।

# जनगणना डाटा नहीं होगा चोरी

### 0घर-घर गणना के बाद भी मोबाइल में सेव नहीं होगी जानकारी

**बबराला ( अनिरूद्ध शर्मा )।** जनगणना को इस बार पूरी तरह डिजिटल ढांचे में तैयार किया गया है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि घर-घर जाकर जुटाई जाने वाली जानकारी किसी भी गणनाकर्मी या सुपरवाइजर के मोबाइल में सेव नहीं रहेगी। डाटा दर्ज होने के बाद सीधो सुरक्षित सरकारी सर्वर तक पहुंच जाएगा।

सरकार का मकसद है कि इससे साइबर अपराध, मोबाइल चोरी, हैकिंग और निजी जानकारी के दुरुपयोग के खतरे को कम करना है। अधिकारियों के अनुसार जनगणना में पहली बार ऐसा सिस्टम तैयार किया गया है, जिसमें मोबाइल फोन केवल डाटा एंट्री का माधयम होगा, उसमें स्थायी स्टोरेज नहीं रहेगा। यानी कर्मचारी जैसे ही किसी परिवार का विवरण एप में भरेंगे, नेटवर्क उपलब्ध होने पर जानकारी एन्क्रिप्ट होकर सर्वर पर भेज दी जाएगी। इसके बाद मोबाइल पर उसकी कॉपी नहीं रहेगी। अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में डाटा चोरी और साइबर ठगी के मामलों में बढ़ोतरी के बाद सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई। इसी कारण नो लोकल स्टोरेज व्यवस्था अपनाई है, ताकि किसी उपकरण के गुम होने या गलत हाथों में जाने पर नागरिकों की निजी जानकारी तक पहुंच न बन सके। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल तरीके से हो रही है। प्रगणकों को भी इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पांच मई के बाद व्यक्ति स्वयं भी अपना विवरण पोर्टल पर भर सकता है। डिजिटल होने के बाद भी व्यक्ति का डाटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। सर्वे के दौरान परिवारों से जुटाई गई जानकारी फोन से सीधे सुरक्षित सर्वर में ही पहुंचेगी। इसके लिए सरकार की ओर से भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। जनगणना के पहले चरण में मकानों की सूची, भवन की स्थिति और बुनियादी सुविधाओं का विवरण जुटाया जाएगा। दूसरे चरण में परिवार के सदस्यों, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक व आर्थिक स्थिति समेत अन्य निर्धारित सूचनाएं ली जाएंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रत्येक जनगणना कर्मी को औसतन 200 परिवारों का दायित्व सौंपा है। उन्हें रोजाना करीब 20 परिवारों की एंट्री का लक्ष्य बताया गया है। इसके लिए मोबाइल एप संचालन, पहचान सत्यापन, लोकेशन टैगिंग और डेटा अपलोड की प्रक्रिया समझाई जा रही है। इस प्रक्रिया के दौरान किस कर्मचारी ने कितने घरों का सर्वे किया, कितनी प्रविष्टियां लंबित हैं और कौन सा क्षेत्र बाकी है, इसकी जानकारी कंट्रोल रूम स्तर पर ऑनलाइन देखी जा सकेगी। इससे काम की गति पर नजर रखने के साथ त्रुटियों को तुरंत सुधारने की गुंजाइश रहेंगी।

# पुस्तक हमें जीना सिखाती है पढ़ने मात्र से बढ़ती है सृजन शक्ति: उपजिलाधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भगवान बुद्व जयंती पर पुस्तक विमोचन, साहित्यकार सम्मान एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

आर्य समाज मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ कमलकांत तिवारी, नेहा मलय, अजय कुमार शर्मा एवं डा. प्रतोष मिश्रा ने माँ सरस्वती एवं भगवान बुद्व के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया। हिन्दू जागृति मंच एवं साहित्य सोम संगम के संयुक्त कार्यक्रम में साहित्य श्रेय एवं सोम सिंधु नामक दो साझा संकलन पुस्तकों का विमोचन उप जिलाधिकारी निधि पटेल, तहसीलदार धीरेंद्र सिंह, समाजसेवी डाक्टर अरविंद कुमार गुप्ता, एमजीएम डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा. डी एन शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के जिला सेवा प्रमुख राजेश कुमार गुप्ता, भाजपा के जिला महामंत्री हरिओम शर्मा, पंकज गुप्ता, हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा तथा संपादक अतुल कुमार शर्मा के द्वारा पुष्प वर्षा के साथ किया गया, साथ ही कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया। इन दोनों पुस्तकों का संपादन सम्भल के व्यंग्य कवि अतुल कुमार शर्मा द्वारा किया गया है। दूरदराज से आए साहित्यकारों का सम्मान भी किया गया जिसमें सुखपाल सिंह गौर, रीना खेडा, राहुल बृजवासी, डोरीलाल भास्कर, अखिलेश पुरोहित,मंगल सिंह मंगल, बीना देवी, डेजी रानी मिश्रा, धर्मपाल सिंह मित्र, डा. विशंभर दयाल अवस्थी, पी के आजाद, शांति राणा शांति, दीपक गोस्वामी,बेखुद योगेश बृजवासी, भागीरथ सिन्हा, संजय सुमन, डक्क संदीप सचेत, विकास मिश्रा, शिव कुमार चंदन, अवधेश विद्यार्थी, दिनेश पाल दिव्य, पूनम दीक्षित, ज्ञानप्रकाश उपाधयाय आदि कविगण उपस्थित रहे। सोमसिंधु एवं साहित्य श्रेय नामक पुस्तकों पर चर्चा करके,उप जिलाधिकारी निधि पटेल एवं तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भगवान बुद्व के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता एवं विकास कुमार वर्मा ने साहित्यकारों को स्मृति चिन्ह,सम्मान पत्र, शॉल भेंटकर एवं फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुमनलता शर्मा,ज्योति गुप्ता, रेखा शर्मा, सुमन वर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, वैभव गुप्ता, अंकुश त्यागी आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा नेहा मलय ने किया।




सम्भल- भगवान बुद्व जयंती पर आर्य समाज मंदिर में पुस्तक का विमोचन करते।

# क्रूज डूबने की घटना में मौतों पर शोक

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** भाजपा के गुन्नौर मण्डल अधयक्ष इंदीवर सिंह व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्रूज हादसे में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बरगी डैम में हुए क्रूज हादसे के बाद वायरल वीडियो ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि जब क्रूज का संतुलन बिगड़ने लगा, तभी यात्रियों को लाइफ जैकेट बांटी जा रही थीं, जबकि अधिकांश यात्री बिना लाइफ जैकेट के ही सफर कर रहे थे। वीडियो में कुछ लाइफ जैकेट बंडलों में बंद नजर आ रही हैं, जिन्हें अंतिम समय में खोलकर यात्रियों को दिया जा रहा है। एक दृश्य में महिला अपने छोटे बच्चे के साथ बिना लाइफ जैकेट के बैठी दिखाई दे रही है, जो सुरक्षा में बड़ी चूक को दर्शाता है। राहत-बचाव अभियान के दौरान डैम में लाइफ जैकेट के बंडल पानी में तैरते हुए भी मिले, जिससे यह आशंका और मजबूत हो गई है कि सुरक्षा मानकों का पालन ठीक से नहीं किया गया। हादसे से पहले यात्री क्रूज में संगीत और मनोरंजन का आनंद लेते दिखे, लेकिन उन्हें संभावित खतरे का अंदाजा नहीं था। इस हादसे में अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 28 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। ऐसे हादसे के जिम्मेदारों को कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाये। शोक व्यक्त करने वालों में इंदीवर, जूलियस सीजर,राहुल कुमार आदि रहे।

**अप्रशिक्षित व नाबालिगों के हाथ में है हैण्डिल**

# बिना पंजकीरण के दौड़ रहे ई रिक्शा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** परिवहन विभाग में पंजीकरण के बिना ई रिक्शा का संचालन प्रतिबंधित होने के बाद भी अप्रशिक्षित और नाबालिगों के हाथ में उसका हैण्डिल है,जबकि केन्द्र सरकार के मोटरयान नियामवली में संशोधन के तहत अब सम्भागीय परिवहन कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया था।

उच्चतम न्यायालय द्वारा ई रिक्शाओं के संचालन पर पाबंदी लगाने और केन्द्र सरकार से मोटरयान अधिनियम मे संशोधन के आदेश के बाद केन्द्र सरकार ने ई रिक्शा, ई कार्ट के पंजीकरण और फिटनेस व ड्राईविंग लाइंसेस तथा परमिट निर्गत किये जाने को लेकर अधिनियम में विगत वर्ष संशोधन किया था। केन्द्रीय मोटरयान नियामवली 1989 के विभिन्न उपबंधो के ई रिक्शा और ई कार्ट की बाबत किये गए संशोधनों के मददेनज़र ई रिक्शा पर मोटरयान अधिनियम

### नियमों का निर्धारण करने के बाद भी नहीं हो रहा पालन

लागू कर दिया गया, जिसके तहत ई रिक्शा चालक के लिए ड्राईविंग लाइसेंस अनिवार्य हो गया। नियामवली के नियम 16 में किये गए संशोधन के आधार पर ई रिक्शा चालक का सम्भागीय परिवहन विभाग द्वारा जारी किया जाने वाला ड्राईविंग लाईसेंस की वैधता सीमा के साथ जिस जनपद का डीएल जारी किया जायेगा उस जनपद के बाहर लाईसेंस धारक ई रिक्शा का संचालन नही कर सकेगा। जबकि ई रिक्शा के पंजीकरण के लिए डिस्ट्रीब्यूटर से खरीदा गया पत्र के साथ उसका पंजीकरण शुल्क ओर निधारित कर जमा करने के बाद ही संचालित हो सकेंगे। पंजीकृत रिक्शा संचालक एक स्थान से सवार बैठाकर जगह-जगह नही रोकेगें,बल्कि ईरिक्शा में सवारी करने वाले यात्रियों को बीच में न रोककर निर्धारित स्थानों पर ही उतराया जायेगा,मगर इसके विपरीत ई रिक्शा का संचालन बिना पंजीकरण के किये जा रहे हैं। परिवहन विभाग की ओर से इस पर शिकंजा नहीं कसा जा रहा। जिससे ताबड़-तोड़ संख्या में ई रिक्शाओं के अवैध संचालन से हर समय गली हों या मोहल्ला अथवा मुख्य सड़कों पर जाम ही जाम से लोगों को जूझना पड़ रहा है।

# सस्ती रेलयात्रा से शहरवासी आज भी वंचित

### 0बजट के समय ज़ोरदार ढंग से उठने वाला मुददा रहता है गायब

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** देश के हर प्रदेश व शहर कस्बे में लोग सस्ती रेलयात्रा का लाभ उठा रहे हैं, लेकिन नगर एवं क्षेत्रवासी आज राजनैतिक पिछड़ पन व अन्य कारणों से आज भी इस लाभ से वंचित चले आ रहे हैं। बजट के समय विस्तारीकरण का गरमाने वाला मुददा अब बिल्कुल खामोश है। जिसके चलते कोई लाभ मिलने की शहरवासियों को उम्मीद कम ही है।

देश के दुर्गम हिस्सों में भी रेल सीटी की आवाज़ कानों में सुनाई पड़ जाती है, मगर ऐतिहासिक नगरी में आज भी गाहे-बगाहे इसे सुनने को मिलता है। सस्ती रेलयात्रा और कम समय में ही देश की राजधानी तक पहुंचने के लिए रेलवे लाईन के विस्तार की मांग वर्षों से चली आ रही है,लेकिन सुधार न होने और विस्तारी करण न होने के कारण नगर एवं क्षेत्रवासियों का रेलयात्रा से सर्म्पक आज भी कटा हुआ है। रेल लाईन व्यवस्था ठीक नही होने से न केवल विकास की गति थमी हुई है,बल्कि मेंहगाई के दौर में देश-विदेश में प्रसिद्व सींग हड्डी से बने सामान और मैंथा से बने प्रोडक्टक को मेंहगाई की मार से ट्रांसपोर्ट के बढ़े भार के चलते दूर देशो तक इसकी रफ्तार रूकी हुई है। जिससे विकास की गति भी थमी हुई है। जबकि रेल यातायात की सुविधा न होने से यहां के बाशिंदो का अपने ही देश में अन्य प्रदेशों के लोगों का सर्म्पक कटा हुआ है। धीमी पड़ी रफ्तार और रेल सेवाओं की बहाली को मांग को लेकर राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता कई बार मांग उठा चुके,किन्तु नतीजा अभी तक शून्य रहा है। हालांकि सांसद सतपाल सैनी के प्रयासों से डीएमयू रेल का संचालन करा दिया गया,लेकिन रोज़ाना चलने वाली पैसेंजर ट्रेन को बंद कर दिया। चुनाव के समय रेल लाइन की मंजूरी कराने का जमकर बखान किया जाता है,किन्तु चुनाव समाप्ति के बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है,जबकि रेल बजट के समय में भी रेल लाइन विस्तारीकरण का मामला काफी गरमाया,परन्तु इसके बाद फिर यह ठंडा पड़ जाता है। हालांकि एक संगठन की ओर से इस मुददे को बराबर गर्म रखा जाता है लेकिन बजट से पूर्व अखबारों की सुर्खियां बनने वाले संगठन के लोग बजट बाद घरों पर दुबक जाते हैं।

# बिना कर्म के न जीवन का निर्वाह न ही किसी कार्य की सिद्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गीता ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर भक्तों ने गीता के दिव्य ज्ञान का लाभ प्राप्त किया। गीता व्यास स्वामी कृष्णानंद ने गीता के अध्याय 5, 6 एवं 7 का अत्यंत सरल, सारगर्भित एवं जीवनोपयोगी व्याख्यान प्रस्तुत किया। स्वामी जी ने बताया कि मानव जीवन का मूल उद्देश्य कर्मयोग है। जन्म से लेकर मरण तक मनुष्य कर्म करने के लिए बाधय है। बिना कर्म के न तो जीवन का निर्वाह संभव है और न ही किसी कार्य की सिद्धि। इसीलिए प्रत्येक व्यक्तिको अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सत्कर्मों में निरंतर लगे रहना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्म ही साधान है और कर्म के द्वारा ही हर कार्य पूर्णता को प्राप्त होता है। स्वामी जी ने आगे कहा कि कर्म को सही दिशा देने के लिए मन का नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। मन यदि संयमित है, तो व्यक्ति सही और गलत का निर्णय सहजता से कर सकता है। क्या करना है और क्या नहीं करना है। इसका वास्तविक ज्ञान किसी तत्वज्ञानी गुरु के सान्निधय में ही प्राप्त होता है। गुरु के प्रति श्रृद्वा, सेवा भाव और जिज्ञासा के साथ प्रश्न करने से ही ज्ञान का द्वार खुलता है और जीवन का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने ज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस संसार में ज्ञान से बढ़कर कुछ भी नहीं है। ज्ञान के माध्यम से व्यक्ति सभी साधनों को प्राप्त कर सकता है, किंतु केवल साधनों के माध्यम से ज्ञान की प्राप्ति संभव नहीं है। सच्चा ज्ञान बाहरी मायावी संसार में नहीं, बल्कि हमारे अपने अंत:करण में विद्यमान है। जब व्यक्ति अध्यात्म के मार्ग पर चलता है, तब वह इस सत्य को अनुभव करता है कि ज्ञान उसकी आत्मा में ही स्थित है। अंत में स्वामी जी ने अपने श्रीमुख से प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि जीवन में दु:खों का अंत वही कर सकता है जो अनुशासन और संतुलन को अपनाता है। समय पर जागना, समय पर संतुलित आहार लेना, नियमित आचार-विचार रखना और समय का सदुपयोग करते हुए अपने कार्यों को पूर्ण करनाख्र यही सफलता और शांति का मूल मंत्र है। कार्यक्रम का समापन भक्ति भाव से ओत-प्रोत भजन-कीर्तन एवं मंगलमयी आरती के साथ हुआ। श्रृद्वालु भक्तगण भक्ति रस में भावविभोर होकर नृत्य एवं संकीर्तन करते हुए भगवान के चरणों में अपनी श्रृद्वा अर्पित करते नजर आए। पूरे वातावरण में भक्ति, श्रृद्वा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संचार हुआ, जिससे सभी उपस्थित जनमानस आनंद और शांति का अनुभव करते हुए अपने जीवन को सकारात्मक दिशा देने का संकल्प लेकर लौटे।

# विद्यालय में टॉप करने वाली छात्रायें सम्मानित

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2025-26 में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रृष्टि कश्यप, श्रुति, और खुशी वर्मा स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अल्पना चौधरी ने छात्राओं का माला पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय की अध्यक्ष चन्द्रवती गौतम ने छात्राओं को मिठाई खिलाई। छात्राओं को किताबें, डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात् प्रधानाध्यापिका अल्पना चौधारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्राओं को इनसे सीख लेकर अभी से परीक्षा की तैयारी शुरू कर दें और विद्यालय परिवार की सभी शिक्षिकाओं ने आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मीनाक्षी, अनुराधा, नेहा यादव, कमलेश शर्मा, महक काजी, नम्रता उपाध्याय, पुष्पा, अंजलि, प्रियंका तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



बबराला- सरस्वती कन्या उ. मा. विद्यालय की सम्मानित टॉपर छात्रायें।

**स्कूलों में नौनिहालों की सुरक्षा ईश्वर भरोसे**

# नहीं हो रहा नेशनल बिल्डिंग कोड का पालन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विद्यालयों में नेशनल बिल्डिंग कोड का पालन नहीं किया जा रहा है। नौनिहाल ईश्वर के भरोसे है।

स्कूलो में नौनिहालों का जीवन खतरे में है। विद्यालयो में सुरक्षा के ठोस उपाय नहीं है। इसके मानकों का पालन न करके दरकिनार कर दिया गया हे। अभिभावक अपने बच्चो को घर के बाद स्कूलो में ही सुरक्षित समझते हें,लेकिन वहां गलती से आग लगए जाये तो बचाव की व्यवस्था के पर्याप्त सुलभ नहीं हैं। जनपदीय क्षेत्र मे बहुत से विद्यालयों की स्थिति ऐंसी है। जहां नेशनल बिल्डिंग कोड का पालन नहीं किया जा रहा है। वहां ऐंसी लचर व्यवस्था है कि अगर कुछ हो तो शायद यंत्र काम करे इस ओर अधिकारियों की भी नज़र नहीं है। कुछ स्कूलों की बिल्डिंग भी खस्ताहाल है, जो खतरा है। सरकार की ओर से स्कूलों में नेशनल बिल्डिंग कोड निर्धारित किया गया है। जिसके तहत स्कूलों में कम से कम फायर एक्सटिंगयुशर, रेत से भरी बाल्टियां होनी चाहिये अगर विद्यालय बहुमुज़िला है तो ऊपर पानी के टैंक की व्यवस्था होनी चाहिये। इसमें हर समय पानी भरा रहना चाहिये। अगर जिससे किसी भी स्थिति से निबटा जा सके,जबकि विद्यालयों मे ऐंसे मानकों को दरकिनार किया जा रहा है। इसके अलावा स्कूलों को ले जाने वाले वाहन सिलेंडर से चल रहे है। जो गर्मी में जान लेवा हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में नौनिहालों की ज़िन्दगी राम भरोसे ही है। ईश्वर ही उनकी रक्षा कर रहे हें,नहीं तो वह सफर से विद्यालय तक खतरे में हैं।

# गंगा एक्सप्रेसवे से समय व खर्च की हुई बचत

**बबराला।** समय व खर्च की हुई बचत बबराला नगर के लोहिया कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर उमेश यादव ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे बबराला से 5 कालीदास मार्ग लखनऊ केवल 3 घंटें 30 मिनट में पहुंच गये। बहुत ही अच्छा अनुभव रहा। टोल टैक्स अभी फ्री है और ज्यदा जानकारी के लिए बता दे कि पहले हम कई घंटे मैं पहुंचते थे अब 3:30 घंटे में इस हिसाब से देखिए कि 3:30 गाड़ी एक्स्ट्रा चलती थी उसमे कितना डीजल या पेट्रोल की खपत होती होगी उस हिसाब से टोल टैक्स बहुत कम है समय की बचत के लिए अवश्य जाए परंतु सावधानी पूर्वक सफर करें।

# क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध उग्र

## गुस्साए ग्रामीणों ने साफ कह दिया, अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र में स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध अब उग्र होता जा रहा है। अहमदनगर जैतवाड़ा से शुरू हुआ गुस्सा अब काजीपुरा तक फैल चुका है, जहां लोगों का सब्र जवाब देता नजर आ रहा है। अहमदनगर जैतवाड़ा के ग्रामीणों का आरोप है कि मीटर में रिचार्ज करने के बावजूद भी उन्हें समय पर बिजली नहीं मिल रही। कई बार शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। कुंदरकी के एसडीओ दया शंकर समेत अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। गुस्साए ग्रामीणों ने साफ कह दियाख्रअगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन होगा और हाईवे जाम किया जाएगा। मौके पर ग्राम प्रधान उबैश पाशा और AIMIM प्रत्याशी मोहम्मद हाजी बारिश सहित कई लोग पहुंचे और ग्रामीणों का समर्थन किया। सभी ने एक सुर में मांग उठाईख्र"स्मार्ट मीटर हटाओ, पुराने मीटर लगाओ।" इसी बीच काजीपुरा की महिलाओं का गुस्सा भी फूट पड़ा। नाराज महिलाओं ने दूसरी बार हाईवे जाम कर दिया और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही, जिससे उन्हें सड़क पर उतरने को मजबूर होना पड़ा। देर रात तक धरना और प्रदर्शन जारी रहा, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन समय रहते जागेगा या फिर यह विरोध और उग्र रूप लेगा?



# मानसिक रूप से बीमार महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

**कांठ (शाह टाइम्स)** महीनों से सड़कों पर घूम रही मानसिक रूप से बीमार महिला की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया और उसके परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी। एक मानसिक रूप से बीमार महिला महीनों से नगर की सड़कों पर घूमती देखी जा रही थी पहले महिला हफ्तों तक भूड मंदिर के आसपास घूमती दिखाई दी उसके बाद तहसील में अधिवक्ताओं के चौंबरों के आसपास महिला को देखा जाने लगा करीब एक सप्ताह से कांठ मुख्तियारपुर नवादा के बीच एमबीडी स्कूल के पास महिला देखी जा रही थी कभी वह पेड़ की छांव में खेत में लेटी रहती तो कभी सड़क किनारे आकर बैठ जाती थी लेकिन रात महिला किसी समय मुख्य मार्ग पर डायट गेट की तरफ चली गई और किसी अज्ञात वाहन ने उसे सुबह टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

जानकारी करने पर पता लगा कि महिला का नाम संतोष है और उसके पति का नाम सतपाल है वह रहटा माफी थाना डिलारी गांव की रहने वाली थी और करीब 4 साल से मानसिक रूप से बीमार थी। सूचना पर परिजन मोर्चरी पहुंच गए।

# विकास बने एसपीसीए कार्यकारिणी के सदस्य

**कांठ( शाह टाइम्स )।** गौ रक्षक विकास शर्मा को अब प्रिवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल यानी एसपीसीए की कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किया गया है।

भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार के सुझाव के मुता. बिक पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त जनपदों में एसपीसीए की कार्यकारी का गठन किया गया है।



जिसमें मुरादाबाद जनपद से बालेचरण पुत्र रामुल ग्राम दलपतपुर विजेंद्र सिंह पुत्र हेतराम ग्राम ढाकवाला थाना डिलारी विकास शर्मा पुत्री योगेंद्र कुमार मोहल्ला पटेगंज कांठ संतोष नारंग पत्नी देवदत्त नारंग मानसरोवर कॉलोनी सचिन सक्सेना पुत्र कमल कुमार सक्सेना लाइन पार मुरादाबाद आशीष मिश्रा पुत्र राजेंद्र कुमार जयप्रकाश सक्सेना पुत्र रामजीलाल पीएससी खुशालपुर मुरादाबाद और मुजाहिद खान पुत्र मोहम्मद जाकिर निवासी पीतल नगरी को शामिल किया गया है। और इनसे पशु क्रूरता की रोकथाम गोवंश एवं अन्य पशुओं के संरक्षण तथा जागरूकता कार्यक्रम को और अधिक गति मिलने की उम्मीद जताई गई है।

# सड़क हादसे में सफाई नायक की मौत दिल्ली एम्स रेफर होने के बाद तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर क्षेत्र में शनिवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में वरिष्ठ स्थायी सफाई नायक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों और नगर पालिका कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई है।जानकारी के अनुसार वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ स्थायी सफाई नायक प्रदीप कुमार (56 वर्ष) शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे ड्यूटी पर कर्मचारियों की तैनाती का निरीक्षण कर रहे थे। निरीक्षण के बाद वह अपनी दोपहिया वाहन एक्टिवा से 52 फुटा शाहबाद रोड से मुड़कर घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार से उनकी भिड़ंत हो गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के समय उनके साथ आउटसोर्सिंग कर्मचारी ऋषिपाल (25 वर्ष) भी पीछे बैठे थे, जो सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घायल अवस्था में प्रदीप कुमार को तत्काल एक निजी



अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भी चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल रेफर कर दिया, जहां शनिवार देर रात उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। मृतक प्रदीप कुमार बिलारी के मोहल्ला कोरियान वाल्मीकि बस्ती निवासी थे। उनके परिवार में पत्नी, एक पुत्री और तीन पुत्र हैं। बताया जा रहा है कि उनकी पत्नी और एक पुत्र भी आउटसोर्सिंग सेवा में कार्यरत हैं। घटना की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। खबर लिखे जाने तक शव पोस्टमार्टम के बाद बिलारी लाया जा रहा था, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिजनों की ओर से थाना पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हज के लिए रवाना हुए मोहसिन कमाल व उनकी बेगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान के सगे चाचा मरहूम हाजी मोहम्मद सुल. मान सेठ के साहबजादे मोहसिन कमाल अपनी बेगम के साथ हज यात्रा के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले वह अपने पैतृक गांव पहुंचे, जहां उन्होंने सबसे पहले अपने वालिद मरहूम हाजी मोहम्मद सुलेमान सेठ की कब्र पर पहुंचकर फातिहा पढ़ी और दुआ की।

इसके बाद वह अपने घर पहुंचे और अपनी दादी समेत परिवार के सभी लोगों से मुलाकात की। इस दौरान माहौल भावुक हो गया। मोहसिन कमाल ने परिवार और गांव के लोगों से कहा कि अगर उनसे कभी कोई गलती हुई हो तो उन्हें माफ कर दें और उनके लिए खास दुआएं करें। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने गांव से बेहद लगाव है। यहीं उनका जन्म हुआ और यहीं वह पले-बढ़े हैं, इसलिए गांव की मिट्टी और लोगों से उन्हें बेहद मोहब्बत है। वह गांव और क्षेत्र के अमनो अमान और





तरक्की के लिए वहां दुआ भी करेंगे। बताते चलें कि कुछ ही दिन पहले उनके वालिद मरहूम हाजी मोहम्मद सुलेमान सेठ का इंतकाल हुआ था और उससे पहले उनकी वालिदा का भी निधन हो गया था। ऐसे में परिवार पहले से ही गमगीन माहौल से गुजर रहा है। हज यात्रा पर रवाना होने के समय परिवार के लोग और रिश्तेदार भावुक हो गए। चारों भाइयों ने एक-दूसरे को गले लगाया और घर वालों से मिलकर आंखें नम हो गईं। गांव और आसपास के तमाम लोग इकट्ठा हुए तथा मोहसिन कमाल और उनकी बेगम को मुबा. रकबाद देते हुए उनके हौसले बढ़ाए। सभी ने उनके लिए दुआ करते हुए कहा कि अल्लाह उनका हज कबूल फरमाए और उन्हें सलामती के साथ वापस लाए। विदाई के दौरान लोगों ने "नारे-तकबीर के नारों के साथ उन्हें रवाना किया। पूरे इब्राहिमपुर हाउस और बिलारी क्षेत्र में उनके हज पर रवाना होने को लेकर दुआओं और नेक तमन्नाओं का सिलसिला जारी रहा। वहीं माहौल में गम के साथ खुशी भी देखने को मिली। लोगों ने मोहसिन कमाल और उनकी बेगम के हज पर जाने को अपने क्षेत्र के लिए सौभाग्य बताया।

इस अवसर पर मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, समाजसेवी मोहम्मद साबिर हुसैन, हाजी मोहम्मद अनीस, मोहम्मद हसनैन, जुम्मा सूफी, सिफ्ते हसन, सफाहट हुसैन, हाजी रफीक साबरी, मोहम्मद इदरीश, मोहम्मद दूल्हा हसन, मुनाजिर हुसैन, राबिल पाशा, अब्दुल वाजिद, रियासत हुसैन, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद हसीब उर्फ बाबू, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद रिजवान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# हिन्दी साहित्य संगम की काव्य गोष्ठी में गूंजी राष्ट्र और समाज की भावनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हिन्दी साहित्य संगम के तत्वावधान में आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वन्दना से हुआ। सरस्वती वन्दना सुप्रसिद्ध कवि वीरेंद्र सिंह ब्रजवासी ने प्रस्तुत की।गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार ओंकार सिंह 'ओंकार' ने की। मुख्य अतिथि अशोक विश्नोई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रघुराज सिंह 'निश्चल' एवं डॉ. चिरंजीलाल 'चंचल' उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव जितेन्द्र कुमार जौली ने किया।काव्य गोष्ठी में कवियों ने समाज, राष्ट्र और मानवीय संवे. दनाओं को अपनी रचनाओं में पिरोया। जितेन्द्र कुमार जौली ने सुनाया- तम्बाकू का सेवन करके, बहुत लोग मर जाते हैं। तम्बाकू से दूर रहेंगे, चलो कसम ये खाते हैं। प्रशान्त मिश्र ने बाल मन की पीड़ा को स्वर दिए- स्कूल की दहलीज पर, जब मैंने उसे खुद को छोड़ते देखा...। राजीव 'प्रखर' ने पंछियों के माध्यम से आजादी का मर्म समझाया। मनोज वर्मा 'मनु' ने पिता के महत्व को रेखांकित किया- उनसे ही अस्तित्व हमारा, उनसे ही पहचान। योगेन्द्र वर्मा 'व्योम' ने रिश्तों की टूटन पर कहा- सम्बन्धों के पाँव में, आयी कैसे मोच। डॉ. चिरंजीलाल 'चंचल', रघुराज सिंह 'निश्चल', कमल कुमार शर्मा और वीरेंद्र सिंह ब्रजवासी ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाएं प्रस्तुत कीं। अशोक विश्नोई ने सामाजिक विसंगतियों पर कटाक्ष किया- मर चुका आँख का पानी लिख, उजाले हुए घरों की कहानी लिख। ओंकार सिंह 'ओंकार' ने युद्ध की विभीषिका बताई- बारूदी बम-विस्फोटों से, सारी धरती डोली है। डॉ. महेश दिवाकर और नकुल त्यागी ने भी सारगर्भित रचनाएं सुनाईं।कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष ओंकार सिंह 'ओंकार' ने सभी कवियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए साहित्यिक गति. विधियों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। गोष्ठी में उपस्थित साहित्य प्रेमियों ने कविताओं का भरपूर आनंद लिया।




# विश्व प्रेस आजादी दिवस पर राजनीतिक दल या समाजसेवियों को नहीं आई पत्रकारों की याद

**कांठ( शाह टाइम्स )** विश्व प्रेस आजादी दिवस पर राजनीतिक दलों या समाज सेवियो को पत्रकारों की याद नहीं आई। जिसे लेकर पत्रकारो ने आश्चर्य व्यक्त किया। प्रेस क्लब की बैठक में इस पर चर्चा हुई। बताया गया की 1991 में अफ्रीका के पत्रकारों ने प्रेस की आजादी के लिए मुहिम छेड़ी थी इन पत्रकारों ने 3 मई को प्रेस की आजादी के सिद्धांतों को लेकर बयान जारी किया था। जिसे डिक्लेरेशन ऑफ विंडहोक के नाम से भी जानते हैं इसके ठीक 2 साल बाद यानी 1993 में संयुक्त राष्ट्र की महासभा ने पहली बार विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाने का फैसला किया था उस दिन से लेकर आज तक हर साल 3 मई को विश्व प्रेस आजादी दिवस मनाया जाता है बतादें कि दुनिया भर में आए दिन पत्रकारों पर हुए उत्पीड़न और हमलो की खबरें रोज सुनने को मिलती है। पत्रका. रिता एक जोखिम भरा काम भी है पत्रकारिता के दौरान पत्रकारों पर कई बार हमले भी किए जाते रहे हैं फिर चाहे सऊदी अरब के जमाल खगोशी हो या फिर भारत की गोरी लंकेश समय-समय पर पत्रकारों पर हमले या फिर उनकी हत्या की खबर सामने आ जाती है ऐसे में पत्रकारों पर हो रहे उत्पीड़न और उनकी आवाज को अलग-अलग ताकतो द्वारा दबाया ना जाए इसलिए भी विश्व प्रेस आजादी दिवस मनाया जाता है। सन 1997 से हर साल 3 मई यानी विश्व प्रेस आजादी दिवस पर यूनेस्को, गिले. रमो कानो बर्ड प्रेस फ्रीडम पुरस्कार, देता है यह उस संस्थान या फिर व्यक्ति को दिया जाता है जिसने प्रेस की आजादी के लिए कुछ बड़ा काम किया हो साथ ही इस दिन स्कूल कॉलेज में इस पर चर्चा और वाद विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा इस खास दिन के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सेमिनार आयोजित किए जाते हैं।




## एक नजर

### रात को ठीक-ठाक घर पर सोया युवक लापता गुमशुदगी दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** रात को घर पर सोया युवक लापता हो गया युवक की दादी ने थाना छजलैट में गुमशुदी दर्ज कराई है पचोकरा खानपुर की मिथिलेश पत्नी ऋषिपाल सिंह का कहना था कि 1 मई की रात को उसका पोता प्रियांक चौधरी पुत्र विक्की किसी समय गायब हो गया सुबह को इसकी जानकारी मिली तो परिजनों ने उसकी हर जगह तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। महिला का कहना था कि उसके पोते की उम्र करीब 16 साल है पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए गुमशुदी दर्ज की है।

### आकाश कोरियन ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों ने किया आश्चर्यजनक प्रदर्शन



कांठ( शाह टाइम्स) आकाश कोरियन ताइक्वांडो एकेडमी कांठ के खिलाड़ियों ने नजीबाबाद में आयोजित 15 वीं इंटर स्कूल ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक प्राप्त किए।रविवार को नजीबाबाद में आयोजित 15 वीं इंटर स्कूल ताइक्वांडो चौंपियनशिप में सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्गों में खिलाड़ियों ने भाग लिया। आकाश कोरियन ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। अथर्व विश्नोई, मधुर त्यागी और वंश सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं पौरष चौहान और ध्रुव विश्नोई ने रजत पदक प्राप्त किए। इसके अलावा दिव्यम विश्नोई और पूर्विक राज सिंह ने कांस्य पदक जीतकर एकेडमी का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में शौर्य प्रताप का विशेष योगदान रहा। खिलाड़ियों ने जीत का श्रेय अपने कोच हर्ष शर्मा व रीतिका शर्मा को दिया। हर्ष शर्मा एवं रितिका शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि लगातार अभ्यास और अनुशासन से ही इस प्रकार की सफलता हासिल होती है।

### जिला बार एसोसिएशन चुनाव चार मई को नामांकन 30% पद महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित

**मुरादाबाद।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देश पर वर्ष 2007 में जिला बार एसोसिएशन मुरादाबाद ने मॉडल बायलॉज के आधार पर चुनाव कराए थे। उसी क्रम में एसोसिएशन के नवीनीकरण हेतु बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को भेजा गया और प्रदेश में जिला बार एसोसिएशन मुरादाबाद का नवीनीकरण संख्या 1/2008 था, जो मॉडल बायलॉज के अनुसार प्रदेश में प्रथम नवीनीकरण था।यह जानकारी देते हुए मॉडल बायलॉज के अनुसार चुनाव में जिला बार एसोसिएशन के प्रथम महामंत्री और डीजीसी सिविल मुरादाबाद अजय गुप्ता ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत देशभर की समस्त बार एसोसिएशनों में तीस प्रतिशत महिला अधिवक्ताओं का आरक्षण कर दिया गया है। उसी क्रम में एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में कार्यकारिणी के तीस प्रतिशत पद महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित किए गए हैं।वार्षिक चुनाव में नामांकन पत्र प्रस्तुत करने हेतु 4 मई की तिथि नियत है। नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का समय प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित किया गया है।चुनाव समिति में एल्डर कमेटी के चेयरमैन फारूक अहमद निजामी, सदस्य ललित अरोड़ा, जयवीर सिंह, रामाशंकर टंडन एवं सत्यप्रकाश भटनागर के अतिरिक्त निवर्तमान अध्यक्ष हर प्रसाद, महामंत्री सरदार प्रकाश वीर सिंह व डीजीसी सिविल अजय कुमार गुप्ता शामिल हैं।

### शिव पार्वती रसोई द्वारा छोले-चावल एवं शीतल जल का भोग वितरित, सेवा को बताया सच्चा धर्म



**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई द्वारा आज श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ छोले-चावल एवं शीतल जल का भोग वितरित किया गया। भीषण गर्मी में राहगीरों और जरूरतमंदों ने प्रसाद ग्रहण कर संस्था के इस सेवा कार्य की सराहना की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एवं संस्थापक पुष्प यादव एडवोकेट ने कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है, और जरूरतमंदों की सहायता करना मानव जीवन का सर्वोच्च पुण्य कार्य है। उन्होंने कहा कि भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ी मानव सेवा है। उन्होंने सभी सदस्यों से आह्वान किया कि इसी प्रकार निस्वार्थ भाव से समाज सेवा में निरंतर योगदान देते रहें, जिससे मानवता की सेवा का यह पवित्र कार्य आगे बढ़ता रहे। पुष्प यादव ने कहा कि शिव पार्वती रसोई का संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। आज की रसोई में प्रत्यूष यादव, डॉ. सतवीर चौहान, अंकुर यादव, आशीष यादव, राहुल शर्मा, योगेश भारती, सुनीत अग्रवाल, शुभम चौधरी, विवेक गुप्ता, पारस त्यागी, विनय कश्यप, ओम प्रकाश सिंह, हरिओम शर्मा सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने भोजन वितरण में सक्रिय भागीदारी निभाई और स्वयं अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया।

शिव पार्वती रसोई का यह सेवा कार्य समाज में सहयोग, करुणा और भाईचारे का संदेश दे रहा है। संस्था द्वारा नियमित रूप से चलाए जा रहे इस भंडारे से प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंद लाभान्वित हो रहे हैं।

### अखिल वैश्य महिला महासभा की परिचयात्मक बैठक संपन्न, महिला सशक्तिकरण पर जोर

**मुरादाबाद।** अखिल वैश्य महिला महासभा द्वारा रविवार को एक गरिमामयी परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन की गति. विधियों, उद्देश्यों एवं भावी योजनाओं से सभी को अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती अल्पना रितेश गुप्ता ने महिलाओं की एकता, सशक्तिकरण एवं सामाजिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठित प्रयासों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। महासभा की पदाधिकारियों ने संस्था के उद्देश्योंख्रमहिलाओं के उत्थान, शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक जागरूकताख्रपर विस्तार से चर्चा की। भविष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी साझा की गई। बैठक में उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार रखे और संगठन को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष श्रीमती तनु गुप्ता ने किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष श्रीमती दीपा गुप्ता, जिला महामंत्री श्रीमती प्रियंका गुप्ता, इरा बंसल, शिवानी गुप्ता, पूजा जैन, ज्योति अग्रवाल, रुचि गुप्ता आदि मौजूद रहीं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप ईसापुर में मारपीट में युवक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** कोतवाली बिलारी क्षेत्र के गांव ईसापुर में बच्चों के बीच हुआ मामूली विवाद उस समय हिंसक रूप ले बैठा, जब दोनों पक्षों के बड़े लोग भी आमने-सामने आ गए। आरोप है कि बच्चों के झगड़े को शांत कराने के बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने घर पहुंचकर मारपीट कर दी, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित पक्ष ने थाना बिलारी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव ईसापुर निवासी इंतेरखाव पुत्र वाहिद ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि रविवार शाम लगभग 6:30 बजे उनके बच्चे गांव में खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चों के बीच कहा. सुनी के बाद झगड़ा हो गया। सूचना मिलने पर प्रार्थी मौके पर पहुंचे और बच्चों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया। आरोप है कि कुछ देर बाद मुर्तजा पुत्र भूरे, कासिम पुत्र मकसूद तथा मुर्तजा के साले (नाम अज्ञात) ने मिलकर प्रार्थी और ताहिर हुसैन पुत्र जाहिद हुसैन के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान ताहिर हुसैन के सिर में गंभीर चोट आई, जिससे वह घायल हो गए। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल युवक को उपचार एवं मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। पीड़ित इंतेरखाव ने थाना बिलारी में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# विवेचना करने गई पुलिस टीम पर हमला

## पच्चीस लोगों पर केस दर्ज, दो महिलाएं गिरफ्तार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढापांडे।** थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर वरियार उर्फ खरक में मुकदमे की विवेचना करने पहुंची पुलिस टीम पर वादी व उसके परिजनों-समर्थकों ने हमला कर दिया। पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने और हमले के आरोप में 25 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

रविवार को दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दिनांक 02/05/2026 को दोपहर करीब 1 बजे उपनिरीक्षक आक. ाश परमार पुलिस टीम के साथ मु0अ0सं0-95/26 धारा 303(2) बीएनएस की विवेचना के लिए वीरपुर वरियार में वादी अली अहमद उर्फ नन्ने के घर पूछताछ करने गए थे। आरोप है कि पूछताछ के दौरान वादी अली अहमद उर्फ नन्ने व उसके परि. जनों ने पुलिस टीम से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। पुलिस टीम ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई।12 नामजद समेत 25 पर केस उ0नि0 आकाश परमार की तहरीर पर थाना मूढापांडे में मु0अ0सं0-0124/2026 धारा-191(2), 191(3), 115(2), 352, 109(1), 132 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

इसमें 12 नामजद आरोपी हैं: अली अहमद उर्फ नन्हे पुत्र हमीद. अनवरी पुत्री अली अहमद उर्फ नन्हेआलिम पुत्र अली अहमद उर्फ नन्हेनाजिम पुत्र अली अहमद उर्फ नन्हेसलीम उर्फ भूरा पुत्र अली अहमद उर्फ नन्हेमुस्कान पुत्री आलिमनूरी पत्नी सलीमभूरी पत्नी सलमानरेशमा पत्नी शहनवाजशहनवाज पुत्र तसलीम शाकिर पुत्र शकीलनासिर पुत्र नन्हे, सभी निवासी वीरपुर वरियार उर्फ खरक।

इनके अलावा 13 अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने रविवार को बलवे में शामिल दो महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदर्शन के बाद अधिकारी पहुंचे गांव, स्मार्ट मीटर और बढते बिल का ग्रामीणों कर रहे विरोध



**कुंदरकी।** रविवार को क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा में विधुत विभाग के अधिकारियों ने स्मार्ट मीटर का विरोध करने और अधिक बिल से जूझ रहे ग्रामीणों की समस्याएं जानी। जानकारी के अनुसार शनिवार को कुंदरकी बिजलीघर पर महिलाओं द्वारा किये गए प्रदर्शन के अगले दिन विभागीय अधिकारी ग्राम काजीपुरा पहुंचे, जहां ग्रामीणों से उनके बढ़ते बिल और स्मार्ट मीटर से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को अस्वासन दिलाते हुए कहा कि यदि किसी का बिल अधिक आ रहा है तो वे एक चेक मीटर लगाकर पता कर सकते हैं कि उनका बिल अधिक आ रहा है या नही।

साथ ही बिल में खराबी या अन्य जुड़ी कोई समस्या है उसका समाधान भी किया जाएगा। मोके पर पहुंचे अधिकारियों ने कुछ उपभोक्ताओं के बिल भी चेक किये। इस दौरान अधिशाषी अभियंता अमरीश कुमार,लोकेश गौतम,सहायक अभियंता सुशील प्रकाश पांडेय, एसडीओ दयाशंकर जेई जयवीर सिंह मौजूद रहे।

### जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण और गणना का होगा कार्य

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण और गणना का कार्य होगा। इसके तहत वेव पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं भर सकते हैं। हालांकि यह अनिवार्य नहीं वैकल्पिक है। इसके बाद 22 मई से 20 जून तक फील्ड कर्मचारी घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे और परिवार, मकानों और परिसंपत्तियों से जुड़े 33 सवालों के जवाब दर्ज करेंगे। स्वगणना का लाभ यह होगा कि समय की बचत और सुविधा होगी।

लोग गणनाकारों के आने का इंतजार किए बिना खुद ही अपनी जानकारी भर सकते हैं। स्वयं डाटा भरने से गलतियों की संभावना कम हो जाती है, जिससे जनगणना का डेटा सटीक बनता है।जनगणना का दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा। इस दौरान जाति और धर्म से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। हालांकि इन सवालों का क्या प्रारूप होगा, अभी यह तय नहीं किया गया है। 1 मार्च 2027 की रात 12 बजे देश की जनसंख्या के आंकड़े जारी किए जाएंगे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को जागरूक करते हुए महिला संबंधित समस्याओं के समाधान के बारे में जानकारी दी। साथ ही महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करने का संदेश दिया गया। मिशन शक्ति-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुरक्षा सेवाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए। जागरूकता अभियान में वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही मोबा. इल पर इमरजेंसी कॉल और पैनिक बटन के उपयोग का प्रदर्शन भी किया गया।

पुलिस विभाग का कहना है कि इस तरह के अभियानों के माध्यम से महिलाओं और बालि. काओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर और सुरक्षित महसूस कर सकें।

# अमृत योजना में लापरवाही, जर्जर पाइपलाइन से जलापूर्ति पर संकट



**चन्दौसी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत योजना (अटल मिशन फॉर रीजुवनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) का उद्देश्य शहरों और कस्बों में स्वच्छ पेयजल, बेहतर सीवरेज व्यवस्था और बुनियादी शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत देशभर में ओवरहेड टैंक निर्माण और नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है, ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंच सके।

इसी क्रम में जनपद संभल के चन्दौसी नगर पालिका क्षेत्र में भी अमृत योजना के अंतर्गत पाइपला. इन बिछाने का कार्य किया गया। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि जो पाइपलाइन पिछले वर्ष डाली गई थी, वह अब जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है और कई स्थानों पर लीकेज की समस्या सामने आ रही है। नागरिकों का कहना है कि कार्य में प्रशिक्षित कारीगरों की बजाय अनुभवहीन लोगों को लगाया गया, जिसके कारण पूरी पाइपलाइन प्रणाली प्रभावित हो गई। इसका सीधा असर जलापूर्ति पर पड़ रहा है और कई क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अमृत योजना का मुख्य उद्देश्य हर घर तक सुरक्षित और पर्याप्त जल उपलब्ध कराना है, लेकिन यदि कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान न दिया जाए तो योजना का लाभ आम जनता तक सही रूप में नहीं पहुंच पाता।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पाइपलाइन की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# टीएमयू के टीआईएमटी का वार्षिकोत्सव 'डेफोडिल' धूमधाम से संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टीएमयू के तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टीआईएमटी ) में वार्षिक उत्सव 'डेफोडिल' रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के डीन प्रो. विपिन जैन व अध्यापकगणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद सरस्वती व गणेश वंदना का गायन हुआ। प्रो. जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मुरादाबाद शहर ही नहीं बल्कि देश-विदेशों में अपना पहचान व नाम रोशन कर रहे हैं। यह अति प्रसन्नता की बात है कि यहां के सभी छात्र-छात्राएं नामचीन कंपनियों में कार्यरत हैं। संस्थान के डीन ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए, जिससे सभी छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण व संपूर्ण विकास हो सके। स्वागत भाषण संस्थान के डीन प्रो. जैन द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए कोर्स की विशेषताएं बताई। साथ ही उन्होंने संस्थान के उत्तीर्ण छात्रों द्वारा व्यावसायिक क्षेत्र में फैलाई गई सुगंध एवं सफलता का भी उल्लेख किया।कार्यक्रम पूर्ण रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों को समर्पित रहा। अतिथियों का स्वागत गुलदस्ते भेंट करके किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम में छात्रों द्वारा बॉलीवुड मैशअप, भांगड़ा, दरवा, महाराष्ट्रियन डांस प्रस्तुत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा बॉलीवुड मिक्स थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्राओं द्वारा पश्चिमी गानों पर डुएट नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्रों द्वारा भोजपुरी गाना प्रस्तुत किया गया और साथ-साथ छात्र-छात्राओं द्वारा रैंपवॉक भी किया गया। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया, जिनका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के डीन प्रोफेसर जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि हमारे छात्र हमेशा हर क्षेत्र में इसी तरह आगे बढ़ते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन विभिन्न मैनेजमेंट कोर्स के छात्रों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण ने सहयोग प्रदान किया।

# सत्यार्थ प्रकाश प्रतियोगिता में कपिल मुनि का आया प्रथम स्थान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सार्वदेशिक आर्यवीर दल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की सत्यार्थ प्रकाश प्रतियोगिता 2025 में आयोजित की गयी थी। जिनका परिणाम आने पर आज पुरस्कार वितरण किया गया। पुरस्कार वितरण आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद मुरादाबाद में दो प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिनमें वैदिक विद्वान कपिल मुनि और रविंद्र आर्य रहे। जिनको आर्यवीर दल के पदाधिकारियों ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।इनके अतिरिक्त 18प्रतिभागियो को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आर्यवीर दल के जिला संचालक लोकेश आर्य ने बताया कि इस परीक्षा में मानवता को उच्च आदर्शों पर स्थापित करने से संदर्भित प्रश्नों को पूछा जाता है। यह परीक्षा सत्यार्थ प्रकाश देकर घर बैठे ही सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों की करायी गयी थी।

पुरस्कार वितरण में ज्ञानेंद्र गांधी, डा अभय श्रोत्रिय रमेश आर्य, अजब सिंह आर्य अरविंद आर्यबंधु मयंक आर्य डा राम मुनि डा आलोक कुमार राजेश नारंग रविंद्र आर्य, रामाशंकर आर्य -प्रभा आर्य आदि उपस्थित रहे।

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र सुनील कुमार सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में सुनील कुमार सिंह के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से सुनील कुमार सिंह का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री श्याम सिंह व श्रीमती शिमला देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह निवासीगण मकान नम्बर बी-220 आशियाना-प्रथम एमडीए कालौनी, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किसान पब्लिक स्कूल के सामने भीषण सड़क हादसा, होमगार्ड समेत तीन लोग गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के कटघर थाना क्षेत्र में किसान पब्लिक स्कूल के सामने उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेज रफ्तार बाइक और ई-रिक्शा के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में होमगार्ड इंदर सिंह, जो ड्यूटी पर कटघर थाने जा रहे थे, गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा में सवार चालक समेत कुल तीन लोग भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों की पहचान फुरकान पुत्र (ग्राम जाटनी निवासी), सुरेंद्र पुत्र पांडे (गुलाम जिलानी, गाजीपुर निवासी) के रूप में हुई है, जो मुरादाबाद काम के सिल. सिले में जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई नीट परीक्षा, तीन केंद्रों पर हुए आयोजन

## जनपद भर में 1708 परीक्षार्थियों में से 39 ने छोड़ी परीक्षा





**चन्दौसी।** रविवार, 03 मई को जनपद संभल में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का आयोजन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। नगर के तीन परीक्षा केंद्रों एस.एम. इंटर कॉलेज, एस.एम. महाविद्यालय तथा नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज पर परीक्षा आयोजित की गई। सुबह 09 बजे से ही परीक्षार्थियों का केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गया था। सभी अभ्यर्थी कॉलेजों के बाहर चस्पा रोल नंबर और परीक्षा कक्ष की जानकारी लेते नजर आए। निर्धारित समयानुसार सुबह 11 बजे से परीक्षार्थियों का प्रवेश प्रारंभ किया गया। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर पुलिस का सख्त पहरा रहा। प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की गहन जांच की गई, जिसमें आधार कार्ड, प्रवेश पत्र आदि की जांच कराई गई। साथ ही सुरक्षा नियमों के तहत परीक्षार्थियों को जूते बाहर ही उतरवाने पड़े और केवल पेन-पेंसिल ही अंदर ले जाने की अनुमति दी गई। परीक्षार्थियों के साथ बड़ी संख्या में उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। बाहर से आए अभिभावकों और छात्रों को मार्गदर्शन देने के लिए जगह-जगह यातायात पुलिसकर्मी तैनात रहे, जो उन्हें सही दिशा दिखाते नजर आए। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों से संबंधित वार्ड एवं दिशा-निर्देश भी लगाए गए थे, जिससे परीक्षार्थियों को अपने निर्धारित केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उल्लेखनीय है कि दो परीक्षा केंद्र एस.एम. कॉलेज और एस.एम. महाविद्यालय में बनाए गए थे,

जबकि एक केंद्र नानकचंद आदर्श इंटर कॉलेज में स्थापित किया गया था।

# शांतिभंग के आरोप में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** दोनो पक्षो में किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षो के दो व्यक्तियों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांव सुंदरनगर भूतखेड़ा निवासी सुनील कुमार पुत्र पूरन सिंह और अजयपाल पुत्र लेखराज के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। दोनों पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों आरोपी को रविवार को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपितो का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

जहां से उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गया है।

## संक्षिप्त खेला समाचार

### अंशुल कम्बोज ने पर्पल कैप तालिका में भुवनेश्वर कुमार की बराबरी की

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ शनिवार को खेले गए मुकाबले में तीन विकेट झटक कर भुवनेश्वर कुमार के पर्पल कैप तालिका में 17 विकेटों की बराबरी कर ली है। चेन्नई सुपर किंगस ने पिछला मैच 26 अप्रैल को खेला था, जिसमें कम्बोज इस सीजन में पहली बार बिना विकेट के रहे थे, लेकिन कल मुम्बई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट लेकर उन्होंने जबरदस्त वापसी की और 17 विकेट तक पहुंच गए। वह भुवनेश्वर के साथ बराबरी पर हैं, लेकिन बेहतर इकॉनमी रेट 7-54 बनाम 8-49 के कारण पर्पल कैप अभी भी भुवनेश्वर के पास है। उनके पीछे शीर्ष पांच में राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर और एसआरएच के ईशान मलिगा 15-15 विकेट के साथ हैं।

### सेमीफाइनल में फ्रांस से हारकर भारत ने कांस्य जीता

**होरसेंस (डेनमार्क)।** भारतीय पुरुष टीम होरसेंस, डेनमार्क में आयोजित थॉमस एंड उबेर कप 2026 से कांस्य पदक लेकर लौटेगी, क्योंकि शुक्रवार को सेमीफाइनल में उन्हें फ्रांस के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। 2022 के चैंपियन, जिन्होंने क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे को चौंकाते हुए हराया था, को सेमीफाइनल मुकाबले से पहले एक बड़ा झटका लगा था, क्योंकि उनके शीर्ष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन को कोहनी की चोट के कारण बाहर बैठना पड़ा। इसके बाद पहली बार खेल रहे आयुष शेट्टी को पहला एकल मुकाबला खेलना पड़ा और 2025 ठॅथ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के विजेता क्रिस्टो पोपोव ने अपने प्रतिद्वंद्वी के अनुभव की कमी का फायदा उठाते हुए 21-11, 21-9 से जीत दर्ज की और भारतीयों को बैकफुट पर धकेल दिया।

# मित्तल ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाईजी को खरीदा

**नई दिल्ली।** यूके में रहने वाले भारतीय मूल के कारोबारी लक्ष्मी मित्तल ने राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि जयपुर फ्रेंचाइजी - जो इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल की शुरुआती आठ टीमों में से एक है, को खरीदने के लिए एक पक्का समझौता हो गया है।

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के आदर पूनावाला और मौजूदा मुख्य मालिक मनोज बदाले उस कंसोर्टियम का हिस्सा हैं, जिसने इस फ्रेंचाइजी को 1.65 अरब डॉलर (मौजूदा विनिमय दर के हिसाब से 15,660 करोड़ रुपये) में खरीदा है। यह घोषणा इसलिए चौंकाने वाली है, क्योंकि इससे पहले यूएस स्थित कल सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम को - जिसमें रॉब वाल्टन (वालमार्ट) और हैम्प (फोर्ड) परिवार साझेदार थे - इस फ्रेंचाइजी का नया मालिक घोषित किया गया था। यह वही फ्रेंचाइजी है जिसने 2008 में आईपीएल के पहले सीजन में खिताब जीता था। यह टीम अभी आईपीएल 2026 में अच्छा प्रदर्शन कर रही है और प्लेऑफ की ओर बढ़ रही हैद्ध टीम का युवा सितारा वैभव सूर्यवंशी शानदार खेल दिखा रहा है। समझौते के अनुसार, मित्तल परिवार मुख्य मालिक होगा और फ्रेंचाइजी का नियंत्रण उसी के पास रहेगा। फ्रेंचाइजी में उनकी हिस्सेदारी लगभग 75 प्रतिशत होगी, जबकि आदर पूनावाला की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत होगी। बाकी 7 प्रतिशत हिस्सेदारी मौजूदा निवेशकों के पास रहेगी, जिनमें मनोज बदाले भी शामिल हैं - जो मजेदार बात यह है कि पहले इस फ्रेंचाइजी के मुख्य मालिक थे। कंसोर्टियम ने एक संयुक्त बयान में कहा, ष्श्री बदाले राजस्थान रॉयल्स को अपना समर्थन देना जारी रखेंगे। वे अतीत और वर्तमान के बीच एक सेतु का काम करेंगे और क्रिकेट के क्षेत्र में अपने गहरे ज्ञान और अनुभव से फ्रेंचाइजी को लाभ पहुंचाएंगे।ष इस अधिग्रहण में आरआर की दक्षिण अफ्रीका और कैरेबियन में स्थित सहायक कंपनियां - पार्ल रॉयल्स और बारबाडोस रॉयल्स - भी शामिल हैं। संयुक्त बयान में कहा गया है, ष्इस सौदे को पूरा करना कुछ सामान्य शर्तों पर निर्भर है। इनमें बीसीसीआई, सीसीआई, आईपीएल गवर्निंग काउंसिल और अन्य संबंधित नियामक प्राधिकरणों से मंजूरी मिलना शामिल है। उम्मीद है कि यह प्रक्रिया 2026 की तीसरी तिमाही तक पूरी हो जाएगी।ष जिन लोगों के नाम बताए गए हैं, उनके अलावा आदित्य मित्तल और श्रीमती वनीशा मित्तल-भाटिया भी इस कंसोर्टियम का हिस्सा होंगे। मित्तल परिवार का राजस्थान राज्य से गहरा नाता है। लक्ष्मी मित्तल का जन्म और पालन-पोषण उत्तरी राजस्थान के सादुल. पुर गांव में हुआ था। लक्ष्मी मित्तल ने एक संयुक्त बयान में कहा कि मेरा परिवार राजस्थान से है, इसलिए आईपीएल में ऐसी कोई दूसरी टीम नहीं है जिसका हिस्सा मैं राजस्थान रॉयल्स के अलावा बनना चाहूं। मैंने पहली बार स्कूल में क्रिकेट खेला था, और तब से मैं इस खेल का प्रशंसक रहा हूं।



यूके में रहने वाले भारतीय मूल के कारोबारी ने फ्रेंचाइजी की 1.65 अरब डॉलर, मौजूदा विनिमय दर के हिसाब से15 ,660 करोड़ रुपये भारी भरकम कीमत लगाई

# पंजाब ने दिया गुजरात को 164 रनों का टारगेट

**अहमदाबाद।** आईपीएल में रविवार के दूसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को 164 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टास जीतकर गेंदबाजी चुनी।

पंजाब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन बनाए। टीम ने 47 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से सूर्यांश शेडगे ने मार्कस स्टोयनिस के साथ 44 बाल पर 79 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर 100 पार पहुंचाया। शेडगे ने 29 बाल पर 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि स्टोयनिस 40 रन बनाकर आउट हुए। गुजरात की ओर से जेसन होल्डर ने 4 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा को 2-2 विकेट मिले पंजाब की पारी के आखिरी ओवर में राशिद खान ने 14 रन दिए। मार्को यानसन ने उनकी तीसरी बाल पर छक्का और चौथी बाल पर चौका लगाकर स्कोर 150 पार पहुंचाया।

हालांकि, राशिद ने 5वीं बाल पर उन्हें आउट भी कर दिया। 18वें ओवर में जेसन होल्डर ने मार्कस स्टोयनिस (40 रन) और जेवियर बार्टलेट (जीरो) को पवेलियन भेजा। वे 4 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने श्रेयस अय्यर (19 रन) और नेहल वाधेरा (0)लेट के आउट होने के बाद पंजाब ने विजयकुमार वैशाख को इम्पैक्ट प्लेयर बनाया।

# रायपुर आईपीएल के जोश के लिए तैयार

**रायपुर।** मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस महीने रायपुर में आईपीएल का जश्न मनाने के लिए तैयार है। टीम मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दो जबरदस्त मुकाबले खेलेगी, जिससे पूरे छत्तीसगढ़ में क्रिकेट प्रेमियों के बीच भारी उत्साह है।

ये बहुप्रतीक्षित मुकाबले 10 मई और 13 मई को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में होंगे। उम्मीद है कि ए मुकाबले राज्य की राजधानी को आईपीएल का एक बड़ा केंद्र बना देंगे, क्योंकि प्रशंसक लीग के कुछ सबसे बड़े सितारों और सबसे लोकप्रिय टीमों को मैदान पर खेलते देखने के लिए तैयार हैं। आरसीबी और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले के टिकट शनिवार को बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए, जबकि आरसीबी और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाले मुक. ाबले के टिकट रविवार को आरस. ीबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। चूंकि आरसीबी मौजूदा आईपीएल चैंपियन के तौर पर इन मुकाबलों में उतर रही है, इसलिए मैचों को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है, खासकर उन प्रशंसकों में जो मध्य भारत में बेहतरीन टी20 क्रिकेट का अनुभव लेना चाहते हैं। नॉन-हॉस्पिटैलिटी स्टैंड के टिकटों की कीमतें 2,500 रुपये और 3,500 रुपये तय की गई हैं, जबकि हॉस्पिटैलिटी एक्सेस की कीमत 8,000 रुपये रखी गई है।

# आखिरी स्थान से बचने को भिड़ेंगे मुंबई व लखनऊ

**मुंबई।** आईपीएल तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुप. रजायंट्स आखिरी स्थान पर आने से बचने की उम्मीद के साथ वानखेड़े स्टेडियम में सोमवार की रात भिड़ेंगी। दोनों टीमों के चार-चार अंक हैं। मुंबई नौंवे और लखनऊ दसवें स्थान पर हैं।

सात दिन के ब्रेक के बाद वापसी कर रही लखनऊ सुपर जायंट्स को उम्मीद होगी कि इस आराम से उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मिली दिल तोड़ने वाली हार से उबरने में मदद मिली होगी। वह मैच सुपर ओवर में जाकर उनके हाथ से फिसल गया था। मोहसिन खान की शानदार गेंदबाजी (5/23)-जो इस सीजन का पहला पांच विकेट हॉल था-ने शाम को रोशन कर दिया था, जिसके बाद मोहम्मद शमी के आखिरी गेंद पर लगाए गए छक्के ने एलएसजी को मैच टाई कराने में मदद की थी। जैसा कि भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर अक्सर आईपीएल के तनाव भरे मुकाबलों के दौरान कहते हैं, कि टी-20 क्रिकेट में खुद पर तरस खाने की गुंजाइश बहुत कम होती है, और एलएसजी भी यह बात अच्छी तरह जानती है कि उन्हें अब जल्द से जल्द आगे बढ़ना होगा। ऋषभ पंत की टीम आठ मैचों में चार अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे है, फिर भी टीम के खेमे में माहौल काफी आशावादी बना हुआ है। टीम मैनेजमेंट का मानना है कि अभी भी छह मैच बाकी हैं, जो टीम की किस्मत बदलने के लिए काफी हैं-खासकर तब, जब ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर -बल्लेबाज जोश इंगलिस अब चयन के लिए उपलब्ध हैं। वहीं दूसरी ओर, मुंबई इंडियंस को एक कहीं ज्यादा मुश्किल हकीकत का सामना करना पड़ रहा है।

आईपीएल तालिका में पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर मौजूद और पिछले मुकाबले में चेन्नई सुपर किग्स से करारी हार झेल चुकी मुंबई के पास अब समय बहुत कम बचा है। प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें अब यहां से लगभग हर मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। और फिर भी, वानखेड़े में मुंबई को कमजोर समझना हमेशा ही जोखिम भरा होता है।



आईपीएल 2026 की तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स उम्मीदों के साथ वानखेड़े स्टेडियम में आमने-सामने होगी

# यूक्रेन की मार्टा कोयुक ने जीता मैड्रिड ओपन

**मैड्रिड।** यूक्रेन की मार्टा क्योयुक ने मीरा आंद्रीवा को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन और डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर अपना पहला खिताब जीता। दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी ने अपनी रूसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-3, 7-5 से जीत हासिल की, और स्पेन की राजधानी में जीतने वाली शीर्ष 20 से बाहर की केवल दूसरी खिलाड़ी बन गईं।

इस स्तर पर अपने पहले फाइनल में जीतने के बाद, 26वीं वरीयता प्राप्त क्योयुक ने कहा, ष्अभी यहां खड़े होकर अविश्वसनीय महसूस हो रहा है। इस मुकाम तक पहुंचने में मुझे कई साल लगे, और इस समय मेरे मन में जो एक शब्द आ रहा है, वह है 'लगातार बने रहना' - हर दिन मौजूद रहना, चाहे काम कितना भी मुश्किल क्यों न हो, और चाहे आप अपने काम को कितना भी पसंद या नापसंद क्यों न करते हों। मुझे लगता है कि पिछले कुछ सालों में मैंने यह काम बहुत अच्छे से किया है, इसलिए मुझे खुद पर और अपनी टीम पर बहुत गर्व है।ष 23 साल की क्योयुक ने शुरुआती सेट में 4-2 की बढ़त बनाने के लिए पहली बार ब्रेक लिया। हालांकि, पहले सेट पॉइंट पर उन्होंने 'डबल-फॉल्ट' कर दिया, लेकिन नौवीं वरीयता प्राप्त आंद्रीवा के शॉट के कोर्ट से बाहर चले जाने पर उन्होंने दूसरा सेट पॉइंट जीत लिया। क्योयुक ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही आंद्रीवा की सर्विस तोड़ दी, लेकिन 19 साल की आंद्रीवा ने तुरंत वापसी करते हुए क्योयुक की सर्विस तोड़ दी। इसके बाद, चौथे और पांचवें गेम में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की सर्विस तोड़ते हुए गेम जीते। पिछले गेम में क्योयुक द्वारा दो सेट पॉइंट बचाने के बाद, आंद्रीवा ने 6-5 के स्कोर पर 'डबल-फॉल्ट' कर दिया, जिससे उनकी प्रतिद्वंद्वी को मैच जीतने के लिए सर्विस करने का मौका मिल गया। क्योयुक ने मैच जीतने के लिए तीन 'चैम्पियनशिप पॉइंट' बनाए। हालांकि, वह पहले दो पॉइंट हार गईं, लेकिन दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी आंद्रीवा ने तीसरे पॉइंट पर शॉट कोर्ट से बाहर मार दिया। इसके साथ ही, डब्ल्यूटीए 1000 स्तर के तीन फाइनल मैचों में यह आंद्रीवा की पहली हार थी। यह क्योयुक का डब्ल्यूटीए टूर पर तीसरा और इस सीजन का दूसरा खिताब है। इससे दो हफ्ते पहले ही उन्होंने 'रूएन ओपन' का खिताब जीता था, जो क्ले कोर्ट पर खेला गया था। पुरुष युगल के फाइनल में, ग्रेट ब्रिटेन के हेनरी पैटन और उनके फर्निश जोड़ीदार हैरी हेलियोवारा ने एक लंबे चले अंतिम सेट के बाद मैनुअल गिनार्ड और गुइडो आंद्रेओजी की जोड़ी को हरा दिया।



दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी ने अपनी रूसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-3, 7-5 से जीत हासिल की

# जैकी श्रॉफ ने 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन (डब्ल्यूसीआईए) द्वारा आयोजित 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 की आधिकारिक शुरुआत शनिवार को शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई।

यह आयोजन सहनशक्ति, प्रतिभा और समावेशी खेलों के एक प्रेरणादायक उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट, जो 3 मई से 10 मई, 2026 तक चलेगा, इसमें देश भर की शीर्ष टीमें एक रोमांचक सुपर 5 ग्रैंड फाइनल फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो भारत में व्हीलचेयर क्रिकेट के उच्चतम स्तर को प्रदर्शित करेगा। प्रसिद्ध अभिनेता जैकी श्रॉफ ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और आधिकारिक तौर पर चैंपियनशिप का उद्घाटन किया।

खिलाड़ियों के जुनून और दृढ़ संकल्प से गहरे तौर पर प्रभावित होकर, उन्होंने एक प्रेरणादायक संदेश साझा किया: ष्मेरा सभी के लिए संदेश है कि जिदगी में बिदास रहो। ए खिलाड़ी बहुत अच्छा खेल रहे हैं। मैंने इन खिलाड़ियों को देखा और उनके जुनून को देखकर मैं अभिभूत हूं।

उन्होंने पैरा-स्पोर्ट्स (दिव्यांग खेलों) के प्रति अधिक समर्थन की आवश्यकता पर भी जोर दिया: ष्मैं हर साल यहां आना चाहता हूं और इन खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि प्रायोजक भी इनका समर्थन करें। बड़ी कंपनियां आगे आएं और इन्हें प्रायोजित करें।

इस आयोजन के महत्व को बढ़ाते हुए, डीसीसीआई के सचिव रवि कांत चौहान ने खेलों में संस्थागत समर्थन और समावेशिता के महत्व पर प्रकाश डाला कि 5वीं राष्ट्रीय व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप इन एथलीटों के अविश्वसनीय दृढ़ संकल्प और भावना का एक प्रमाण है। इस तरह के मंच यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण हैं कि प्रतिभा को शारी. रिक सीमाओं से परे पहचाना जाए। हम उन पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो समावेशिता को बढ़ावा देती हैं और विशेष रूप से सक्षम खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए समान अवसर प्रदान करती हैं।



# हमारे लिए एथलीटों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है : आईटीटीएफ

**लंदन।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस फेडरेशन (आईटीटीएफ) ने लंदन में वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप फाइनल्स में सुरक्षा जांच के दौरान एक महिला एथलीट के 'अनुचित शारीरिक संपर्क' की रिपोर्ट के बाद कहा कि एथलीटों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है।

आईटीटीएफ ने कहा कि वर्ल्ड टेबल टेनिस और स्थानीय आयोजक इस दावे से ष्बहुत परेशानष हैं। इसकी जांच की जा रही है। आईटीटीएफ ने कहा, ष्हर एथलीट हर समय और हर जगह सुरक्षित, सम्मानित और सुरक्षित महसूस करने का हकदार है। जो बताया गया है वह पूरी तरह से मंजूर नहीं है। हम यह पूरी तरह स्पष्ट करना चाहते हैं: हमारे एथलीटों की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।ष टेबल टेनिस गवर्निंग बॉडी ने कहा, ष्इस प्रतियोगिता के आयोजक में शामिल कोई भी पार्टी एथलीटों की भलाई से समझौता करने वाले किसी भी काम को बर्दाश्त नहीं करेगी, और हम उम्मीद करते हैं कि इस मामले को पूरी गंभीरता से लिया जाएगा। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सभी भागीदारों का सम्मान सुरक्षित रहे और ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए कदम उठाए जाएं। उल्लेखनीय है कि शनिवार को पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट में, चीनी ताइपे महिला टीम की कोच झेंग जियाकी ने कहा कि ष्मैच से पहले सिक्योरिटी चेक के दौरान एक बहुत ही गंभीर और गलत घटना हुई।ष झेंग ने पोस्ट किया, ष्सिक्योरिटी स्टाफ के एक सदस्य ने हमारी खिलाड़ी के साथ अनुा. चत शारीरिक संपर्क किया। जो सेक्सुअल हैरेसमेंट हो सकता है, और खिलाड़ी के रास्ते में रुकावट डाली। लंदन वर्ल्ड टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप 10 मई तक चलेगी।

# मुंबई टी-20 लीग: 10 लाख में बिके अर्जुन तेंदुलकर

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने शनिवार को टी20 मुंबई लीग के बहुप्रतीक्षित चौथे सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सफलतापूर्वक पूरी कर ली।

इससे पूर्व पहली महिला लीग की नीलामी की सफलता के बाद, पुरुषों की फ्रेंचाइजियों ने अपनी टीमों को अंतिम रूप देने के लिए बोली की मेज पर जोरदार मुकाबला किया, जिसमें उन्होंने जाने-माने अंतर्राष्ट्रीय सितारों और शहर की सबसे होनहार उभरती प्रतिभाओं का मेल बिठाया। सीजन 4 की नीलामी में बोलियों की जोरदार जंग देखने को मिली, जिसमें ऑलराउंडर आकाश पारकर सबसे कीमती खिलाड़ियों में से एक बने उन्हें सोबो मुंबई फाल्कन्स ने 12 लाख रुपये में खरीदा। विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रसाद पवार 11.50 लाख रुपये) और हरफनमौला मुशीर खान 11 लाख रुपये को आर्क्स अंधेरी ने अपने इरादे साफ करते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इससे पहले, लीग ने आइकॉन खिलाड़ियों की एक जबरदस्त सूची की पुष्टि की थी, जो अपनी-अपनी फ्रेंचाइजियों की अगुवाई करेंगे। इस सूची में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और मुंबई के दिग्गज शामिल हैं, जिनमें सूर्यकुमार यादव ट्रंफ नाइट्स मुंबई नार्थ ईस्ट, श्रेयस अय्यर सोबो मुंबई फालकन्सत्र, अजिक्य रहाणे नार्थ मुंबई पैंथर्स, शिवम दुबे आर्क्स अंधेरी, यशस्वी जायसवाल बांद्रा ब्लास्टर्स, शार्दुल ठाकुर ईगल ठाणे स्ट्राइकर्स, सरफराज खान आकाश टाइगर्स और तुषार देशपांडे एमएससी मराठा रॉयल्स शामिल हैं। इस नीलामी ने भविष्य के सितारों के लिए एक लॉन्चपैड के तौर पर लीग की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया। अर्जुन तेंदुलकर आकर्षण का मुख्य केंद्र बने रहेद्ध उन्हें आर्क्स अंधेरी ने 10 लाख रुपये में खरीदा। दूसरी ओर, युवा सनसनी आयुष म्हात्रे और सूर्यांश शेडगे को ट्रंफ नाइट्स ने अपनी टीम के मुख्य खिलाड़ियों के तौर पर बरकरार रखा। एमसीए के प्रेसिडेंट, अजिक्य नाइक ने कहा: ष्टी20 मुंबई लीग देश के सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी घरेलू टी20 प्लेटफॉर्म्स में से एक के तौर पर लगातार आगे बढ़ रही है। ऑक्शन में हमने जो जबरदस्त जोश देखा, वह मुंबई में मौजूद टैलेंट की गहराई और इस इकोसिस्टम पर फ्रेंचाइजियों के भरोसे, दोनों को दिखाता है। अब जब खिलाड़ियों का एक मजबूत कोर तैयार हो चुका है, तो हम एक ऐसे सीजन के लिए तैयार हैं जो क्रिकेट की क्वालिटी, मुकाबले और कुल मिलाकर स्टैंडर्ड के मामले में एक नया बेंचमार्क सेट करेगा।ष लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन, राजदीप गुप्ता ने कहा ऑक्शन ने फिर मुंबई की क्रिकेटिंग पाइपला. इन की ताकत को उजागर किया है। फ्रेंचाइजियों ने अप्रोच में काफी सोच कर फैसले लिए हैं, और अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ उभरते हुए टैलेंट का संतुलित मिश्रण तैयार किया है।



मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने टी-2 मुंबई लीग के बहुप्रतीक्षित चौथे सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सफलतापूर्वक पूरी की, बोलियों में जोरदार जंग देखने को मिली

# शटडाउन के दौरान लाइन चालू करने से संविदा लाइनमैन की मौत, जेई समेत कर्मचारी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** बिजली विभाग की कथित लापरवाही ने रविवार को एक संविदा लाइनमैन की जान ले ली। 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन पर मरम्मत के दौरान शटडाउन हटाकर लाइन चालू कर देने से करंट लगने से लाइनमैन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। रामपुर घोघर निवासी सर्वेश कुमार उर्फ छोटू पुत्र शिव कुमार बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन था। रविवार को क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर उसे रामपुर घोघर लाइन की खराबी सुधारने भेजा गया था। सर्वेश ने नियमानुसार सुरजन नगर बिजली घर से शटडाउन लेकर काम शुरू किया था। चश्मदीदों और परिजनों का आरोप है कि जब सर्वेश खंभे पर मरम्मत कर रहा था, तभी बिजली घर के कर्मचारियों ने बिना सूचना शटडाउन हटाकर लाइन चालू कर दी। 11 हजार वोल्ट का करंट लगने से सर्वेश तारों के बीच ही बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने उसे उतारकर निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। आरोप है कि जेई प्रेम प्रकाश पटेल और अन्य लाइन कर्मचारी मौके पर पहुंचने के बजाय मोबाइल बंद कर फरार हो गए। प्राथमिक जांच में शटडाउन हटाने का आदेश जेई द्वारा देने की बात सामने आ रही है। सूचना पर सुरजन नगर चौकी प्रभारी ओमकार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजन दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने संविदा कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल उठाए। पुलिस ने निष्पक्ष जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व विभागीय जांच के आधार पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।






# स्मार्ट मीटर के खिलाफ आप का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर व्यवस्था के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिले के विद्युत उपकेंद्रों पर एकत्र होकर स्मार्ट मीटर के खिलाफ नाराजगी जताई और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर की प्रतिकात्मक तस्वीरें जलाकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर आम उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। पार्टी का कहना है कि पहले जहां बिजली बिल करीब 1500 रुपये आता था, वहीं अब यह बढ़कर 6000-7000 रुपये तक पहुंच रहा है। साथ ही प्रीपेड मीटर व्यवस्था में अग्रिम भुगतान के बावजूद 10-12 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।आप नेताओं ने कहा कि प्रदेश में लगाए गए लाखों स्मार्ट मीटरों में अधिकांश प्रीपेड हैं, जिनकी कार्यप्रणाली और बिलिंग प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 4ळ सिम आधारित मीटरों की योजना भी किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। नेटवर्क की कमी के चलते मीटर सही ढंग से काम नहीं कर पा रहे, जिससे सिंचाई प्रभावित हो रही है और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।पार्टी ने आरोप लगाया कि इस योजना को लागू करने से पहले न तो पर्याप्त जनजागरूकता अभियान चलाया गया और न ही इसकी तकनीकी व वित्तीय समीक्षा सार्वजनिक की गई। इसे उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन बताया गया।ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग की गई कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था पर तत्काल रोक लगाई जाए, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही आम जनता और किसानों को राहत देने के लिए पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग भी की गई।प्रदर्शन में सैकड़ो की तादात में महिला व पुरुष एवं प्रांतीय अध्यक्ष इंजी हैदर अली, जिला महासचिव शिव कुमार राय, जिला मीडिया प्रभारी दानिश मलिक,महानगर अध्यक्ष एडवोकेट त्रिलोकचंद दिवाकर, महानगर महासचिव एडवोकेट मो.जीशान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष मास्टर बदलू, जिला उपाध्यक्ष सुशील सागर,विधानसभा अध्यक्ष 25 कांठ शफीक मुत्वल्ली, मोहम्मद सलमान, अनस मलिक, श्रम प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सैयद रेहान अली,आशिक अली सैफी जाकिर हुसैन आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व यज्ञ दिवस पर महानगर में अनेक घरों में हुए यज्ञ



**मुरादाबाद।** आज विश्व यज्ञ महानगर की सभी आर्य समाजों में तथा व्यक्तिगत रूप से भी आर्य परिवारों में यज्ञ करके पर्यावरण रक्षार्थ परमपिता परमात्मा से कामना की। आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर वृहद यज्ञ किया गया। पं वीरेंद्र आर्य ने रामाशंकर आर्य -प्रभा आर्य, की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात शिवम् आर्य और ज्ञानप्रकाश कार्य ने ईश्वर भक्ति भजन प्रस्तुत किये। डा राम मुनि, सूर्य प्रकाश द्विवेदी, अमरनाथ आर्य और कपिल मुनि ने वैदिक रीति से यज्ञ की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर डा अभय श्रोत्रिय रमेश सिंह आर्य एडवोकेट डा आलोक कुमार अरविन्द आर्यबंधु मयंक आर्य निर्मल आर्य राकेश कुमार आर्य निहाल सिंह संतोष कुमार गुप्ता अर्जुन सिंह, लोकेश आर्य अजब सिंह आर्य रविंद्र आर्य आदि उपस्थित रहे।

### विद्युत समस्याओं को लेकर प्रदर्शन, अवर अभियंता टीएन भास्कर को सौंपा ज्ञापन




**मुरादाबाद।** विद्युत समस्याओं को लेकर सैकड़ों महिला-पुरुषों ने पाकबड़ा विद्युत केंद्र पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अवर अभियंता टी.एन. भास्कर को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की बिजली समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की।प्रदर्शन में प्रांतीय अध्यक्ष इंजी. हैदर अली, जिला महासचिव शिव कुमार राय, जिला मीडिया प्रभारी दानिश मलिक, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट त्रिलोकचंद दिवाकर, महानगर महासचिव एडवोकेट मो. जीशान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष मास्टर बदलू, जिला उपाध्यक्ष सुशील सागर, विधानसभा अध्यक्ष 25 कांठ शफीक मुत्वल्ली, मोहम्मद सलमान, अनस मलिक, श्रम प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सैयद रेहान अली, आशिक अली सैफी, जाकिर हुसैन समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के शिक्षकों को भी मिलेगा बढ़े मानदेय का लाभ

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में पढ़ाने वाले अंशकालिक शिक्षकों को भी अब 9961 के बजाय हर माह 17,000 रुपये प्रति माह मानदेय मिलेगा। जानकारी के अनुसार दिल्ली में हुई समग्र शिक्षा 3.0 की उच्चस्तरीय बैठक में अंशकालिक शिक्षकों के वेतन में वृद्धि का निर्णय किया गया है।वर्तमान में कस्तूरबा के अंशकालिक शिक्षकों को ईपीएफ काटकर प्रतिमाह 9961 रुपये मानदेय मिलते हैं। इससे प्रदेश के करीब 2,000, देशभर के करीब 5500 अंशकालिक शिक्षक लाभांवित होंगे। इनके वेतन का 60 फीसदी हिस्सा केंद्र और 40 फीसदी राज्य देते हैं। समग्र शिक्षा अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजी. बीवी) में पढ़ा रहे अंशकालिक शिक्षकों को परिषदीय विद्यालयों के अनुदेशक के समकक्ष माना जाता है और वेतन भी उन्हीं के बराबर दिया जाता था। अप्रैल 2026 से राज्य सरकार ने अनुदेशकों का वेतन 17000 कर दिया, लेकिन कस्तूरबा के अंशकालिक शिक्षकों को लाभ नहीं मिला। पिछले दिनों कस्तूरबा बालिका विद्यालय शिक्षक-शिक्षणेतर यूनियन ऑल इंडिया समेत अन्य संगठनों ने केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को प्रत्यावेदन भेजे थे, जिसमें कार्यरत अंशकालिक शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मियों के अत्यंत अल्प मानदेय पर काम करने का मुद्दा उठाया गया था।

### कुंदरकी के पंजाब नेशनल बैंक में शॉर्ट सर्किट से आग, कुछ देर बंद रहा कामकाज

**कुंदरकी।** नगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक में शनिवार दोपहर अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की घटना सामने आई, जिससे बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। जानकारी के अनुसार इन्वर्टर से निकली चिंगारी के कारण आग लगी, जो वायरिंग तक पहुंच गई। आग लगते ही बैंक में मौजूद ग्राहकों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति को संभालने के लिए कर्मचारियों ने एहतियातन मुख्य गेट बंद कर दिया, ताकि किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सके। तकनीकी खराबी के चलते बैंक का कामकाज कुछ समय के लिए बाधित रहा जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बाद में इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर बिजली व्यवस्था को ठीक कराया गया, जिसके बाद कामकाज फिर से सामान्य हो गया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।



# एबाकस विश्व चैंपियनशिप में चन्दौसी के छात्रों का रहा शानदार प्रदर्शन

**चन्दौसी।** गाजियाबाद स्थित एबीईएस आईटी कॉलेज में 26 अप्रैल को एबाकस विश्व चौंपियनशिप-2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 30 देशों के लगभग 800 छात्रों ने भाग लिया। कॉग्निटो एबाकस सेंटर चन्दौसी के 15 छात्रों ने इसमें भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में व्योम वार्ष्णेय ने मात्र 08 मिनट में 200 प्रश्न हल कर विश्व चौंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं अनय त्यागी, अनिका शर्मा, दित्य गुप्ता और कृधा उपविजेता रहे। इसके अतिरिक्त कार्तिकेय, वेदांत, वेदिका, सांची, काश्वी, दिवित, अनिका और सूर्यांश सिंह ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। केंद्र के 06 छात्रों ने एबाकस स्नातक उपाधि भी प्राप्त की। बता दें कि एबाकस एक वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया मेंटल मैथ्स प्रोग्राम है, जो बच्चों के मस्तिष्क के विकास पर केंद्रित होता है। यह उन्हें कम उम्र से ही मजबूत विश्लेषणात्मक और समस्या-समाधान क्षमता विक. सित करने में मदद करता है। इस तकनीक के माध्यम से बच्चे कल्पना और दृश्यांकन के जरिए गणना करना सीखते हैं, जिससे उनकी स्मरण शक्ति, एकाग्रता और समग्र मानसिक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। नियमित प्रशिक्षण के बाद बच्चे 'मानव कैलकुलेटर' की तरह बिना पेन, कागज या कैलकुलेटर के तेज और सटीक गणना करने में सक्षम हो जाते हैं। बता दें कि शहर के रामनौमी मोहल्ला स्थित इस केंद्र का संचालन वंदना अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देकर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार कर रही हैं।

# सीएम से मिलीं पूर्व सांसद की पत्नी, क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** पूर्व सांसद स्वर्गीय कुँवर सर्वेश कुमार उर्फ राकेश सिंह की पत्नी साधना सिंह ने रविवार को लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ल्वहप ।कपजलंदंजी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के विकास, अधूरे प्रोजेक्ट्स और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान साधना सिंह ने अपने दिवंगत पति द्वारा क्षेत्र में शुरू कराए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कई महत्वपूर्ण योजनाएं अभी अधूरी हैं, जिन्हें पूरा कराया जाना क्षेत्र की जनता के हित में बेहद जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में जर्जर सड़कों की मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने और पेयजल व बिजली व्यवस्था में सुधार जैसे मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए। साधना सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि विकास योजनाओं को गति देकर लोगों को राहत पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार जनहित से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य गांव से लेकर शहर तक संतुलित विकास सुनिश्चित करना है, ताकि हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने साधना सिंह को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा कराकर आवश्यक कदम जल्द उठाए जाएंगे।



# बिलारी के रहमतनगर में मातम: गुरुग्राम में पति ने पत्नी और चार मासूम बच्चों की ली जान, इलाके में सनसनी

**बिलारी/गुरुग्राम।** बिलारी कस्बे के मोहल्ला रहमतनगर निवासी एक युवक द्वारा हरियाणा के गुरुग्राम में अपनी पत्नी और चार मासूम बच्चों की हत्या किए जाने की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। इस दर्दनाक वारदात से बिलारी समेत पूरे क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलारी निवासी नाजिम पुत्र नवाबजान अपनी पत्नी नजमा और चार बच्चों के साथ गुरुग्राम के वजीरपुर इलाके में रहकर सैलून का काम करता था। बताया जा रहा है कि बीती रात 1/2 मई 2026 को नाजिम ने पहले पत्नी और बच्चों को कथित रूप से नशीला पदार्थ दिया, जिसके बाद उनकी हत्या कर दी।

घटना के बाद आरोपी ने स्वयं भी चाकू से अपना गला और हाथ की नसें काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पांच शव बरामद हुए, जबकि घायल नाजिम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार आरोपी ने पुलिस पूछताछ में पत्नी और बच्चों को जहर देकर मारने की बात कही है। प्रारंभिक जांच में आर्थिक तंगी और कर्ज को लेकर घर में अक्सर विवाद होना सामने आया है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। शनिवार देर शाम पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद पत्नी और चारों बच्चों समेत पांचों शव बिलारी थाना क्षेत्र पहुंचने की सूचना है, जहां गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इस हृदयविदारक घटना से रहमतनगर मोहल्ले सहित पूरे बिलारी क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

# आईएफटीएम में 'कॅरियर काउंसलिंग' विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल द्वारा अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कॅरियर काउंस. लिंग' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करती हैं तथा उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कॅरियर मार्गदर्शन विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्टता प्रदान करता है और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन व आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एल्युमिनाई एसोसिएशन (आईयूएए) के हेड डॉ. निखिल



गुप्ता ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही कॅरियर योजना, कौशल विकास तथा आत्मविश्वास सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने लक्ष्य निर्धारण, व्यक्तित्व विकास तथा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. गुप्ता ने यह भी बताया कि विद्यार्थियों को अपने कॅरियर के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण रखते हुए निरंतर अपने कौशल का विकास करना चाहिए। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से यह भी बताया कि उचित मार्गदर्शन एवं सकारात्मक सोच के साथ विद्यार्थी अपने कॅरियर में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

इस मौके पर कार्यक्रम की निदेशिका व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों को कॅरियर बनाने में सही दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के कौशल-आधारित एवं मार्गदर्शनपरक कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

कार्यक्रम का आयोजन स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की संयोजिका एवं कार्यक्रम समन्वयिका डॉ. आरती गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की सदस्या सुश्री नम्रता श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल के सदस्य श्री अक्षय शर्मा, सुश्री ज्योति, डॉ. अर्चना, डॉ. चारू दत्ता एवं श्री आकाश कुमार मौर्या उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में 120 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# आईएफटीएम में 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित हुई नारा लेखन प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज की ओर से 'मिशन शक्ति- 5' के अंतर्गत 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ नारी के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है, ताकि उन्हें रोजगार, शिक्षा एवं आर्थिक तरक्की में बराबरी के मौके मिल सके और वे सामाजिक स्वतंत्रता और तरक्की प्राप्त कर सकें। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बीए, जर्नलिज्म, द्वितीय सेमेस्टर के शिवम कुमार प्रथम, बीए, द्वितीय सेमेस्टर की रिमी गंगवार द्वितीय तथा बीए, चतुर्थ सेमेस्टर की सानिया तृतीय स्थान पर रहीं, जिन्हें डॉ. 'आर्य' ने प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजकुमारी सिंह एवं डॉ. मोहित मिश्रा निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ एजुक. ेशन एंड ह्यूमैनिटीज के निदेशक डॉ. मोहन लाल 'आर्य' ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षित और सशक्त महिला पूरे समाज को बदल सकती है, इसलिए बालिकाओं को अपना कॅरियर बनाने में हम सभी को मिलजुल कर काम करना होगा। वहीं प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ. सारिका दुबे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्कूल के विभिन्न विभागों के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ-चढ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही। प्रतियोगिता के दौरान कई शिक्षकों की भी उपस्थिति रही।



# आरटीई में मुफ्त दाखिले की प्रक्रिया में देरी से अभिभावक परेशान

**चन्दौसी।** आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया इस बार देरी का शिकार हो गई है, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही है। पहले दो चरण पूरे होने के बाद अब तीसरे चरण की सूची का इंतजार लंबा खिंच रहा है। सैकड़ों अभिभावक रोजाना पोर्टल चेक कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई अपडेट सामने नहीं आया है। अभिभावकों का कहना है कि सामान्यत: मार्च में ही सभी सूचियां जारी हो जाती थीं, लेकिन इस बार देरी से प्रवेश प्रक्रिया की रफ्तार धीमी पड़ गई है। वहीं, निजी स्कूलों में दाखिले शुरू हो जाने से अभिभावकों को डर सता रहा है कि कहीं उनके बच्चों का प्रवेश प्रभावित न हो जाए। जानकारी के अनुसार, आरटीई के तीसरे चरण के लिए कुल 793 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 788 आवेदन जांच के बाद सही पाए गए, जबकि पांच आवेदन निरस्त कर दिए गए। लॉटरी प्रक्रिया के बाद 559 बच्चों का चयन किया गया, जबकि 229 बच्चे चयन से बाहर रह गए। चयनित बच्चों को आगे स्कूल आवंटन के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। नए शिक्षा सत्र में आरटीई के तहत निजी स्कूलों में करीब चार हजार सीटों पर नि:शुल्क प्रवेश होना है। बेसिक शिक्षा विभाग ने आवेदन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी कराई है, जिसमें पहले और दूसरे चरण की लॉटरी के जरिए बच्चों को स्कूल आवंटित किए जा चुके हैं और कई स्थानों पर प्रवेश भी शुरू हो चुके हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि तीसरे चरण की प्रक्रिया अंतिम दौर में है और जल्द ही लॉटरी के माध्यम से सूची जारी कर दी जाएगी। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा में संबंधित स्कूलों में प्रवेश लेना होगा। अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें।



# महंगाई की मार

पिछले करीब दो महीने से पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई हैं, उसमें रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की आपूर्ति बाधित होने के साथ ही महंगाई की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में भारत में भी महंगाई के बेलगाम होने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मगर ऐसा लगता है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ही सरकार ने जरूरी चीजों की कीमतों की लगाम को थाम के रखा हुआ था। गौरतलब है कि शुक्रवार को खाना पकाने के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानबे रूपए की भारी बढ़ोतरी कर दी गई। वहीं चूंकि सामान्य घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है, इसलिए पांच किलो गैस वाले छोटे सिलेंडर उपलब्ध तो कराए जा रहे हैं, लेकिन उसकी कीमत में भी दो सौ इकसठ रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई और अब इसके लिए उपभोक्ताओं को आठ सौ दस रूपए पचास पैसे देने होंगे। इसके अलावा, विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्य में भी वृद्धि की गई है। कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। मसलन, केवल वाणिज्यिक गैस सिलेंडर को ही देखें, तो इसकी कीमत अब तीन हजार रूपए से भी ज्यादा हो गई है। जाहिर है, होटल, ढाबे या खाना पकाने का व्यवसाय करने वाले लोग अगर इसका उपयोग करेंगे, तो सीधे-सीधे इसका असर खाने-पीने की चीजों की कीमतों और लोगों की थाली पर पड़ेगा। संभव है कि कम आय वाले लोगों के व्यवसाय पर भी इसका विपरीत असर पड़े। फिर इस बात की क्या गारंटी है कि जिन कारणों से वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा करने को उचित ठहराया जा रहा है, उसी तरह के दूसरे कारण से आने वाले दिनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। आखिर छोटे सिलेंडर की कीमत में खासी बढ़ोतरी कर ही दी गई है, जिसका उपयोग आमतौर पर प्रवासी मजदूर से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग करते हैं। इसी तरह, अब यह कहना मुश्किल है कि विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्यों में वृद्धि केवल यहीं तक रुक जाएगी। अभी से आम उपयोग वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जाने लगी है। जाहिर है, एक ऐसा दौर शुरू हो चुका है, जिसमें महंगाई का दुश्चक्र आने वाले दिनों में और ज्यादा जटिल होता दिख रहा है। खासतौर पर डीजल की कीमतों में इजाफे के बाद ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और इसके बाद चौतरफा महंगाई की मार सबके लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। वैश्विक स्तर पर पसरी अस्थिरता की वजह से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हाल के दिनों में जो सुस्ती देखी जा रही है, बाजार भी तेज उतार-चढ़ाव से गुजर रहा है, उसमें एक बड़ी आबादी रोजी-रोजगार के सवालों से जूझ रही है।

# महाशक्ति के पतन का कारण मासूमों की शहादत





**तनवीर जाफरी**

अमेरिका व इस्राईल द्वारा गत 28 फरवरी से ईरान पर किए गए संयुक्त हमलों में हालांकि ईरान में मरने वालों की संख्या सूत्रों द्वारा अलग अलग बताई जा रही है। परन्तु अनुमानतः इन हमलों में अब तक लगभग 6,000 से भी अधिक ईरानी नागरिकों लोगों के मारे जाने की संभावना है। जबकि लगभग 26,500 से भी अधिक लोगों के घायल होने के आंकड़े सामने आए हैं। परन्तु ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली खामनेई, अनेक उच्चस्तरीय नेता,अधिकारी व वैज्ञानिकों की हत्या से भी अधिक चर्चा ईरान में हुए जिस एक हमले को लेकर हो रही है वह है दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक प्राइमरी स्कूल पर 28 फरवरी को अमेरिकी वायु सेना द्वारा किया गया वह हमला जिसने हमले के समय स्कूल में पढ़ रहे 168 मासूम बच्चों को शहीद कर दिया। ईरान ने मुख्य रूप से इसी एक हमले को रेखांकित करते हुए विश्वशांति की बात करने वाले अमेरिका को पूरी दुनिया में बेनकाब करने की मुहिम चलाई। इतना ही नहीं बल्कि इसी हमले ने मानवीय संवेदना रखने वाले कई अमेरिकी सांसदों व उच्चाधिकारियों को भी आवाज उठाने को मजबूर किया।

याद कीजिए गत 10 अप्रैल 2026 को जब एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका से बात चीत करने के मकसद से इस्लामाबाद पहुंचा था और अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वार्ता का नेतृत्व कर रहे थे उस समय ईरानी प्रतिनिधिमंडल जिस रु डपदइ 168 अंकित विमान में बैठकर इस्लामाबाद आया था उस विमान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। ईरानी स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ, ईरानी विदेश मंत्री अरागची व ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने इसी # Minab 168 नामक विमान से ही तेहरान से पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस विमान में आगे की 168 सीटों पर अमेरिकी हमले में शहीद हुए बच्चों की तस्वीरें रखी गईं। हर सीट पर उनके खून से सने हुए क्षतिग्रस्त स्कूल बैग व शहीद बच्चों के जूते व साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि देने हेतु फूल भी रखे गए थे। यह पहला मौका था जबकि ईरान जैसे किसी साहसी देश ने स्वयं को महाशक्ति बताने वाले अमेरिका के वास्तविक क्रूर चेहरे को इस निराले अंदाज से बेनकाब किया था। # Minab 168 विमान केवल पाकिस्तान ही नहीं आया बल्कि अरागची 26-27 अप्रैल को इसी विमान पर सवार होकर इस्लामाबाद और ओमान के दौरे के बाद रूस भी पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से महत्वपूर्ण मुलाकात की।

अमेरिका में भी मिनाब के शहीद मासूमों का खून सर चढ़कर बोलता दिखाई दे रहा है। इस हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप को राजनी. तिक और सड़क स्तर पर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। डेमोक्रेट्स द्वारा साफ तौर पर इसे गैर जिम्मेदाराना अमेरिकी हमला मानकर ट्रंप प्रशासन से इस हमले की जिम्मेदारी स्वीकार करने की मांग रहे हैं। क्योंकि जांच में अमेरिकी टोमाहॉक मिसाइल इस्तेमाल होने की पुष्टि हो चुकी है। यह मिसा. इल केवल अमेरिका के पास ही है। अमेरिकी डेमोक्रेट सांसदों ने पेंटागन से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से जवाब भी तलब किया है। इन अमेरिकी सीनेटर्स ने इसे हताहत होने वाला दशकों का सबसे बुरा नागरिक मामला बताया है साथ ही ट्रंप प्रशासन पर अपनी जवाबदेही स्वीकार न करने का भी आरोप लगाया गया है। कई सीनेटर्स तो इसे अमेरिकी सेना की ष्भयानक गलतीष भी बता रहे हैं। इसी मिनाब घटना को लेकर अमेरिका में कई जगह सड़कों पर भी प्रदर्शन हुए हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर सैन फ्रांसिस्को, शिकागो और मिल्वौकी तक में कई जगह में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और उन्होंने हैंड्स ऑफ ईरान के नारे लगाए। यहां की कैपिटल हिल पर प्रतीकत्मक रूप से बच्चों के स्कूल बैग रखकर विरोध प्रदर्शन हुआ। इसमें कई डेमोक्रेट सांसद भी शामिल हुए थे। हद तो यह है कि व्हाइट हाउस के बाहर इसी अप्रैल में हुए व्यापक प्रदर्शनों में ट्रंप को युद्ध अपराधी बताकर उसे हटाने की भी जोरदार मांग हुई।

बहरहाल, इस्राईल हो या उसका संरक्षक अमेरिका,इन दोनों ही देशों ने विश्व अनेक देशों में युद्धापराध अंजाम देने के अनेक क्रूरतम इतिहास लिखे हैं। सही मायने में तो युद्धापराध अंजाम देने के यह आदी हो चुके हैं। याद कीजिए 1960-70 के मध्य लंबे समय तक चले वियतनाम युद्ध को। यही अमे. रिका है जिसने बड़ी बेरहमी से यहां लाखों लोगों की हत्याएं की थीं। इनमें एक दिल दहलाने वाली घटना दक्षिण वियतनाम के माई लाई गांव में हुई थी जहां न केवल 500 से अधिक निहत्थे नागरिकों जिनमें महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग शामिल थे की हत्या की गई थी बल्कि उनका सामूहिक बलात्कार किया गया उनके शवों का जलाया गया व अपमान किया गया था। पूरे के पूरे कई गांव जला दिए गए थे। इसी तरह 2003 के ईराक युद्ध के दौरान अबूगरेब जेल में कैदियों की प्रताड़ना के अलावा इराक में कई नागरिक नरसंहार की घटनाएं हुईं।

इसी तरह अफगानिस्तान में भी नागरिक हत्या, बलात्कार जैसे कई कारनामे उजागर हुए थे। अमेरिका की तर्ज पर इस्राईल भी लेबनॉन,पश्चिमी किनारे व गजा के इलाकों में मानव नरसंहार के कई इतिहास लिख चुका है। यह तो इतने क्रूर हैं कि भूखे बच्चों को पहले खाने पानी की लालच देकर भीड़ इकठी करते हैं उसके बाद उन मजबूरों को खाना पानी देने के बजाए उनपर बंबारी कर हत्याएं कर देते हैं। इस्राईली प्रधानमंत्री तो इस समय अंतर्राष्ट्रीय अदालत का वांछित मुजरिम भी है परन्तु इस बार इनका पाला पड़ा था ईरान में मिनाब के मासूमों से। इनकी चीख पुकार व बद्दुआएं पूरे विश्व में इस कद्र गूंज रही हैं कि मानवीय ]दय रखने वाले अमेरिकी भी इस घटना से सदमे में हैं तथा वे यह महसूस कर रहे हैं कि यह घटना कहीं वैश्विक अमेरिकी चौधर के पतन का कारण न बन जाए।

## श्रीमुख से...

### स्मार्ट मीटर में बेईमानी संभव, तो ईवीएम में क्यों नहीं



जनता इस बात को बखूबी जानती थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई का ग्राफ ऊपर जाएगा, और आज वही हो रहा है, भाजपा अपने करीबियों को ज्यादा मुनाफा कमाने से नहीं रोक रही है, जिसके कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है, हमें तब तक नहीं रुकना चाहिए जब तक हम अपना लक्ष्य हासिल न कर लें, समाजवादी सरकार में बांटे गए लैपटॉप आज भी सुचारू रूप से चल रहे हैं, जिन्हें डिजिटल डिवाइड खत्म करने के उद्देश्य से दिया गया था, यदि स्मार्ट मीटर में बेईमानी संभव है, तो ईवीएम में गड़बड़ी क्यों नहीं हो सकती, भाजपा भय का माहौल बनाकर चुनाव लड़ती है, पश्चिम बंगाल में जनता का चुनाव है और ममता बनर्जी ही वहां बनी रहेंगी, अकेले गोरखपुर में ही हजारों शिक्षकों के पद कम हो गए हैं, जिससे पूरे प्रदेश की चिंताजनक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**-अखिलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# किन्नरों को जबरन वसूली का अधिकार नहीं



**विनीत नारायण**

हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक किन्नर की याचिका पर नेग के नाम पर जबरन वसूली को गैर कानूनी करार दिया है। अदालत ने इस तरह की वसूली को भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध बताया है। यह केस उत्तर प्रदेश के गौंडा जिले के किन्नर रेखा देवी की याचिका पर सुना जा रहा था। जिसमें रेखा देवी ने अपनी जजमानी का इलाका निर्धारित करने की अदालत से मांग की थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि इलाकों की भौगोलिक सीमा स्पष्ट ना होने के कारण, प्राय: किनारों के अलग-अलग समूहों के बीच झड़पें व हिंसा तक होती है। पर अदालत ने इस याचिका को खारिज करते हुए उक्त निर्णय सुनाया।

यह सही है कि घर में खुशी के मौके पर, जैसे पुत्र या पुत्री का जन्म, विवाह या नए घर में गृह-प्रवेश के अवसर पर किन्नर बधाई देने आते हैं और नाच गा कर अपना नेग मांगते हैं। भारत में यह अनूठी प्रथा हजारों सालों से चली आ रही है। इसकी जड़ें पौराणिक काल में हैं।

सबसे प्रसिद्ध और व्यापक रूप से स्वीकृत कथा रामायण से जुड़ी है। जब भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के लिए अयोध्या से जाते हैं, तो वे लोगों द्धपुरुषों और स्त्रियोंक्ष को वापस लौट जाने को कहते हैं। किन्नर (जो न पुरुष हैं न स्त्री) इस आदेश से खुद को बंधा नहीं मानते और राम की प्रतीक्षा में वहीं रह जाते हैं। 14 वर्ष बाद राम लौटते हैं तो उनकी इस भक्ति से प्रसन्न होकर राम उन्हें वरदान देते हैं कि शुभ अवसरों पर उनका आशीर्वाद विशेष रूप से फलीभूत होगा। इसी वरदान को बधाई की परंपरा का मूल माना जाता है। किन्नर समुदाय गाते-बजाते, तालियां बजाते हुए आशीर्वाद देते हैं और बदले में नेग द्धदक्षिणा या उपहारक्ष लेते हैं। यह मान्यता है कि उनकी उपस्थिति और आशीर्वाद नकारात्मक ऊर्जा दूर करती है और सौभाग्य लाती है। यह कथा वाल्मीकि रामायण और तुलसीदास की रामचरितमानस दोनों में मिलते हैं।

इसी तरह महाभारत में अर्जुन का बृहन्नला रूप (तीसरे लिंग वाला) और शिखंडी जैसे पात्र तीसरे लिंग की मान्यता दिखाते हैं। लगभग 400 ईसा पूर्व लिखे गएकामसूत्र में किन्नरों का स्पष्ट उल्लेख है। वेदों, पुराणों और अन्य शास्त्रों में भी किन्नरों का जिक्र मिलता है। किन्नरों को गायन, नृत्य और आध्यात्मिक शक्ति से जुड़ा माना जाता था। कई विद्वान और स्रोत इस समुदाय की उपस्थिति को 4000 वर्ष से अधिक पुरानी बताते हैं। मुगल काल में हिजड़ों की भूमिका और संगठित हुई। वे हरम की रखवाली, दरबा. री सेवाएं और प्रशासन में महत्वपूर्ण स्थान रखते थे। बधाई की परंपरा इस काल में अधिक प्रचलित और संरचित रूप में चली, जहां वे शुभ अवसरों पर नृत्य-गान करके आशीर्वाद देते और नेग प्राप्त करते थे। दिल्ली सल्तनत और मुगल साम्राज्य में उनकी सांस्कृतिक-सामाजिक स्थिति मजबूत थी। अंग्रेजों ने 1871 के क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के तहत किन्नरों को अपराधी घोषित कर दिया, जिससे उनकी पारंपरिक आजीविका और सम्मान प्रभावित हुआ। आजादी के बाद यह कघनून समाप्त कर दिया गया। इस तरह बधाई-नेग की परंपरा उत्तर भारत, खासकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार आदि में आज भी जीवित है। कुछ राज्यों में सरकार ने नेग की दरें तय करने की कोशिश भी की है। पर उसमें विशेष कामयाबी नहीं मिली। इसी अस्पष्टता का लाभ उठा कर किन्नर समुदाय प्राय: अपने जजमानों से जबरन वसूली करता है। कभी-कभी तो वसूली का तरीका बहुत अभद्र होता है। जिसमें जजमान के परिवार के सामने निर्वस्त्र हो जाना, भद्दी गालियां देना, बद्दुआएं देना और डराना धमकाना।

कभी-कभी यह सब नाटक इस सीमा तक हो जाता है कि भयभीत जजमान अपनी आर्थिक हैसियत से कई गुना ज्यादा दे कर पिंड छुड़ाता है। ऐसी वसूली को नेग कतई नहीं कहा जा सकता। यह सरासर गुंडई और अवैध वसूली का तरीका है, जिस पर स्थानीय पुलिस और प्रशासन को लगाम लगानी चाहिए। इसके साथ ही कई बार ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं जब बाकायदा सम्पूर्ण पुरुष होते हुए भी मर्द, स्त्री का रूप धारण कर किन्नर होने का दावा करते हैं और इस वसूली में अपनी ताकत दिखाते हैं। हमारी सामाजिक मान्यताओं के अनुसार किन्नरों का शुभ अवसरों पर आकर गाना बजाना और बधाई देना शुभ माना जाता है। समाज इनका खुशी से स्वागत करता है और ऐसे अवसरों पर अड़ोसी-पड़ोसी जुट कर इनके साथ हास-परिहास भी करते हैं। यह एक स्वस्थ परंपरा है। प्राय: छोटे शहरों और कस्बों में किन्नरों के समूह कई पीढ़ियों तक अपने जजमान परिवारों से जुड़े रहते हैं और उनकी सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद देते हैं। देखा जाए तो सभी किन्नर संपन्न नहीं होते। वे अभावों में पलते हैं। उनकी आर्थिक, शैक्षिक या स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा का उचित इंतजाम नहीं होता।

फिर भी वे पारस्परिक सहयोग से अपना जीवन यापन कर लेते हैं। ऐसे में किन्नरों को नाचने गाने या भीख मांगने से हटा कर छोटे व्यवसायों या नौकरियों में लगाने की जिम्मेदारी, सरकार और समाज दोनों की है। जिससे वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। पर आपराधिक तरीके से जबरन वसूली करने वाले किन्नरों से परिवारों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस को तत्परता से निभानी चाहिए, जबकि ऐसा नहीं होता। इस समस्या को भी गंभीरता से लेने की जरूरत है।

# मुल्तानी समाज : देश निर्माण में भागीदार, मगर पहचान की दरकार



**शगुफ्ता मिर्जा**

भारत की सामाजिक संरचना में कई ऐसे समुदाय हैं, जिन्होंने अपने श्रम, कौशल और समर्पण से देश की नींव को मजबूत किया, लेकिन समय के साथ उनका योगदान कहीं न कहीं उपेक्षा का शिकार हो गया। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण समुदाय है मुल्तानी समाज, जिसे पारंपरिक रूप से पैदाइशी इंजीनियर के रूप में जाना जाता है। लोहार और बढ़ई के रूप में उनकी पहचान केवल पेशा नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही एक वैज्ञानिक और तकनीकी परंपरा का प्रतीक है। अपने समाज के उत्थान के बारे में सोच रही हैं इसी सोच के तहत उन्होंने मुल्तानी बिरादरी को लेकर बताया कि इतिहास में मुल्तानी बिरादरी का गौरवशाली योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज का इतिहास अत्यंत समृद्ध और गौरवपूर्ण रहा है। प्राचीन और मध्यकालीन भारत में जब युद्ध होते थे, तब इस समाज के कारीगर राजा-महाराजाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले अस्त्र-शस्त्र तैयार करते थे। तलवार, भाले, बरछी, ढाल जैसे हथियारों के निर्माण में उनकी विशेष दक्षता थी। उनकी बनाई गई युद्ध सामग्री न केवल मजबूत होती थी, बल्कि युद्ध के दौरान सैनिकों की सुरक्षा और विजय में अहम भूमिका निभाती थी। शगुफ्ता मिर्जा ने बताया कि केवल युद्ध ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कृषि क्षेत्र में भी मुल्तानी समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। इस समाज ने किसानों के लिए हल, बैलगाड़ी, कुदाल, फावड़ा, दरांती जैसे उपकरण तैयार किए, जिससे खेती अधिक आसान और उत्पादक बनी। आधुनिक युग में भी इस समाज के कारीगर कृषि यंत्रों के निर्माण और मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनका मानना है कि यदि उस समय यह तकनीकी उपकरण उपलब्ध न होते, तो कृषि उत्पादन इतना प्रभावी नहीं हो पाता। इस दृष्टि से मुल्तानी समाज ने भारत को सोने की चिड़िया बनाने में प्रत्यक्ष योगदान दिया। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज की सबसे बड़ी विशेषता उसका हुनर आधारित ज्ञान है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होता आया है। बिना किसी औपचारिक डिग्री के, इस समाज के कारीगर जटिल तकनीकी कार्यों को बड़ी कुशलता से अंजाम देते हैं। धातु को आकार देना, लकड़ी को उपयोगी संरचना में बदलना, औजारों की डिजाइनिंग और उनकी मजबूती सुनिश्चित करना ए सभी कार्य उनकी व्यावहारिक इंजीनियरिंग क्षमता को दर्शाते हैं।

**वर्तमान स्थिति और चुनौतियां**

इतिहास में इतने बड़े योगदान के बावजूद, आज मुल्तानी समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। बदलते समय के साथ मशीनों और बड़े उद्योगों के आने से पारंपरिक कारीगरों का काम प्रभावित हुआ है। आर्थिक संसाधनों की कमी, तकनीकी प्रशिक्षण का अभाव और सरकारी योजनाओं तक सीमित पहुंच के कारण यह समाज मुख्यधारा से पीछे रह गया है। उनका कहना है कि हर सरकार ने मुल्तानी समाज के योगदान को नजरअंदाज किया है।

न तो उनके पारंपरिक कौशल को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए गए और न ही युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल पाए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि मुल्तानी समाज के पारंपरिक कौशल को सरकारी स्तर पर मान्यता दी जाए। स्किल डेवलपमेंट योजनाओं से जोड़ा जाए कारीगरों को

**उनकी बनाई गई युद्ध सामग्री न केवल मजबूत होती थी, बल्कि युद्ध के दौरान सैनिकों की सुरक्षा और विजय में अहम भूमिका निभाती थी। शगुफ्ता मिर्जा ने बताया कि केवल युद्ध ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले कृषि क्षेत्र में भी मुल्तानी समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। इस समाज ने किसानों के लिए हल, बैलगाड़ी, कुदाल, फावड़ा, दरांती जैसे उपकरण तैयार किए, जिससे खेती अधिक आसान और उत्पादक बनी। आधुनिक युग में भी इस समाज के कारीगर कृषि यंत्रों के निर्माण और मरम्मत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनका मानना है कि यदि उस समय यह तकनीकी उपकरण उपलब्ध न होते, तो कृषि उत्पादन इतना प्रभावी नहीं हो पाता। इस दृष्टि से मुल्तानी समाज ने भारत को सोने की चिड़िया बनाने में प्रत्यक्ष योगदान दिया। मुल्तानी समाज की सबसे बड़ी विशेषता उसका हुनर आधारित ज्ञान है।**

आर्थिक सहायता और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्लेटफॉर्म दिए जाएं। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज के जागरूक लोग अब विभिन्न माध्यमों विशेषकर मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए अपने समुदाय की पहचान और योगदान को सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका उद्देश्य है कि देश को मुल्तानी समाज का असली, देशभक्त और मेहनतकश चेहरा दिखाया जाए, ताकि उन्हें वह सम्मान और अवसर मिल सके जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने बताया कि मुल्तानी समाज केवल एक कारीगर वर्ग नहीं, बल्कि भारत की तकनीकी और आर्थिक प्रगति का आधार रहा है। आज आवश्यकता है कि इस समाज के योगदान को स्वीकार कर उसे सशक्त बनाया जाए। यदि उचित समर्थन और अवसर मिलें, तो यह समुदाय एक बार फिर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि मुल्तानी समाज देश की उस मजबूत नींव की तरह है, जिस पर भारत की समृद्धि की इमारत खड़ी है बस जरूरत है उसे पहचानने और संवारने की।

# बलूचों के हमलों से यूएस-पाक माइनिंग प्रोजेक्ट संकट में

## कीमत करीब 64000 करोड़, 4 महीने पहले 500 लड़ाकों ने 58 लोगों की हत्या की थी



■ हमलावरों ने बैंक, पुलिस स्टेशन, जेल और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया
■ कई जगहों पर आगजनी की गई और मुख्य सड़कों को जाम कर दिया गया

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बढ़ती हिंसा ने अमेरिका-पाकिस्तान के रेको डिक माइनिंग प्रोजेक्ट को संकट में डाल दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी वैल्यू करीब 7.7 अरब डॉलर (64000 करोड़) है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के 500 से ज्यादा लड़ाकों ने 31 जनवरी को बलूचिस्तान के कई इलाकों में हमला कर 58 लोगों की हत्या कर दी थी, जिससे रेको डिक माइनिंग प्रोजेक्ट की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए।

हमलावरों ने बैंक, पुलिस स्टेशन, जेल और सरकारी इमारतों को निशाना बनाया। कई जगहों पर आगजनी की गई और मुख्य सड़कों को जाम कर दिया गया, जिससे क्वेटा और कराची के बीच कनेक्टिविटी प्रभावित हुई। कुछ हमलावरों ने आत्मघाती विस्फोट भी किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने आटोमैटिक राइफल और ग्रेनेड लान्चर जैसे आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। इनमें से कुछ हथियार अफगानिस्तान में 2021 के बाद छोड़े गए अमेरिकी हथियार बताए जा रहे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इतने बड़े स्तर पर हमला बिना लोकल समर्थन, मजबूत नेटवर्क और पर्याप्त हथियारों के मुमकिन नहीं है। हमलों का असर बलूचिस्तान के सबसे महत्वपूर्ण खनन प्रोजेक्ट रेको डिक पर पड़ा। यह क्षेत्र सोना और तांबे के बड़े भंडार के लिए जाना जाता है। हमलों के बाद इस साइट तक जाने वाले रास्ते कई दिनों तक बंद रहे, जिससे आपरेशन प्रभावित हुआ। यह प्रोजेक्ट अमेरिका और पाकिस्तान के बीच आर्थिक साझेदारी का केंद्र माना जा रहा है। अमेरिका ने इस प्रोजेक्ट में करीब 1.3 अरब डॉलर निवेश की घोषणा की है, जबकि कुल निवेश 2 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। कनाडा की बैरिक माइनिंग कंपनी ने सुरक्षा कारणों से प्रोजेक्ट की गति धीमी कर दी है और 2027 तक देरी की बात कही है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर रेको डिक प्रोजेक्ट प्रभावित होता है, तो अमेरिका-पाकिस्तान साझेदारी को बड़ा झटका लग सकता है। पिछले कुछ सालों में बीएलए के हमले अधिक संगठित और तकनीकी रूप से मजबूत हुए हैं। यह संगठन अब सिर्फ सुरक्षा बलों ही नहीं, बल्कि नागरिकों और विदेशी निवेश को भी निशाना बना रहा है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में बीएलए अपने हमलों को 'आजादी की लड़ाई' के रूप में पेश करता है, जिससे उसे स्थानीय युवाओं का समर्थन मिल रहा है। बलूचिस्तान में अलगाववाद की शुरुआत 1948 में पाकिस्तान के गठन के बाद हुई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उनके क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों का फायदा बाहरी कंपनियां और केंद्र सरकार उठाती हैं, जबकि उन्हें रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलतीं। इसी असंतोष के कारण शिक्षित युवाओं का एक वर्ग भी उग्रवाद की ओर झुक रहा है। बलूचिस्तान की सीमा ईरान और अफगानिस्तान से लगती है। ऐसे में इन देशों में अस्थिरता का सीधा असर इस क्षेत्र पर पड़ता है। पाकिस्तानी अधिकारियों को आशंका है कि अगर ईरान के पूर्वी हिस्से में हालात बिगड़ते हैं, तो बीएलए जैसे संगठन और मजबूत हो सकते हैं और सीमा पार से हमले बढ़ सकते हैं।



प्रयागराज। राष्ट्रीय पात्रता-सह प्रवेश परीक्षा (NEET&UG) में शामिल होने से पहले उम्मीदवारों की जांच करते हुए।

## चीन ने अपनी कंपनियों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों को किया खारिज

**मॉस्को।** चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने एक नया नियम जारी कर अमेरिका के उन प्रतिबंधों पर रोक लगा दी है जो पांच चीनी तेल कंपनियों पर लगाए गए थे। चीन ने साफ कर दिया है कि वह अपने देश में अमेरिकी प्रतिबंधों को न तो मान्यता देगा और न ही इनका पालन करेगा। अमेरिकी प्रशासन ने अप्रैल में ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे एक अभियान के तहत पांच चीनी कंपनियों को निशाना बनाया था। इनमें 'हेंगली पेट्रोकेमिकल' भी शामिल है। अमेरिका का आरोप है कि ये कंपनियां ईरान से तेल खरीदकर उसकी मदद कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नौसेना प्रमुख का म्यांमार में गार्ड ऑफ आनर के साथ स्वागत

**नेपीडा।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने अपनी म्यांमार यात्रा दौरान दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को नई दिशा देने पर जोर दिया। उनका यह दौरा हिंद महा. सागर क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने के मकसद से अहम माना जा रहा है। इस दौरान उन्होंने म्यांमार नौसेना के फ्रिगेट यूएमएस क्यान सित थार पर सवार होकर वहां की स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमता और नौसेना बेड़े की ताकत के बारे में जानकारी ली।

### भारतीय सैन्य दल अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए कंबोडिया रवाना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एक दल भारत-कंबोडिया द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास सिनबैक्स-द्वितीय में हिस्सा लेने के लिए रविवार को कंबोडिया रवाना हो गया। यह अभ्यास सोमवार से 17 मई तक कंबोडिया के कंम्पोंग स्प्यू प्रांत स्थित तेचो सेन फ्नोम थॉम म्रियास प्रांतीय रॉयल कंबोडियन एयर फोर्स प्रशिक्षण केंद्र (कैम्प बेसिल) में होगा। मित्र देशों के साथ भारत के सतत रक्षा सहयोग के तहत कंबोडिया के साथ यह द्विपक्षीय अभ्यास वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बदलते परिदृश्य में विशेष महत्व रखता है।

### तमाम तरह की स्वतंत्रता प्रेस की आजादी पर टिकी: एंटोनियो गुटेरेस

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रविवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दुनिया भर में पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करने और सच्चाई बताने वालों को सुरक्षित रखने का आह्वान किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता के बिना मानवाधिकार, निरंतर विकास और शांति की कल्पना नहीं की जा सकती।

# अमेरिका की नाक के नीचे से निकला ईरानी सुपर टैंकर

## अमेरिकी नौसेना की सख्त नाकेबंदी को चकमा देकर होर्मुज से दो हजार करोड़ का तेल किया पार

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच लुकाछिपी के खेल में एक ताजा रिपोर्ट ने विश्वभर में खलबली मचा कर रख दी है। मानिटरिंग फर्म टैंकरट्रैकर्सडाटकाम ने दावा किया है कि ईरान का एक बहुत बड़ा तेल का जहाज अमेरिकी नौसेना की सख्त नाकेबंदी को चकमा देकर बाहर निकल गया है। यह जहाज अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहुंच गया है।

इस घटना से अमेरिका की पहरेदारी पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि समुद्र में दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर है। दरअसल, अमेरिका ने ईरान को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिए उसके तेल व्यापार पर रोक लगाने की कोशिश की है। इसके लिए अमेरिकी नौसेना ने समुद्र में कड़ी नाकेबंदी कर रखी है। लेकिन, ट्रैकिंग फर्म की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान का एक विशाल जहाज अमेरिका की इस नाकेबंदी को भेदने में सफल रहा है। यह जहाज कोई छोटा-मोटा जहाज नहीं है, बल्कि यह अपने अंदर लाखों बैरल कच्चा तेल लेकर जा रहा है। इस घटना ने यह दिखा दिया है कि ईरान अपने तेल को बेचने के लिए नए-नए और छुपे हुए रास्ते निकाल रहा है। मानिटरिंग फर्म टैंकरट्रैकर्सडाटकाम के मुताबिक, ईरान का यह जहाज करीब 1.9 मिलियन बैरल कच्चा तेल लेकर वहां से निकला है। इस भारी मात्रा में मौजूद तेल की कीमत लगभग 220 मिलियन डॉलर आंकी गई है। इस विशाल जहाज (वेरी लार्ज क्रूड कैरियर या वीएलसीसी) का संबंध नेशनल इरानियन टैंकर कंपनी से बताया जा रहा है। ट्रैकिंग फर्म ने जानकारी दी है कि इस खास जहाज की पहचान ह्यूज नाम से की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस जहाज को आखिरी बार करीब डेढ़ हफ्ते पहले श्रीलंका के समुद्री इलाके के पास देखा गया था। फिलहाल यह विशाल तेल टैंकर लोमबोक स्ट्रेट के रास्ते से होकर रिओ आर्किपेलेगो (द्वीप समूह) की दिशा में आगे बढ़ रहा है। फर्म ने बताया कि 13 अप्रैल को जब अमेरिकी नौसेना ने नाक. ेबंदी की घोषणा की थी, तब यह टैंकर ईरान के ही जलक्षेत्र में मौजूद था। इस जहाज ने 20 मार्च को स्ट्रेट ऑफ मलाका से ईरान के लिए रवाना होने के बाद अपना आटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (एआईएस) बंद कर दिया था। इससे इसकी लोकेशन ट्रैक करना काफी मुश्किल हो गया था। ईरानी सरकारी मीडिया ने 29 अप्रैल को दावा किया था कि उनके कम से कम 52 जहाज अमे. रिकी नाकेबंदी को तोड़ने में सफल रहे हैं। वहीं, अमेरिकी सेना के अधिकारियों का कहना है कि जब से नाकेबंदी शुरू हुई है, तब से उन्होंने ईरान से जुड़े करीब 41 जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर किया है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि उनकी यह नाकेबंदी काफी असरदार और प्रभावी साबित हो रही है। अमेरिका का कहना है कि इसके कारण ईरान अपना तेल निर्यात करने में असमर्थ हो रहा है और उसे तेल को स्टोर करने या उत्पादन रोकने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। शनिवार को न्यूज़ वेबसाइट एक्सियोस ने कुछ अधिकारियों के हवाले से एक बड़ी खबर प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका की इस समुद्री नाकेबंदी के कारण ईरान को काफी भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है। अमे. रिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन के आकलन के मुताबिक, इस नाकेबंदी से ईरान को लगभग 4.8 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अगर इसे भारतीय रुपयों में देखा जाए, तो यह नुकसान करीब 456 अरब रुपये (45600 करोड़ रुपये) के तेल राजस्व का है।



■ ईरानी जहाज अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में पहुंचा, घटना से अमेरिका की पहरेदारी पर सवाल खड़े हुए

### ईरान तेल उत्पादन में कर सकता है कटौती: रिपोर्ट

**मॉस्को।** ईरान ने कथित तौर पर अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी के चलते तेल उत्पादन में कटौती शुरू कर दी है। समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग ने एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह दावा किया है। एजेंसी ने कहा कि ईरान तेल उत्पादन में कटौती कर रहा है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, ईरानी इंजीनियर कुओं को बंद करने और गंभीर नुकसान पहुंचाए बिना उत्पादन को तुरंत फिर से शुरू करने में सक्षम हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए। अमेरिका और ईरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी और पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बाद में हुई बातचीत बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई। दोनों देशों के बीच फिलहाल किसी तरह की गोलीबा. री की कोई खबर नहीं है, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी। ब्लूमबर्ग के अनुसार, ईरानी इंजीनियर कुओं को बंद करने और गंभीर नुकसान पहुंचाए बिना उत्पादन फिर से शुरू करने में सक्षम हैं।

### इराक ने सीरिया के रास्ते शुरू किया तेल निर्यात

**बगदाद।** इराक ने सीरिया के अल-यारूबियाह बॉर्डर क्रासिंग के जरिए तेल निर्यात फिर से शुरू कर दिया है। 70 टैंकरों का एक काफिला इस रास्ते से सीरिया में दाखिल हुआ, जो पिछले 14 वर्षों में इस मार्ग से पहला ऐसा शिपमेंट है। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी एसएएनए के अनुसार, काफिले ने भूमध्यसागर तट पर स्थित बानियाज रिफाइनरी का रुख किया। अल-यारूबियाह क्रासिंग पर तैनात सीरियाई अधिकारियों ने कहा 14 साल बाद इस क्रासिंग का फिर से खुलना इराक और सीरिया के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की एक रणनीतिक पहल है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इससे व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को अधिक प्रभावी ढंग से सुगम बनाया जा सकेगा और दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी विकसित होगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब इराक अपने तेल निर्यात के लिए वैकल्पिक मार्ग तलाश रहा है, क्योंकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, अमेरिका-इजराश्ल और ईरान के तनाव के चलते बंद है। यह बॉर्डर क्रासिंग, जिसे इराक में राबिया के नाम से जाना जाता है, 2011 में सीरियाई गृहयुद्ध शुरू होने के बाद बंद कर दी गई थी।

# प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने को प्रतिबद्ध है सरकार: जरदारी

■ पाक राष्ट्रपति और पीएम ने जिम्मेदार पत्रकारिता सच्चाई और विश्वसनीय जानकारी की भूमिका पर जोर दिया

**इस्लामाबाद।** राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने और उसे आगे बढ़ाने के सरकार के संकल्प को दोहराया है।

गौरतलब है कि हर साल तीन मई को मनाए जाने वाले विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के इस साल का विषय 'शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण' है। द पाकिस्तान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार जरदारी और शरीफ ने रविवार को लोकतंत्र, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और मीडिया की स्वतंत्रता के लिए अनुकूल माहौल बनाने में जिम्मेदार पत्रकारिता, सच्चाई और विश्वसनीय जानकारी की भूमिका पर जोर दिया। जरदारी ने अपने संदेश में दुनिया भर के मीडिया कर्मियों को बधाई दी और प्रेस की स्वतंत्रता के लिए बढ़ते वैश्विक खतरों के प्रति आगाह किया, जिनमें गलत जानकारी, भ्रामक जानकारी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दुरुपयोग, एल्गोरिथम में हेरफेर, और शक्तिशाली टेक प्लेटफॉर्म तथा सोशल मीडिया कंपनियों का दबाव शामिल है। उन्होंने कहा कि ऐसी ताकतें सार्वजनिक विमर्श को विकृत कर सकती हैं और लो. कतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर सकती हैं।

# ट्रम्प ईरान की 14 सूत्री योजना की करेंगे समीक्षा

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान पर हमले फिर से शुरू करने की संभावना से इन्कार नहीं किया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह जल्द ही ईरान द्वारा अमेरिका को भेजे गए 14 सूत्री शांति प्रस्ताव की समीक्षा करेंगे और कहा कि इसके स्वीकार्य होने की संभावना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि मैं जल्द ही ईरान द्वारा अमेरिका को भेजी गई योजना की समीक्षा करूंगा लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह स्वीकार्य होगी क्योंकि उन्होंने पिछले 47 वर्षों में मानवता एवं विश्व के साथ जो किया है उसके लिए उन्होंने अभी तक पर्याप्त कीमत नहीं चुकाई है। ट्रम्प ने ईरान पर हमले फिर से शुरू करने की संभावना से इन्कार नहीं किया। फ्लोरिडा में पत्रकारों से इस मामले पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगर वे दुर्व्यवहार करते हैं, अगर वे कुछ गलत करते हैं तो यह एक संभावना है कि ऐसा हो सकता है लेकिन अभी हम देखेंगे। तसनीम समाचार एजेंसी के अनुसार, अमेरिका और इजरायल के साथ संघर्ष के लिए ईरान की शांति योजना में 14 बिंदु शामिल हैं और इसमें तेहरान को हर्जाना देना और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों के आवागमन के लिए एक नया तंत्र बनाना शामिल है। इससे पहले आईआरएनए ने खबर दी थी कि 30 अप्रैल को ईरान ने अपनी नई शांति योजना का मसौदा पाकिस्तान को सौंप दिया था। प्रकाशन के अनुसार, अमेरिका ने दो महीने के युद्धविराम का प्रस्ताव रखा है लेकिन ईरान का कहना है कि मुद्दों का समाधान 30 दिनों के भीतर होना चाहिए, जिससे युद्धविराम के नवीनीकरण के बजाय युद्ध की पूर्ण समाप्ति पर ध्यान केंद्रित हो गया है। तेहरान की प्रमुख मांगों में हर्जाना, सैन्य आक्रामकता की पुनरावृत्ति न होने की गारंटी, ईरानी परिधि से अमेरिकी सेनाओं की वापसी, होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी की समाप्ति और वहां जहाजों के आवागमन के लिए एक नया तंत्र स्थापित करना शामिल है। ईरान विदेशों में स्थित अपनी संपत्तियों को मुक्त करने और प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग कर रहा है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108


# नेपाल में समाचार समिति सहित 1200 अधिकारियों की सामूहिक बर्खास्तगी

■ नेपाल में नई सरकार ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रेस स्वतंत्रता और संस्थागत निरंतरता पर गंभीर बहस छेड़ी

**काठमांडू।** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहां दुनिया भर में स्वतंत्र पत्रकारिता, संस्थागत स्वायत्तता और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति की रक्षा की बात हो रही है, वहीं नेपाल में नई सरकार ने राष्ट्रीय समाचार समिति सहित विभिन्न सरकारी संस्थानों से 1200 से अधिक अधिकारियों की एक झटके में बर्खास्त करके प्रेस स्वतंत्रता और संस्थागत निरंतरता पर गंभीर बहस छेड़ दी है।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल द्वारा जारी अध्यादेश सार्वजनिक पदा. धिकारियों को पद से हटाने संबंधी विशेष प्रावधान अध्यादेश, 2026 के तहत 26 मार्च से पहले नियुक्त सभी सार्वजनिक पदाधिकारियों को स्वत: पदमुक्त कर दिया गया। इस कदम के दायरे में प्रशासनिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, नियामक और मीडिया संस्थान आदि आते हैं। इसे हाल के वर्षों में किए गए सबसे व्यापक प्रशासनिक सुधारों में से एक बताया जा रहा है। इस प्रावधान के तहत यह अनिवार्य है कि 26 मार्च से पहले की गई सभी नियुक्तियां स्वत: ही समाप्त मानी जाएंगी, चाहे उनका कार्यकाल, लाभ या नियुक्ति की शर्तें कुछ भी हों। प्रचलित कानूनों में कहीं और कही गई किसी भी बात के बावजूद, 26 मार्च से पहले की समय-सारिणी के अनुसार सार्वजनिक संस्थाओं में नियुक्त और वर्तमान में पद पर आसीन सार्वजनिक अधिकारियों को, इस अध्यादेश के लागू होते ही, उनके संबंधित पदों से स्वत: हटा दिया जाएगा कि दस्तावेज में यह कहा गया है।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)